7. Kothari U. (2002). Migration and Chronic Poverty, Chronic Poverty Research Centre. Working Paper No 16, Institute for Development Policy and Management, University of Manchester.
8. Long, L. H. (1973)," Migration Differentials by Education and Occupation Trends and Variations", Demography, 10, pp. 243-58. 31
9. Mangalam, J.J. (1968). "Human Migration: A Guide to Migration Literature in English 1955-1962", Lexington: University of Kentucky, pp. 6-19.
10. Mehta. B.C.." The salient features of Internal Migration in India and Rajasthan" 1978
11. Mosse D., Gupta S., and Shah V. (2005), 'On the Margins in the City: Adivasi Seasonal Labour Migration in Western India' Economic and! Political Weekly, vol. 40, no. 28, 9-15, July 2005, pp. 3025-3038.
12. Shanti K (2006), Female Labour Migration in India.
13. Verma S. (2011), 'Labour Market Dynamics in Post-MGNREGS Rural India, 2011.
14. What is migration and what are its causes? https://byjus.com/ias-questions/what-is-migration-and-what-are-its-causes/

****

आदर्श की प्रतिमूर्ति राम

यशवंत काछी* डॉ. राजेंद्र सिंह**

* शोधार्थी, तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष, तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – ईश्वर द्वारा विरचित इस समूचे ब्रह्मांड में पृथ्वी उस मायापति की सबसे सुंदर रचना है। इस धरा पर मनुष्यों ने कितने ही साध्य और असाध्य कार्यों को पूरा किया है। इन क्रियाकलापों के कारण एक साधारण सा मनुष्य महामानव, महापुरुष और महात्मा जैसी संज्ञाओं से विभूषित किया जाता रहा है। आदिम काल से लेकर वर्तमान काल तक इस धरती पर बहुत से महापुरुषों ने जन्म लिया। जिन्होंने मानव समाज के लिए कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। इन्हीं महापुरुषों में से एक ऐसे महामानव का नाम जीवन को सफल बनाने का मंत्र बन गया है। यह महान व्यक्तित्व मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम से संपूर्ण विश्व में जाना जाता है। राम का चरित्र समस्त चराचर के प्राणियों का पथ प्रदर्शक है। राम के चरित को लेकर कुछ मंदबुद्धि लोगों के द्वारा न जाने कितने ही आक्षेप लगाये गए, फिर भी ऐसे लोग राम की सुंदर छवि को धूमिल नहीं कर पाए। इसका कारण राम का सुंदर आचरण, उच्च आदर्श और कल्याणकारी कृत्य हैं।

शब्द कुंजी – आदर्श, मर्यादा, समाज, आचरण, वर्गभेद।

प्रस्तावना – राम का नाम सुनते ही हमारे समक्ष मर्यादा और आदर्शों के रंगों से बनाई गई, छवि उभर जाती है। हमारे सामने एक ऐसा व्यक्तित्व प्रकट होता है, जिसका सम्पूर्ण जीवन आदर्शों, मर्यादाओं, दया, करुणा, प्रेम, करुणा, कृपा आदि गुणों का महाकाव्य है। जिसका हृदय मानवता के अमृत से सराबोर है। जो अपने शत्रु से भी अनुनय-विनय करने को तत्पर रहता है, जो एक पक्षी (जटायु) को पितातुल्य मानकर उसके प्रति अपने पुत्रकर्म को विधिपूर्वक निर्वाहता है, जो दलितों, वंचितों को अपने गले लगाता है और उनके जूठे बेर भी खाता है, जो प्रकृति का सम्मान अपनी माँ की तरह से करता है और वानर, भालू और रीछों को अपना सहायक बना लेता है, जबकि वो एक चक्रवर्ती सम्राट का पुत्र है। राम का जीवन उदारता से परिपूर्ण है। जो अपने शत्रु के भाई को भी अपना मित्र बना लेता है। राम का सम्पूर्ण चरित्र ही हमें कुछ-न-कुछ सीख देता रहता है। यदि हम राम के बारे में यह कहें कि राम का चरित्र प्रेरणा का अजस्र स्रोत है। वह बहुरंगी एवं बहुआयामी मानवीय संबंधों को मर्यादा का शिखर प्रदान करता है, तो की बड़ी बात न होगी क्योंकि राम की कथा तो अनंत गुणों की खान होने के कारण अनंत है। इस संदर्भ में मानसकार लिखते हैं-

'हरि अनंत हरि कथा अनंता।
कहहिं सुनहिं बहुबिधि सब संता।।'[1]

लोगों के मन में यह प्रश्न उठता है कि राम में ऐसी कौन सी विशिष्टता है, जो राम को लोग इतना पूजते और मानते हैं? इस संदर्भ में आम जनमानस का उत्तार होता है कि उन्होंने भक्तों की रक्षा की और उनका उद्धार किया है। उन्होंने दुष्टों पर भी कृपा करके अपना परमधाम दिया है, जो ऋषि-मुनियों को भी दुर्लभ होता है। इस पर यह तर्क आता है कि पतितों, भक्तों और दुष्टों उद्धार और सज्जनों की रक्षा तो भगवान के प्रत्येक अवतार ने की है। फिर राम में ऐसा कौन सा गुण है, जिस कारण से वह हिंदू मानस के शिरोधार्य बने हुए हैं? तब इसका उत्तर इस प्रकार से दिया जा सकता हैं, कि 'सनातन काल से हिंदू मन पारिवारिक और सामाजिक संबंधों में उदात्ता आचरण को महत्व देता रहा है। राम ने अपने आचरण में घोर विपत्तियों को सहते हुए भी श्रेष्ठ पारिवारिक-सामाजिक मूल्यों को जिया। अत: हिंदू मन ने उन्हें सिर-माथे उठा लिया। राम का चरित्र हिंदू हृदय का सर्वाधिक वंदनीय आदर्श बन गया। राम जिन आदर्शों के लिए जिये, उन आदर्शों को तोड़ने वाले को हिंदू मन ने कभी क्षमा नहीं किया। कैकेयी और विभीषण इसके ज्वलंत उदाहरण हैं।'[2] आज भी रामकथा के इन दोनों पात्रों के प्रति जनमानस के मन में आदरभाव नहीं है। कोई व्यक्ति अपने पुत्र-पुत्री का नाम विभीषण और कैकेयी नहीं रखता है। त्रेता युग से लेकर वर्तमान युग तक इन दोनों के पश्चात् अन्य किसी का नाम इनके नाम पर नहीं रखा गया है। संसार का कोई भी समुदाय स्वनिर्मित उदात्त आदर्शों की अवहेलना नहीं सहता है। जो भी व्यक्ति समाज के उच्चतम आदर्शों की अवमानना करता है। वह समाज की दृष्टि से उतर जाता है और विरोधी समझा जाने लगता है। राम की महत्ता इसी रूप में सबसे अधिक है कि राम के आदर्श भारतीय समाज के आदर्श बन गये। जिस प्रकार अपने प्रिय भोजन का नाम सुनते ही जिह्वा को उसका रसास्वाद अनुभूत हो उठता है, उसी प्रकार राम का स्मरण करने मात्र से राम के आदर्श और गुण हमारे सामने प्रकट हो जाते हैं।

राम का चरित्र एक आदर्श पुत्र, शिष्य, भाई, प्रेमी, पति, मित्र, शत्रु और स्वामी की छवि प्रकट करता है। राम का जीवन आदर्शों की पराकाष्ठा की सीमा है। राम के अतिरिक्त शायद ही अन्य कोई ऐसा हुआ हो, जिसने अपने जीवन में समस्त संबंधों और कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए, अपने श्रेष्ठ आदर्शों को अक्षुण्ण रखा हो। राम एक साधारण मानव की तरह ही अपना जीवन-यापन करते हैं, लेकिन उनमें एक मर्यादा है, जो उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम बनाती है।

वर्तमान समय में पिता-पुत्र के संबंधों में जिस प्रकार का तनाव, दूरियाँ और मनमुटाव देखने को मिल रहा है। उसका एकमात्र कारण समाज में संस्कारों

की क्षीणता है। दिन-प्रतिदिन संस्कार और संस्कृति पश्चिमी सभ्यता के अंधानुकरण के कारण लुप्त होते जा रहे हैं। जब हम किसी ऐसी संस्कृति का अनुसरण करने लगते हैं जो हमें अपनी जड़ों से दूर करती है, तो ऐसी स्थिति में हम अपनी संस्कृति को भूलकर स्वयं के विकास का पथ अवरुद्ध कर लेते हैं। यदि एक आदर्श पुत्र के गुणों को समझना और जानना है, तो इसके लिए राम से श्रेष्ठ कोई उदाहरण नहीं सकता है। जिसका सम्पूर्ण जीवन ही आदर्शों की समुचित परिभाषा रहा है। हमारी संस्कृति में माता-पिता और गुरु को ईश्वरतुल्य माना गया है। जिनके चरणों में स्वर्ग है, उन चरणों का वंदन करके राम अपने दैनिक कार्यों को आरंभ करते हैं। वे प्रात:काल जागकर सर्वप्रथम माता-पिता और गुरुजनों को प्रणाम करते हैं।

'प्रातकाल उठि कै रघुनाथा।
मातु पिता गुरु नावहिं माथा।।'[3]

जब माता कैकेयी दुर्बुद्धि पाश में फँस जाती हैं और उसी के वशीभूत होकर अपने दो पूर्व वरदानों को राजा दशरथ से माँगती हैं। उन दो वरदानों में वे दशरथ से राम के लिए चौदह वर्ष का वनवास और भरत के लिए राज्य सिंहासन माँग लेती हैं। ऐसी विचित्र वरदानों को सुनकर विशेषकर राम के वनवास का वर सुन दशरथ मूर्च्छित होकर गिर पड़ते हैं। वहाँ से आकर कैकेयी ने जब राम से कहा कि महाराज ने तुम्हें चौदह वर्ष का वनवास दिया है, तो राम इस बात से क्रुद्ध या क्षुब्ध नहीं हुए। बल्कि उन्होंने प्रसन्नतापूर्वक अपने पिता की आज्ञा को शिरोधार्य किया और कैकेयी से मधुर वाणी में कहा-

'सुनु जननी सोइ सुतु बड़भागी।
जो पितु मातु बचन अनुरागी।
तनय मातु पितु तोषनिहारा।
दुर्लभ जननि सकल संसारा।।'[4]

जब राम के वन गमन की सूचना माता कौशल्या के मिलती है, तो अत्यंत दुखी होती हैं। राम अपनी माता को समझाते हुए, वो बात कहते हैं, जो राम से पहले न राम के बाद किसी ने कहे होंगे। वे माता कौशल्या से कहते हैं माता आप शोक न कीजिये। पिताश्री ने तो मुझे इस राज्य के बदले में जंगल का राज्य दे दिया है और राम अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करते हैं। इस संदर्भ में तुलसी बाबा लिखते हैं -

'पिताँ दीन्ह मोहि कानन राजू।
जहँ सब भाँति मोर बड़ काजू।।'[5]

जब हम राम की आदर्शवादी शिष्य की झाँकी को देखते हैं, तो पाते हैं कि राम अपने गुरुओं अपने हृदय के सिंहासन पर विराजित किये हुए हैं। वे गुरुओं के प्रति मात्र औपचारिकता का धर्म नहीं निभाते हैं। वह कभी ऐसा नहीं कहते कि गुरुदेव आदेश कीजिये, मैं अयोध्यावासियों, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न या पिताश्री से कहकर आपका कार्य करवा दूँगा। वे गुरु के आदेश के पालन हेतु स्वयं तत्पर रहते हैं। राम सदैव ही अपने गुरुजनों की आज्ञा का पालन करते हैं। वे गुरु वशिष्ठ से कहते हैं -

'प्रथम जो आयसु मो कहुँ होई।
माथें मानि करौं सिख सोई।
पुनि जेहि कहँ जस कहब गोसाईं।
सो सब भाँति घटिहि सेवकाईं।।'[6]

जब राम और लक्ष्मण, ऋषि विश्वामित्र जी के आश्रम में मुनियों की रक्षा करने और शिक्षा प्राप्त करने जाते हैं, तो गुरु के सोने से पहले उनके चरणों को दबाते हैं और जब तक गुरुवर बार-बार आज्ञा नहीं देते तब-तक दोनों भाई शयन नहीं करते हैं तथा गुरु से पहले जाग जाते हैं। इस प्रसंग में गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं -

'जिन्ह के चरन सरोरुह लागी।
करत बिबिध जप जोग बिरागी।
तेइ दोउ बंधु प्रेम जनु जीते।
गुरु पद कमल पलोटत प्रीते।
बार बार मुनि अग्या दीन्ही।
रघुबर जाइ सयन तब कीन्ही।।'[7]

राम का भ्रातृत्व तो संसार में अद्वितीय बन पड़ा है। वह अपने भाइयों से अपार स्नेह करते हैं। बाल्यकाल से राम का अपने भ्राताओं के लिए प्रेम रामचरितमानस में देखा जा सकता है।

'अनुज सखा सँग भोजन करहीं।
मातु पिता अग्या अनुसरहीं।।'[8]

आज जहाँ एक ओर संपत्ति के लिये मानव अपने पवित्र-रिश्तों और सुमधुर संबंधों को तार-तार कर रहा है। धन की लालसा में एक भाई दूसरे भाई का गला घोंट रहा है। ऐसे मनुष्यों को राम के चरित्र से भ्रातृत्व प्रेम की सीख लेना चाहिए। राम ने जब सुना कि भरत को पिताश्री ने अपने राज्य का अधिपति बनाने का वचन माता कैकेयी को दिया है, तो वे अत्यंत ही हर्षित हो उठते हैं। राम अपने भाग्य की सराहना करते हैं और कहते हैं कि विधाता सब प्रकार से मेरे अनुकूल हैं।

'भरतु प्रानप्रिय पावहिं राजू।
बिधि सब बिधि मोहि सनमुख आजू।।'[9]

राम का अपने अनुजों के प्रति अनन्य प्रेमभाव देखने को मिलता है। वह लक्ष्मण को मूर्च्छित देखकर भारी विलाप करते हैं और कहते हैं कि यहाँ आने से अच्छा था कि मैं अपने पिता की आज्ञा नहीं मानता। जब मैं यहाँ से अयोध्या लौटकर जाऊँगा तो कौन-सा मुँह लेकर जाऊँगा, लोग मेरा परिहास करेंगे और कहेंगे देखो अपनी भार्या के लिए प्रिय भ्राता को खो दिया।

'जैहउँ अवध कवन मुहु लाई।
नारि हेतु प्रिय भाइ गँवाई।।'[10]

राम अपने जीवन में एक कृतज्ञ पुरुष के रूप में सामने आते हैं। वे अपने प्रति किये गए उपकारों को भूलते नहीं है। जब हनुमान द्रोणागिरि पर्वत लाकर लक्ष्मण के प्राण बचाते हैं, तब राम अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहते हैं कि-

'एकैकस्योपकारस्य प्राणान् दास्यामि ते कपे।
शेषस्येहोपकारणां भवान् ऋणिनो वयं।।
मदङ्गेजीर्णतां यातु यत्त्वयोपकृतम् कपे।
नर: प्रत्युपकाराणामापत्स्वायाति पात्रताम्।।'[11]

लंका के युद्ध में जिन वानर-भालुओं और रीछों ने अपने प्राण त्याग दिये थे। राम उनके उपकार को भी नहीं भुलाते हैं। रावण वध के बाद इन्द्र ने आकर राम की स्तुति की और आदेश माँगा। तब राम सभी को जीवित करने को कहते हैं-

'मम हेतो: पराक्रांता ये गता यमसादनम्।
ते सर्वे जीवितम् प्राप्य समुत्तिष्ठंतु वानरा:।।
'मत्कृते विप्रयुक्ता ये पुत्रैर्दारैश्च वानरा:।
तान् प्रीतमनस: सर्वान् द्रष्टुमिच्छामि मानद।।'[12]

संसार भर में यदि पारिवारिक संबंधों के अतिरिक्त कोई संबंध जो अत्यंत प्रगाढ़ रूप में सामने आता है, तो वह मित्रता का संबंध है। सच्ची मित्रता में रंगभेद, वर्णभेद, जातिभेद, अमीरी-गरीबी और छुआछूत जैसी दुर्बल मानसिकताओं के लिए कोई स्थान नहीं है। मित्र के रूप में राम का चरित्र मित्रता की पराकाष्ठा के रूप में सामने आता है। मित्रता की ऊँचाई का जो सर्वोच्च शिखर हो सकता है, वह राम है। मानसकार ने तीन लोगों से राम की घनिष्ठ मित्रता का वर्णन किया है। जिनमें पहले निषादराज, दूसरे सुग्रीव और तीसरे विभीषण जी हैं। निषाद से मित्रता कर राम ने जातिभेद और अमीरी-गरीबी के सामाजिक भेदभाव को व्यर्थ सिद्ध कर दिया। सुग्रीव से मित्रता कर प्रकृति से सामंजस्य का पाठ पढ़ाया और विभीषण से मित्रता कर वर्ण एवं वर्गभेद को नकार दिया तथा मित्रता की एक नई मिसाल कायम की। राम मित्रभाव को सर्वोपरि समझते हैं और उसके लिए सबकुछ करने के लिए तैयार भी रहते हैं। राम की दृष्टि में सच्चा मित्र वही है, जो हार परिस्थिति में मित्र का साथ दे। राम के इसी भाव को पुष्ट करते हुए बाबा तुलसी लिखते हैं-

'जे न मित्र दुख होहिं दुखारी।
तिन्हहि बिलोकत पातक भारी।'[13]

राम अपने मित्रों को अपने भ्रातृतुल्य मानते हैं। जब राम राज्याभिषेक के बाद सभी को विदा करते हैं, तो वे निषाद को विदा देते हुए कहते हैं-

'तुम्ह मम सखा भरत सम भ्राता।
सदा रहेहु पुर आवत जाता।'[14]

राम का चरित्र मर्यादा का अनूठा उदाहरण है। राम ने अपने जीवन में केवल सीता से प्रेम किया और उनको ही अपनी जीवनसंगिनी के रूप में चुना। राम का प्रेमी और पति रूप भी आदर्श की डोर से बंधा हुआ है। राम सीता को अत्यंत प्रेम करते हैं और यह प्रेम उन्हें सीता के पहले ही दर्शन में हो जाता है। पुष्प वाटिका में राम और सीता का मिलन प्रेम, आदर्श और मर्यादा का अनुपम दृष्टांत है। सीता की छवि में राम के नयन अटक जाते हैं और उनके मुख से कोई भी वचन नहीं निकलता है-

'देखि सीय सोभा सुख पावा।
हृदय सराहत बचनु न आवा।।'[15]

सीता के प्रति अपने प्रेम को अभिव्यक्त करते हुए राम अपने छोटे भाई लक्ष्मण से अपने मन की बात कहते हैं। इस छटा को तुलसीदास जी बड़े ही अनूठे ढंग से दिखाते हैं-

'करत बतकही अनुज सन मन सिय रूप लोभान।
मुख सरोज मकरंद छबि करइ मधुप इव पान।'[16]

भारतीय संस्कृति में पति को पत्नि के द्वारा परमेश्वर के रूप में पूजा जाता है। एक आदर्श पति का कर्त्तव्य होता है कि वह अपनी पत्नि के प्रति सारी जिम्मेदारियों और उसकी इच्छाओं को कपटरहित मन से पूरा करे तथा उसके प्रति अपना विशेष प्रेम रखे। जब एक कन्या पिता के घर से विदा होकर अपने पति के घर आती है, तो उसका पति ही उसके सुख-दुख का सच्चा साथी होता है। राम का पति प्रेम एक आदर्श पति का चरम बिंदु है। उन्होंने अपने जीवन में पतिधर्म के दायित्व का निर्वाह बखूबी किया है। वह सीता के सुख-दु:ख में बराबर के हिस्सेदार होते हैं। जब राजा दशरथ के द्वारा राम को चौदह वर्ष का वनवास दिया जाता है, तो सीता एवं लक्ष्मण राम के जाने की हठ ठान लेते हैं और राम के साथ वनगमन करते हैं। मार्ग में सीता प्यास से व्याकुल हो उठती हैं। उनके माथे पर स्वेदबिंदु झलकने लगते हैं, तब सीता पूछती हैं कि हम कितनी दूर चलकर कुटिया बनाएंगे। सीता की स्थिति को देखकर राम की आँखों से अश्रु छलक जाते हैं। इस दृश्य का वर्णन तुलसीदास जी ने बड़े ही मार्मिक ढंग से किया है। वे लिखते हैं-

'पुरतें निकसीं रघुबीर बधू धरि धीर दए मग में डग द्वै।
झलकीं भरि भाल कनी जलकी पुट सूख गए मधुराधर वै।
फिरि बूझति चलनो अब केतिक पर्नकुटी करिहौ कित ह्वै।
तिय की लखि आतुरता पिय की अँखियाँ अति चारु चलीं जल च्वै।।'[17]

जब राम की दृष्टि सीता के चरणों पर पड़ती है, जिनमें मार्ग में चलते हुए कंटक चुभ गए हैं, तो वे रो पड़ते हैं और उनके उर में वही कसक उठती है, जो कसक कंटकों से सीता के पैरों में उठ रही है। राम बिना विलंब किये सीता के पैरों के तलवों से काँटे निकालते हैं। अपने पति के इस अभूतपूर्व व निस्वार्थ प्रेम को देखकर सीता की देह पुलकित हो जाती है और उनके नेत्रों में जल भर आता है।

'तुलसी रघुबीर प्रियाश्रम जानि कै
बैठि बिलंब लौं कंटक काढ़े।
जानकी नाहको नेहु लख्यो,
पुलको तनु, बारि बिलोचन बाढ़े।'[18]

निष्कर्ष- राम की कथा तो वास्तव में अनंत ही है। जिसको कितना भी गाया, लिखा, पढ़ा और सुना जाए फिर भी वह अपनी पूर्णता को प्राप्त नहीं हो पाती है। राम के चरित्र को जितना अधिक समझा जाता है, उतनी ही बार एक नई कहानी हमें मिल जाती है। प्रत्येक गाथा में राम का आदर्श और मर्यादित स्वरूप ही मिलता है। अत: हम निष्कर्षत: कह सकते हैं कि राम का चरित तो सत्य ही आदर्श की प्रतिमूर्ति ही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. रामचरितमानस, बालकांड, टीकाकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
2. हरि कथा अनंता, राजेंद्र अरुण, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. रामचरितमानस, बालकांड, टीकाकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
4. रामचरितमानस, अयोध्याकांड, टीकाकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
5. रामचरितमानस, अयोध्याकांड, टीकाकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
6. रामचरितमानस, अयोध्याकांड, टीकाकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
7. रामचरितमानस, बालकांड, टीकाकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
8. रामचरितमानस, बालकांड, टीकाकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
9. रामचरितमानस, अयोध्याकांड, टीकाकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
10. रामचरितमानस, लंकाकांड, टीकाकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
11. वाल्मीकि रामायण (7/ 4./ 23-24), निर्णय सागरप्रेस, बंबई।
12. वाल्मीकि रामायण, (6/ 12./ 5-6), गीताप्रेस, गोरखपुर।

13. रामचरितमानस, किष्किंधाकांड, टीकाकार– हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
14. रामचरितमानस, उत्तरकांड, टीकाकार– हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
15. रामचरितमानस, बालकांड, टीकाकार– हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
16. रामचरितमानस, बालकांड, टीकाकार– हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
17. कवितावली, अयोध्याकांड, अनुवादक– इंद्रदेव नारायण, गीताप्रेस, गोरखपुर।
18. कवितावली, अयोध्याकांड, अनुवादक– इंद्रदेव नारायण, गीताप्रेस, गोरखपुर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

विकसित भारत के निर्माण में भारतीय भाषाओं की भूमिका (यथार्थ से आदर्श की ओर)

डॉ. राजेंद्र सिंह* गौरव गौतम**

* प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – मानव के भाव व विचारों की संवाहिका भाषा है जो मानव के चित्ता, चिंतन और चरित्र को परिभाषित करती है। किसी देश के शासन और रहवासी की भाषा यदि समान होगी तो वहाँ विकास व समान वितरण की संभावना ज्यादा होती है जिससे सामाजिक और आर्थिक असमानता में कमी आती है जो किसी देश के विकसित होने की प्राथमिक दशा है। भारत जैसे बहुभाषी देश में विकास के अग्रगामी राह में भाषा का क्या योगदान हो सकता है यही इस शोध आलेख का उद्देश्य है।

शब्द कुंजी – होमो सेपियन,रोबोटिक्स,सिलिकॉन युग,अर्थव्यवस्था, चतुर्थ औद्योगिक क्रांति, राजभाषा अधिनियम, समावेशी विकास आदि।

प्रस्तावना – मानव समाज पाषाण युग से सिलिकॉन युग तक की साभ्यतिक यात्रा कर गतिमान है वहीं ज्ञान की दुनिया में ऋग्वेद से लेकर रोबोटिक्स तक पहुँच कर भावी पीढ़ी के लिए ज्ञान के नित नये द्वार खोल रहा है जिसमें सबसे अहम् भूमिका भाषा की रही है। होमो सेपियन का वर्चस्व अन्य प्राणियों की तुलना में यदि सबसे ज्यादा है तो भाषा के ही कारण। होमो सेपियन का समुदाय व्यापक और विस्तृत ही इसी वजह से हो सका है क्योंकि भाषा के द्वारा वह यह भी सोच सकता है कि क्या होने की आशंका है और उसके अनुरूप अपनी सुरक्षा का प्रबंध कर लेता है। भाषा की उत्पत्ति, उसके उद्‌भव के संबंध में डॉ. रामविलास शर्मा का मानना है कि 'मनुष्य ने अपने सूक्ष्म चिंतन की विशेषता के कारण भाषा रचना नहीं की। उसके जीवनयापन की आवश्यकताओं ने उसे ध्वनि संकेतों का उपयोग करने के लिए विवश किया। अपने शारीरिक गठन के कारण वह अन्य पशुओं की अपेक्षा अधिक ध्वनि संकेतो से काम ले सका। अपने शारीरिक गठन के कारण ही आत्मरक्षा के लिए उसे अन्य पशुओं से भिन्न साधन ढूढ़ने पड़े। वह अस्त्रों का निर्माण करके श्रम करने वाला प्राणी बना। श्रम के साथ ही पशु जगत् के ध्वनि संकेतो के दायरे से बाहर निकलकर उसने मानवीय भाषा क्षेत्र में प्रवेश किया।'[1] यानी मानव को अन्य जीव जगत से अलग और विशिष्ट बनाने में भाषा की महती भूमिका है। जिस तरह मानव का अस्तित्व, विकास और तत्वरता 'भाषा' पर निर्भर करती है उसी तरह देश का उत्थान, व्यापकता और पतन भी भाषा की समृद्धि पर निर्भर है।

भाषा किसी भी देश की सबसे महत्वपूर्ण पूँजी और धरोहर है । इसका जितना ज्यादा संरक्षण और संवर्धन होगा उतनी ही अधिक गुणात्मक मात्रा में यह देश को विश्व के नक्शे में प्रसारित करती है। उसकी संस्कृति को उन्नयन कर पुष्पित, पल्लवित और फलित करती है। एक द्वीपीय आकार का देश इंग्लैंड यदि विश्व में अपने को प्रसारित कर पाता है तो उसका एक कारण अंग्रेजी भाषा है। जिन देशों में आज उनका राजनीतिक वर्चस्व खत्म हो चुका है वहाँ अंग्रेजी भाषा के कारण उनकी संस्कृति आज भी विद्यमान है।

तकनीकी के बढ़ते चरण आज चतुर्थ औद्योगिक क्रांति तक पहुँच चुके है और संपूर्ण विश्व आज सामाजिक और आर्थिक रूप से 'विश्वग्राम' का रूप ले चुका है। इस समय भी हम देख सकते है कि जिन देशों ने अपनी भाषा का उन्नयन किया है वही आज विकसित रूप में है चाहे सुदूर पूर्व का जापान हो या पश्चिम का संयुक्त राज्य अमेरिका। भारत के युवाओं ने भी जिस भाषा में शिक्षा ग्रहण की उन्हीं देशों को तुलनात्मक रूप में अपने ज्ञान से ज्यादा लाभान्वित कर रहे है। ऐसी स्थिति में भारतेंदु की बात याद आती है कि

'अंग्रेजी पढ़ि के जदपि, सब गुन होत प्रवीन
पै निज भाषाज्ञान बिन, रहत हीन के हीन'[2]

जब भारत विश्व की पाँचवीं अर्थव्यवस्था है और क्रय शक्ति समता की दृष्टि से उसका तीसरा स्थान है तब यह तो नहीं कहा जा सकता कि भारत ने उन्नति नहीं की है। लेकिन जब हम अपनी नजर ग्लोबल हंगर इंडेक्स पर डालते है, विश्व के विश्वविद्यालयों में भारत का स्थान देखते है तो भारतवासी होने के कारण हमारी स्थिति निराशाजनक होती है। ऐसा क्यों है कि देश की अनौपचारिक आर्थिक राजधानी में एक तरफ गगनचुंबी ईमारतें है जिनका वैभव और ऐश्वर्य शायद स्वर्ग की अमरावती से भी ज्यादा हो किंतु दूसरी ओर 'धारावी' की झुग्गी–झोपड़ी है जहाँ कि स्थिति भी शायद रौरव नरक से ज्यादा भयावह होंगी। क्या इसका एक कारण भाषा नहीं है?

स्वतन्त्र भारत में जिनके ऊपर नीति निर्धारण की जिम्मेदारी थी क्या उन्होंने उसी भाषा में नीति का निर्माण किया जिसे इस देश की जनता समझती हो। क्या न्याय देने वाले और न्याय पाने वाले की भाषा एक है ? कवि उदय प्रकाश की 'गेम सैंक्चुअरी' शीर्षक से एक कविता है जिसमें डाक बँगले का बूढ़ा नौकर गंभीर गमजदा होकर नए अफसर के बारे में सोचता है–

'सैंतालीस के पहले जैसी ही हैं
उन नौजवान अफसरों की आँखें'[3]

'सैंतालीस के पहले' अर्थात् स्वतंत्रता के पूर्व और उसके पश्चात् भी अफसरों के कार्य करने की रीति एक जैसे थी भले उनकी नियत देश के प्रति सकारात्मक हुई होगी। लेकिन विकास की समावेशी नीति पूर्ण सफल न हो

पायी।'राजभाषा' अधिनियम में भी यह देखा गया है कि 'भाषा' के प्रति संकीर्ण रवैया अपनाया गया और 'राज' को महत्ता दी गयी। 'राज' से तात्पर्य सत्ता प्राप्ति से है जिसके लिए भाषा संबंधी मुद्दों में निर्णय लेने में संकोच करते हुए उसे भविष्य के गर्त में धकेला गया जिसका परिणाम मातृभाषा और लोकभाषा की क्षीणता और कुछ बोलियों की समाप्ति के रूप देखा जा सकता है जिससे क्षुब्ध और व्यथित होकर कवयित्री जेंसिता केरकेट्टा शब्दों के द्वारा क्षोभ प्रकट करते हुए कहती है कि

'मातृभाषा खुद नहीं मरी थी
उसे मारा गया था
पर, माँ यह कभी न जान सकी।'[4]

माँ जान नहीं पायी कि क्योंकि वह अपने बच्चे को पराई भाषा इसलिए पढ़ा लिखा रही थी कि उसकी संतानों को रोजगार मिल जाए। जीवन को व्यतीत करने के 'प्रबंध' में आने वाली पीढ़ी कब अपनी भाषा से अपना सरोकार भुला बैठी इसका उसे पता ही नहीं चला। भाषा भी हवा और जल की तरह होती है इसकी भी कमी का एहसास तभी होता है जब यह हमारे बीच मौजूद न हो। जिस तरह मानवीय क्रियाकलाप से जल और वायु को दूषित किया गया। उनकी गुणवत्ता में गिरावट आई। उसी तरह से क्षुद्र स्वार्थ के लिए भाषा को भी मलिन किया गया। भाषा का स्वाभाविक विकास नहीं होने दिया गया। सरलता, कठिनता के क्रम में शब्दों में हेर-फेर किया गया। जिसका प्रभाव भाषा की 'जीनीयस' पर पड़ा। वह स्वभाविक स्वरूप में न रहकर कृत्रिम रूप सामने आने लगा।

भाषा संस्कृति की जड़ होती है। भारत की विविधितापूर्ण संस्कृति में चार कोस में पानी और आठ कोस में बानी बदलती है। किंतु यह वैविध्य भिन्नता का नहीं वरन् एकता का द्योतक है। अलग-अलग क्षेत्रों में प्रचलित बोली अपने पड़ोसी बोली के साथ सामंजस्य बिठाकर 'एका' रचती है और बोली से उपभाषाय फिर भाषा का रूप ग्रहण करती है। भाषा को पोषण बोलियों से ही मिलता है और ऊर्जा अन्य भाषा के संपर्क से। इसीलिए भारत में षटभाषा का महत्व था। भाषाओं में आपसी आदान प्रदान था तभी केरल का व्यक्ति कश्मीर और कश्मीर का व्यक्ति केरल की आवाजाही सरलता से कर लेते थे। जबकि तब संचार के इतने प्रबल साधन ने थे और न ही उन्नत तकनीकी उपकरण। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भी देश की एकता के लिए भाषायी समन्वय पर जोर दिया गया था लेकिन कुछ लोगों द्वारा हिंदी-उर्दू, उत्तार बनाम दक्षिण भाषायी गतिरोध की स्थिति उतपन्न की जाती है जिसे हाल ही में एक नेता के बयान में भी देखा जा सकता है जिन्होंने उत्तार और दक्षिण को अलग करने की बात कही यह तर्क देकर कि दोनों जगह की संस्कृति अलग-अलग है। वह शायद यह भूल गए होंगे कि उत्तार से ज्ञान का समुद्र पीने वाले अगस्त्य मुनि दक्षिण जाते है तो दक्षिण से शंकराचार्य आकर पूरे भारत के एकता के सूत्र को दृढ़ करते है।

भारत पश्चिमी देशों की भाँति केवल राष्ट्र- राज्य नहीं है बल्कि एक सांस्कृतिक राज्य है जहाँ एकता को मजबूती राजनीति से ज्यादा संस्कृति के माध्यम से मिलती है। भारतीय संविधान की 22 भाषाएँ भारत की कमजोरी नहीं वरन् इसकी मजबूती है। सामाजिक, भौगोलिक, और पारिस्थितिकी कारणों से भाषा में बदलाव स्वाभाविक है जो देश को शब्द संपदा से संपन्न करते है जिससे देशवासियों के मानसिक क्षितिज को व्यापकता मिलती है।

भारत की कोई एक राजभाषा नहीं हो सकती। जैसे अन्य देशों में है। भाषायी सद्‌भाव ही देश की एकता का प्रतीक है। पाकिस्तान का विभाजन भी बांग्लादेश के रूप में भाषायी कट्टरपन के ही कारण हुआ था। श्रीलंका में भी तमिल और सिंहली के वर्चस्व के कारण ही अस्थिरता हुई थी जिसके कुछ अवयव अभी भी विद्यमान है। भारत की समावेशी, सामंजस्यपूर्ण और समन्वयवादी प्रवृत्तिा के कारण भाषायी विवाद उग्र नहीं है लेकिन भाषा का स्वरूप कोई स्थैतिक नहीं वरन् गतिक होता है इसको ध्यान में रखते हुए नई शिक्षा नीति में यह प्रावधान किया है कि प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में दी जायेगी। शिक्षा की औपचारिक शुरुआत के पूर्व ही मातृभाषा में शब्दभंडार होता है जिससे उसकी माध्यम से ज्ञान प्राप्ति द्वारा विषय की ग्राह क्षमता ज्यादा होती है और समझ भी परिपक्व होती है जिससे व्यक्ति अन्य भाषा व गूढ़ विषय भी जल्दी सीखता है। देश के राष्ट्रपति व मिसाइल मैन के नाम से विख्यात डॉ एपीजे कलाम ने कहा कि मेरी गणित और विज्ञान की समझ इसीलिए ठीक है कि मैंने मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की है। मध्यप्रदेश सरकार ने मेडिकल की उच्च शिक्षा भी हिंदी में प्रदान करना आरम्भ किया है इससे अन्य भाषा समझने का जो अतिरिक्त बोझ बच्चों में पड़ता है उसमें कमी आयेगी और वह अपनी विषय से संबंधित पकड़ को मजबूत करेंगे। यह प्रयास अभी शिशु अवस्था में है जिस पर उचित क्रियान्वयन कर ज्ञान के अन्य अनुशासनों में भी यह प्रयास किया जा सकेगा। इससे एक लाभ यह भी मिलेगा कि देश में मौजूद जो पारंपरिक ज्ञान है वह देशज भाषा में ही है जिसको संरक्षित और संवर्धित करते हुए नूतन ज्ञान को अपनाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

निज भाषा उन्नति के साथ-साथ भारतेंदु ने यह भी कहा था कि

'बिबिध कला शिक्षा अमित ज्ञान अनेक प्रकार।
सब देसन से लै करहु भाषा माँहि प्रचार।।'[5]

निज भाषा के साथ अन्य भाषा को भी अपनाना जरूरी है ताकि वहाँ की ज्ञान संपदा को हम जान सके और अपने परिवेश के अनुकूल अपना सके तभी हम विश्व के साथ कदमताल कर पायेंगे। लेकिन बाहर की भाषा को ज्ञान प्राप्ति की सीढ़ी बनाने से समाज का बहुजन हिस्सा विकास के मुख्यधारा से बाहर ही रहेगा। भारत ने 5 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य रखा है जिसके साथ सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। जिसकी प्राप्ति का पहला कदम समावेशी विकास होगा। जिसके लिए सबसे आवश्यक यह है कि सरकार और जनता के बीच संवाद सुगम हो। नीति जिनके खातिर बनायी जा रही वो उसको समझ सके तभी उनका अनुपालन करने में सक्षम होंगे और जो भी व्यवहारिक परेशानी होगी उसे साझा कर निदान की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. रामविलास शर्मा, भाषा और समाज पंचम संस्करण राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली, 110002,पेज 75
2. https://hindi-kavita.com/HindiSelectedPoetryBharatenduHarishchandra.php#Kavita21(5Kavita21 (5 मार्च 2024 तक चालू)
3. जितेंद्र श्रीवास्तव, कविता का घनत्व, प्रथम संस्करण, सेतु प्रकाशन, पेज 113
4. https://www.hindwi.org/kavita/matribhasha-ki-maut-jacinta-kerketta-kavita (5 मार्च 2024 तक चालू)
5. https://hindi-kavita.com/HindiSelectedPoetryBharatenduHarishchandra.php#Kavita21(5 मार्च 2024 तक चालू)

भारत में इंटरनेट शटडाउन का मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के रूप में विश्लेषात्मक अध्ययन

विजय लक्ष्मी जोशी*

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय विधि महाविद्यालय, शाजापुर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं, और किसी भी लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र को तानाशाही बनने से रोकने के लिए अत्यंत आवश्यक होती है। यह निष्पक्ष एवं पारदर्शी लोकतंत्र का आधार स्तंभ है। प्रसिद्ध पाश्चात्य कवि जॉन मिल्टन ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्व को बताते हुए कहा है कि–

"Give me the liberty to know, to argue freely, and to utter according to conscience, above all liberties."

- John Milton

पिछले कुछ सालों से भारत में लॉ एवं ऑर्डर बनाए रखने, धरना प्रदर्शन रोकने एवं सांप्रदायिक हिंसा को रोकने एवं परीक्षा में नकल को रोकने एवं अन्य कारणों से सरकार द्वारा इंटरनेट शटडाउन किया जा रहा है। दुनिया में हुए इंटरनेट शटडाउन में भारत गत पाँच वर्षों से लगातार शीर्ष पर बना हुआ है, यहि कारण हैं कि भारत को विश्व की **'इंटरनेट शटडाउन की राजधानी'** कहा जाता हैं। 2016 से 2022 तक पूरे विश्व में इंटरनेट शटडाउन के कुल मामलों में 60 प्रतिशत केवल भारत के थे। इंटरनेट शटडाउन के पीछे सरकार द्वारा यह तर्क दिया जाता है कि सांप्रदायिक हिंसा को रोकने, विधि व्यवस्था बनाए रखने, नागरिक अशांति एवं विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए ऐसा किया जाना जरूरी है वही दूसरी तरफ इंटरनेट शटडाउन को मौलिक अधिकारों का उल्लंघन भी माना जाता है। इंटरनेट शटडाउन के विरूद्ध याचिकाओं की सुनवाई करते हुए न्यायपालिका द्वारा इंटरनेट के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) के तहत वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का हिस्सा बताया गया था, वही एक अन्य मामलें में इंटरनेट शटडाउन को अनुच्छेद 21 के अधीन शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन बताया गया तथा न्यायालय द्वारा यही भी कहा गया कि सरकार द्वारा इंटरनेट बंदी के औचित्य को स्पष्ट किया जाना जरूरी है। प्रस्तुत शोध पत्र में इंटरनेट शटडाउन को परिभाषित कर उसके प्रकार, प्रभाव, संबंधित विधि एवं इंटरनेट शटडाउन के पक्ष एवं विपक्ष में दिए जाने वाले तर्कों का संक्षिप्त वर्णन किया गया हैं तथा सरकार द्वारा इंटरनेट शटडाउन नागरिकों के मूल अधिकारों का कहाँ तक उल्लंघन करता हैं इस पर प्रकाश डाला गया है।

शब्द कुंजी – इंटरनेट शटडाउन, इंटरनेट का मौलिक अधिकार।

इंटरनेट शटडाउन क्या है ?

इंटरनेट शटडाउन इंटरनेट या इलेक्ट्रिोनिक संचार में जानबूझकर किया गया व्यवधान है जो उन्हें किसी विशिष्ट आबादी के लिए या किसी स्थान विशेष के भीतर पहुँच से वंचित या प्रभावी रूप से अनुपयोगी बना देता है। ऐसा प्राय: सूचना के प्रवाह पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए किया जाता है। इससे मोबाइल इंटरनेट, ब्रांडबैंड इंटरनेट या दोनों ही प्रभावित हो सकते है।

इंटरनेट शटडाउन के प्रकार – मुख्यत: इंटरनेट शटडाउन दो प्रकार के होते है–

1. **निवारक शटडाउन –** इस प्रकार के शटडाउन में कोई घटना घटित होने से पहले ही इंटरनेट बंद कर दिया जाता है जिससे वस्तुस्थिति नियंत्रण में रहे।
2. **प्रतिक्रियात्मक शटडाउन –** इस प्रकार का शटडाउन किसी घटना के घटित होने के बाद में किया जाता है।

भारत में इंटरनेट शटडाउन के कारण – भारत में इंटरनेट शटडाउन के निम्नलिखित कारण बताए जाते हैं–

1. नागरिक अशांति, विरोध प्रदर्शन, सांप्रदायिक तनाव को रोकने के लिए,
2. आंतकवादी गतिविधियों, संभावित खतरे को रोकने के लिए,
3. परीक्षा में कदाचार को रोकने, प्रश्नपत्रों को लीक होने से रोकने के लिए,
4. हेट स्पीच, अफवाहों और फेक न्यूज पर रोक लगाने के लिए,

कुल मिलाकर अधिकांशत: लॉ एवं ऑर्डर बनाए रखने के लिए, विरोध प्रदर्शन पर रोक लगाने के लिए एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा अभी तक इंटरनेट शटडाउन किए गए है।

भारत में इंटरनेट शटडाउन से संबंधित विधि – भारत में इंटरनेट शटडाउन से संबंधित विधियॉं निम्नलिखित हैं जिनके तहत सरकार द्वारा प्राय: इंटरनेट शटडाउन किया जाता है–

1. **भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम 1885 की धारा 5(2), दूरसंचार सेवाओं के अस्थायी निलंबन(सार्वजनिक आपातकाल और सार्वजनिक सुरक्षा)नियम 2017 के साथ पठित –** ये नियम संघ या राज्य के गृह सचिव को सार्वजनिक आपातकाल या सार्वजनिक सुरक्षा के मामलें में किसी भी टेलीग्रॉफ सेवा जिसमें इंटरनेट भी शामिल है को निलंबित

करने का आदेश देने की अनुमति देते है। ऐसे आदेश की समीक्षा पॉच दिन के भीतर एक समिति द्वारा की जानी चाहिए और यह 15 दिनों से अधिक तक लागू नहीं रह सकता। किसी अत्यावश्यक स्थिति में संघ या राज्य के गृह सचिव, संयुक्त सचीव स्तर के या उससे ऊपर के अधिकारी को यह आदेश जारी करने के लिए अधिकृत कर सकते है।

2. **दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 –** यह धारा एक जिला मजिस्ट्रेट, एक उपखंड मजिस्ट्रेट या किसी अन्य कार्यकारी मजिस्ट्रेट(जिसे राज्य सरकार द्वारा विशेष शक्ति सौपी गई हो)को जहॉ लोक शांति भंग हो रही हो या होने की संभावना हो या जहॉ बलवे या दंगे की संभावना हो वहॉ उसका निवारण करने के लिए आदेश जारी करने की शक्ति देती है। ऐसे आदेशों में किसी क्षेत्र विशेष में एक निर्दिष्ट अवधि के लिए इंटरनेट सेवाओं का निलंबन भी शामिल हो सकता है।

3. **सूचना प्रोधोगिकी अधिनियम 2000 की धारा 69क –** यह धारा केंद्र सरकार को इंटरनेट पर किसी भी ऐसी सूचना तक पहुँच को अवरूद्ध करने का अधिकार देती है जिसे वह भारत की सुप्रभुता, अखंडता, रक्षा, सुरक्षा या मैत्रीपूर्ण संबंधों अथवा लोक व्यवस्था या शालीनता या किसी अपराध को उकसाने के हानिकारक मानती है। हॉलाकि यह धारा केवल विशिष्ट वेबसाइटों या कंटेट को अवरूद्ध करने पर लागू होती है, संपूर्ण इंटरनेट पर नहीं।

इंटरनेट शटडाउन के प्रमुख प्रभाव :

1. **वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सूचना के अधिकार पर प्रभाव –** इंटरनेट शटडाउन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) तथा मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा 1948 के अनुच्छेद 19 द्वारा प्रत्याभूत वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाता है। इसके अतिरिक्त यह सूचना के अधिकार पर भी प्रतिबंध लगाता है।

2. **आर्थिक प्रभाव –** इंटरनेट शटडाउन से आर्थिक नुकसान भी होता है तथा ऑनलाईन मंचों पर अपनी आजीविका के लिए निर्भर रहने वाले लोग भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित होते है। यूके में स्थित डिजिटल प्राइवेसी ग्रुप Top10VPN.com के एक आकलन के अनुसार वर्ष 2020 में इंटरनेट शटडाउन से भारत को 20,000 करोड़ रूपए से अधिक नुकसान हुआ, 2019 में कश्मीर में 6 माह की इंटरनेट बंदी में 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार से हाथ धोना पड़ा था। वर्ष 2021 में राजस्थान में 1 माह तक इंटरनेट शटडाउन से 800 करोड़ रूपए का नुकसान हुआ। वर्ष 2022 में देशभर में हुए इंटरनेट शटडाउन से 1500 करोड़ रूपए से अधिक आर्थिक नुकसान हुआ। `Top10UPN' के अनुसार भारत को इंटरनेट शटडाउन के कारण वर्ष 2023 की पहली छमाही में 2,091 करोड़ रूपए की हानि हुई।

3. **शिक्षा में व्यवधान –** कई शिक्षण संस्थाए एवं विद्यार्थी शिक्षा के लिए ऑनलाईन प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। इंटरनेट के बंद हो जाने से छात्रों के अध्ययन में व्यवधान होता है।

4. **स्वास्थय सेवाओं एवं ई-कामर्स में व्यवधान –** इंटरनेट शटडाउन से ऑनलाईन उपलब्ध होने वाली आपातकालीन स्वास्थय सेवाए एवं ऑनलाईन वाणिज्यिक सेवाए प्रभावित होती है।

इंटरनेट शटडाउन पर न्यायपालिका का दृष्टिकोण – इंटरनेट शटडाउन पर न्यायपालिका के दृष्टिकोण को निम्नलिखित निर्णयों के माध्यम से समझा जा सकता है–

1. **अनुराधा भसीन विरूद्ध भारत संघ –**के मामलें में उच्चतम न्यायालय ने निर्णित किया कि इंटरनेट के माध्यम से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार और व्यापार एवं कारोबार का अधिकार क्रमश: भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) और 19(1)(छ) के तहत संरक्षित मूल अधिकार है। न्यायालय ने यह भी माना कि इंटरनेट शटडाउन संवैधानिक समीक्षा के अधीन है और यह अस्थायी वैध, सीमीत दायरे में तथा अनुपातिक होना चाहिए।

2. **फाउडेशन फॉर मीडिया प्रोफेशनल्स विरूद्ध जम्मू कश्मीर केन्द्र शासित प्रदेश –** के मामले में उच्चतम न्यायालय ने जम्मू और कश्मीर प्रशासन को इंटरनेट पहुँच पर सभी मौजूदा प्रतिबंधों की समीक्षा करने का निर्देश दिया और कहा कि इंटरनेट तक पहुँच का अधिकार एक मूल अधिकार है और इसका सम्मान किया जाना चाहिए।

3. **फाहिमा शीरीन विरूद्ध केरल राज्य–**के मामले में केरल उच्च न्यायालय ने निर्णित किया कि इंटरनेट तक पहुँच का अधिकार अनुच्छेद 21 के अधीन शिक्षा का अधिकार, प्राइवेसी के अधिकार के अधीन आता है।

इंटरनेट शटडाउन के पक्ष में तर्क – इंटरनेट शटडाउन के पक्ष में निम्नलिखित तर्क दिए जाते है–

1. हेटस्पीच, अफवाहों और फेकन्यूज पर रोक लगाने के लिए एवं सांप्रदायिक हिंसा एवं तनाव पर रोक लगाने के लिए इंटरनेट शटडाउन किया जाना जरूरी है।

2. बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन और नागरिक अशांति से निपटने के लिए एवं लॉ और ऑर्डर बनाए रखने के लिए इंटरनेट शटडाउन किया जाता है।

इंटरनेट शटडाउन के विपक्ष में तर्क– इंटरनेट शटडाउन के विपक्ष में निम्नलिखित तर्क दिए जाते है–

1. इंटरनेट शटडाउन से इंटरनेट कनेक्टिविटी पर निर्भर शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी सार्वजनिक सेवाएँ एवं वाणिज्यिक सेवाएँ भी प्रभावित होती है।

2. इंटरनेट शटडाउन एक व्यक्ति के मानव अधिकार एवं मूल अधिकारों का हनन है। यह **मानवअधिकारों की सार्वभौम घोषणा 1948** के अनुच्छेद 19 एवं **सिविल तथा राजनैतिक अधिकारों की अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा** के अनुच्छेद 19 में दिए गए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार एवं **आर्थिक सामाजिक तथा सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा** के अनुच्छेद 13 में दिए गए शिक्षा के अधिकार का अतिक्रमण करता है इसके अतिरिक्त भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1) (क) में दिए गए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार एवं अनुच्छेद 19(1)(छ) में दिए गए व्यापार, वाणिज्य की स्वतंत्रता के अधिकार जैसे मूल अधिकारों का भी अतिक्रमण करता है।

क्या इंटरनेट शटडाउन मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है?

पूर्व में वर्णित न्यायपालिका के निर्णयों से यह स्पष्ट हैं कि इंटरनेट तक पहुँच का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) के तहत वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधीन मूल अधिकार हैं किन्तु 19(1)(क) के अधीन वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार आत्यंतिक नहीं है बल्कि यह अनुच्छेद 19(2) में वर्णित युक्तियुक्त निर्बधंनों के अध्याधीन है। अनुच्छेद19(2) के अधीन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर आठ आधारों – भारत की प्रभुता और अखंडता, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों, लोक व्यवस्था, शिष्टता या नैतिकता के हित में,

न्यायालय की अवमानना, मानहानि तथा अपराध के उकसाने, पर युक्तियुक्त प्रतिबंध लगाए जा सकते है। अत: यदि इंटरनेट शटडाउन अनुच्छेद 19(2) में दिए गए आधारों पर किया जाता हैं तथा इसकी सूचना प्रकाशित की जाती है एवं यह दिर्घकालिक अवधि के लिए नहीं लगाया जाता है तो यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं हैं किन्तु उपर्युक्त आठ आधारों के अतिरिक्त बिना किसी ठोस वजह के अधिकारविहिन प्राधिकारी द्धारा, बिना किसी पुन: समीक्षा के इंटरनेट शटडाउन दिर्घकालिक अवधि के लिए किया जाता है तो यह नागरिकों के मूल अधिकारों का उल्लंघन है।

निष्कर्ष एवं सुझाव – अत: निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है के इंटरनेट तक पहुँच का अधिकार भारतीय नागरिकों का अनुच्छेद 19(1)(क) के अधीन मूल अधिकार है किन्तु यह अधिकार आत्यन्तिक नहीं हैं वरन्‌ इस पर अनुच्छेद 19(2) में दिए गए आधारों पर निंबर्धन लगाए जा सकते है। यदि इन आधारों पर नागरिकों के इंटरनेट के पहुँच के अधिकार पर निबंर्धन लगाया जाता है तो वह उनके मूल अधिकारों का हनन नहीं है किन्तु बिना किसी ठोस वजह के इंटरनेट शटडाउन नागरिकों के मूल अधिकारों का अतिक्रमण है। यदि किसी ठोस वजह से इटरनेट शटडाउन किया जाता है तो वह योग्य प्राधिकारी द्धारा अंतिम उपाय के रूप में किया जाना चाहिए एवं नागरिकों की इसकी सूचना दी जानी चाहिए एवं एक निश्चित अवधि के बाद इंटरनेट बंदी के आदेश की समीक्षा की जानी चाहिए यह किसी भी अवस्था में दिर्घकालिक अवधि के लिए नहीं होना चाहिए तथा यदि कोई अन्य विकल्प मौजूद है तो उसे उपयोग में लाना चाहिए तभी हमारा भारत सही मायनों में निष्पक्ष एवं पारदर्शी लोकतंत्र कहलाएगा जहाँ सभी नागरिकों को अपने विचार व्यक्त करने की आजादी हों।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारत का संविधान, डॉ. जय नारायण पाण्डेय, 42 वॉ संस्करण, सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी, इलाहाबाद।
2. दण्ड प्रक्रिया संहिता, डॉ. ना. वि. परांजपे, 8 वॉ संस्करण, सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी, इलाहाबाद।
3. hhttps://www.drishtiias.com/hindi/daily-updates/daily-news-editorials/digital-blackout-the-shadow-of-internet-shutdowns
4. hhttps://m.economictimes.com/tech/technology/india-had-longest-internet-shutdown-in-2023-report/articleshow/108462868.cms
5. hhttps://www.thehindu.com/sci-tech/technology/india-records-highest-number-of-internet-shutdowns-globally-in-2023/article68178061.ece.

****

उत्तराखण्ड के माध्यम से भारत-नेपाल सीमा पर संचालित अनौपचारिक और औपचारिक व्यापार में महिलाओं की भागीदारी का अध्ययन

शान्ति* डॉ. अभिषेक कुमार पंत**

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) स्वा.वि.रा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लोहाघाट (उत्तराखण्ड) भारत
** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) ल.सिं.म.रा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड) भारत

शोध सारांश – इस आलेख का मुख्य उद्देश्य उत्तराखण्ड के माध्यम से भारत-नेपाल सीमा पर संचालित अनौपचारिक और औपचारिक व्यापार में महिलाओं की भागीदारी को जानना है। इस सर्वेक्षण में अनौपचारिक व्यापार में भारत एवं नेपाल दोनों देशों के व्यापारियों को सम्मिलित किया गया है जबकि औपचारिक व्यापार में केवल भारत के ही व्यापारियों को सम्मिलित किया गया है। इस सर्वेक्षण आधारित प्रयास में हमने(भारत एवं नेपाल सीमा) उत्तराखण्ड के तीन पारगमन बिन्दुओं के अनौपचारिक व्यापारियों की पहचान कर उनसे संपर्क स्थापित कर व्यापार संबंधी आकड़ें एकत्रित किये हैं।इस शोध पत्र में यह जानने का प्रयास किया गया है कि सीमापार अनौपचारिक एवं औपचारिक व्यापार में संलग्न व्यापारियों की विशेषताएं क्या हैं? यानी वे कौन हैं?व्यापारी पर पारिवार के सदस्यों की निर्भरता अनुपात क्या है? वर्तमान व्यापार में संलग्न होने से पूर्व वे क्या करते थें?विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि औपचारिक व्यापार की तुलना में अनौपचारिक व्यापार में महिलाओं की सहभागिता अधिक है। औपचारिक व्यापार में संलग्न महिला व्यापारियों की तुलना में अनौपचारिक व्यापार में संलग्न महिला व्यापारियों की शैक्षिक उपलब्धि अधिक है।
शब्द कुंजी – अनौपचारिक व्यापार, औपचारिक व्यापार, महिला सहभागिता, सीमा-पार, उत्तराखण्ड।

प्रस्तावना – प्रस्तुत शोध में औपचारिक व्यापार का अभिप्राय उस व्यापार से है जो अधिकारिक आँकड़ों में दर्ज किया जाता है। औपचारिक व्यापार में व्यापारी विदेश व्यापार निदेशालय(डी.जी.एफ.टी.) द्वारा जारी इम्पोर्ट एक्सपोर्ट कोडप्राप्त कर आयात-निर्यात करते हैं। जबकि अनौपचारिक व्यापार का अभिप्राय उस व्यापार से है जो आधिकारिक आँकड़ों में दर्ज नहीं किया जाता है। अनौपचारिक व्यापार में संलग्न व्यापारी बिनाआई0ई0 कोड प्राप्त किये अवैध रूप से आयात-निर्यातकरते है। अनौपचारिक व्यापार से प्राप्त आय को किसी भी देश की राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं किया जाता है जबकि औपचारिक व्यापार से प्राप्त आय को राष्ट्रीय आय में शामिल किया जाता है। अनौपचारिक व्यापार मौजूदा सरकारी कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करके संचालित की जाती है जबकि औपचारिक व्यापार मौजूदा सरकारी कानूनी प्रावधानों का पालन करके संचालित की जाती है । सरल भाषा में अनौपचारिक व्यापार का मतलब वह व्यापार है जो औपचारिक नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार औपचारिक व्यापार के साथ-साथ अनौपचारिक व्यापार में भी हो सकता है। वर्तमान अध्ययन के उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए भारत और नेपाल के बीच उत्तराखण्ड के माध्यम से संचालित हो रहे व्यापार पारगमन बिन्दुओं केतीन लैंड कस्टम स्टेशन को सम्मिलित किया गया है। औपचारिक व्यापार के अध्ययन के लिए वर्तमान में डी.जी.एफ.टी.(Directorate General of Foreign Trade) द्वारा जारी आई0ई0 (import Export) कोड धारक केवल भारत के व्यापारियों को सम्मिलित किया गया है जबकि अनौपचारिक व्यापार के अध्ययन के लिए भारत एवं नेपाल दोनों देशों के व्यापारियों को सम्मिलित किया है। इस शोध पत्र के अध्ययन के लिए अनौपचारिक व्यापार को आधिकारिक आँकड़ों में गैर- रिकॉर्ड किए गए व्यापार प्रवाह के रूप में परिभाषित किया गया है जो दोनों देशों मे मौजूदा कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करके संचालित होता है। वर्तमान अध्ययन के संदर्भ में अनौपचारिक व्यापार हेतु उन्हीं व्यापारियों को सम्मिलित किया गया है जो **उपभोक्ता उत्पादों** का आयात-निर्यात करते हैं। **इसमें नशीली पदार्थ, नशीली दवाएं, हथियारों एवं मानव की तस्करी को अपवर्जित किया गया है।** सीमावर्ती क्षेत्रों में अनौपचारिक सीमा-पार व्यापार को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता है। इस व्यापार में जोखिम एवं उच्च लाभप्रदता बहुत अधिक होता है। अनौपचारिक व्यापार सीमावर्ती क्षेत्रों के आर्थिक गतिविधि और अदृश्य क्षेत्रीय एकीकरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ है। दोनों देशों के बीच अनौपचारिक व्यापार के आकार और कुल व्यापार का आकलन करना बहुत मुश्किल है। साथ ही अनौपचारिक व्यापार का दशकों से विद्यमान होने के कारणों को समझना भी महत्वपूर्ण है।

साहित्य पूर्वावलोकन :

Taneja Nisha, & Pohit Sanjib (February 2002) यह अध्ययन बताता कि भारत से नेपाल में व्यापार किया जाने वाला सामान बड़े पैमाने पर नेपाल की सीमा से लगे भारतीय राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल से खरीदा जाता है। दूसरी ओर, नेपाल से भारत में अनौपचारिक रूप से व्यापार किए जाने वाले सामान ज्यादातर तीसरे देशों से आते हैं। जिनमें सबसे महत्वपूर्ण चीन, जापान, थाईलैंड, हांगकांग और सिंगापुर हैं। यह अध्ययन अपने निष्कर्ष में यह बताता है कि जब तक औपचारिक व्यापारियों

के लेनदेन के माहौल में सुधार नहीं होता है, तब तक अनौपचारिक व्यापार औपचारिक व्यापार के साथ सह–अस्तित्व में बना रहेगा। भले ही भारत और नेपाल के बीच मुक्त व्यापार स्थापित हो।

Njikam Ousmanou and Tchouassi Gerard(November 2010) इस शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य सीमापार व्यापारियों की विशेषताओं, आई.सी.बी.टी. के माध्यम से पेश किए गए अवसरों और मुकाबला रणनीतियों पर साक्ष्य प्रदान करना है। साथ ही सीमापार अनौपचारिक व्यापार में पुरूषों और महिलाओं को अनुमति देने या बाधा डालने वाले सामाजिक–आर्थिक कारकों की पहचान करना हैं। व्यापारिक विशेषताओं के संबंध में, विश्लेषण से संकेत मिलता है कि, मध्यम आयु वर्ग (20 से 39 वर्ष) के भीतर महिला व्यापारियों की उम्र पुरूषों की तुलना में अधिक है। निर्णयन की बात करें तो पुरूष व्यापारियों की तुलना में महिलाओं का अनुपात अधिक है और उन्होंने स्वयं निर्णय लेने की बात कही है।यह शोध पत्र यह भी बताता है कि 1980 के दशक के आर्थिक संकट और संरचनात्मक समायोजन के कार्यान्वयन के बाद, कई लोग जीविकोपार्जन की आशा के साथ अनौपचारिक क्षेत्र में स्थानांतरित हो गए।

Njkam Ousmanou (August 2011) इस शोध पत्र में तीन सीमा स्थलों कैमरून–नाइजीरिया,कैमरून–गिनी इक्वेटोरियल एवं कैमरून – गैबॉन को कवर किया गया है। इस सर्वेक्षण में अनौपचारिक सीमापार व्यापार के माध्यम से क्या अवसर प्रदान किये जाते है? इन अवसरों की प्राप्ति में क्या व्यावसायिक एवं संस्थागत बाधाएं बाधक हैं? इनसे मुकाबला करने वाले तंत्र क्या है? क्या वे लिंग से भिन्न है? मुद्दों पर अध्ययन किया गया। इस सर्वेक्षण से वैवाहिक स्थिति के संबंध में पता चलता है कि महिला व्यापारी और पुरूष व्यापारी समान प्रतिशत में विवाहित थे। परन्तु बहुविवाह में होने की संभावना पुरूषों की तुलना में महिलाएं अधिक थी। इस अध्ययन से पता चलता है कि निवास स्थिति और राष्ट्रीय मूल से पता चला कि अधिकांश पुरूष और महिला व्यापारी सीमा चौकी के निवासी थे।

SAWTEE Report(19 February 2020) रिर्पोट के अनुसार भारत नेपाल के मध्य अनौपचारिक व्यापार में महिलाओं को ज्यादा अनौपचारिक व्यापार के लिए उपयोग किया जाता है। भारत से सामान लाने वाले महिलाओं को अपेक्षाकृत कम जाँच किया जाता है। यह रिपोर्ट बताता है कि नेपाल भारत से कृषिगत सामग्री को प्रति वर्ष अनौपचारिक व्यापार के माध्यम से आयात करता है। जिसका मुख्य कारण कीमत में अंतर, खराब बाजार की स्थिति, कम परिवहन लागत व स्थानीय बाजार की निकटता है।

अध्ययन की आवश्यकता

अध्ययन की आवश्यकता को हम निम्नलिखित रूप में देख सकते है–

1. **अनौपचारिक एवं औपचारिक व्यापार में महिला सहभागिता –** यह अध्ययन हमें बताएगा कि अनौपचारिक व्यापार एवं औपचारिक व्यापार में कितनी महिलाएं प्रतिभाग करती है।

2. **अनौपचारिक व्यापार में महिलाओं की सहभागिता का कारण –** हमें ये जानने की जरूरत है किउच्च जोख़िम वाले अनौपचारिक व्यापार में महिलाएं क्यों प्रतिभाग करती है।

3. **व्यापार में संलग्नता का व्यापारी के विशेषताओं से संबंध –**इस अध्ययन से हमें पता चलेगा औपचारिक एवं अनौपचारिक व्यापार में संलिप्त व्यापारी किस आयु, समाजिक परिवेशएवं शैक्षिक पृष्ठभूमि से आते है?

अध्ययन के उद्देश्य–भारत और नेपाल के बीच औपचारिक एवं अनौपचारिक व्यापार में महिलाओं की सहभागिता का अध्ययन करना।

अध्ययन क्षेत्र–प्रस्तुत अध्ययन में **अनौपचारिक व्यापार के अध्ययन** हेतु उत्तराखण्ड से लगे निम्नलिखित तीन सीमा क्षेत्रों में स्थित पारगमन बिन्दुओं को शामिल किया गया हैं– 1. धारचूला,पिथौरागढ़(भारत)–दार्चुला(नेपाल) 2. झूलाघाट,पिथौरागढ़(भारत)–बैतड़ी(नेपाल) 3. बनबासा, चम्पावत(भारत)–कंचनपुर,महेन्द्रनगर(नेपाल)।

औपचारिक व्यापार के अध्ययन हेतु उत्तराखण्ड, के पिथौरागढ़जिला में स्थित धारचूला, झूलाघाट एवं चम्पावत जिला में स्थित बनबासा पारगमन बिन्दु को शामिल किया गया है।

शोध पद्धति–शोध कार्य में मुख्यत: वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध प्रारूप विधि का प्रयोग किया गया है।तथ्य संकलन के लिए प्राथमिक स्रोतों का प्रयोग किया गया है।

प्रतिदर्श चयन प्रविधि–अनौपचारिक व्यापार के अध्ययन हेतु समग्र की आधिकारिक जानकारी नहीं होने के कारण तथ्य संकलन के लिए उद्देश्यपूर्ण प्रतिदर्शन विधि का प्रयोग करते हुए भारत से 75 एवं नेपाल से कुल 75 व्यापारियों का चुनाव किया गया। जबकि औपचारिक व्यापार में व्यापारियों की संख्या न्यून होने के कारण वर्तमान में औपचारिक व्यापार में संलग्न सभी 16 भारतीय व्यापारियों को प्रतिदर्श के रूप में चुना गया।

विश्लेषण–स्वनिर्मित प्रश्नावली, संरचित साक्षात्कार एवं प्रतिवादी अवलोकन के द्वारा एकत्रित आंकड़ों के आधार पर विश्लेषण।

व्यापारियों की विशेषताएं–व्यापारियों की विशेषताओं को समझने का मुख्य उद्देश्य इस प्रश्न का उत्तर जानना है कि अनौपचारिक एवं औपचारिक व्यापारी कौन है? व्यापारियों को समझने के लिए आयु, वैवाहिक स्थिति, शिक्षा का स्तर, व्यापार में प्रवेश से पूर्व की गतिविधि, वर्तमान प्राथमिक गतिविधि,एवं व्यापारी पर पारिवार के सदस्यों की निर्भरताअनुपात कीआलोचनात्मक परीक्षण किया गया है।



चित्र संख्या–01: अनौपचारिक व्यापार में संलिप्त (अ) भारत के एवं (ब) नेपाल के व्यापारियों की आयु प्रतिशत में

आयु–अनौपचारिक व्यापार में महिला एवं पुरूष व्यापारियों की आयु प्रतिरूप में मुख्य अंतर सीमापार व्यापारिक गतिविधियों में जोख़िम अधिक होना है। भारत के परिपेक्ष्य में देखा जाए तो 56 से अधिक आयु वर्ग में वर्तमान में एक भी महिला व्यापारी व्यापार में संलिप्त नहीं है जबकि नेपाल में 03 प्रतिशत महिला व्यापारी अभी भी इस आयु वर्ग से व्यापार में संलिप्त है। युवा महिला व्यापारियों की बात की जाए तो भारत में 01 प्रतिशत एवं नेपाल में 11 प्रतिशत है। उपरोक्त चित्र से स्पष्ट होता है कि दोनों ही देश में 36 से 45 आयु सीमा वर्ग में आने वाले महिला व्यापारी सर्वाधिक है। उत्तरदाताओंके

साथ चर्चा से पता चलता है कि भारत एवं नेपाल दोनों ही देशों में अधिकांश महिलाएं इस व्यापार में पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते संलग्न होते हैं।



चित्र संख्या-02: औपचारिक व्यापार में संलिप्त भारत के व्यापारियों की आयु प्रतिशत में

चित्र संख्या 02वर्तमान में औपचारिक व्यापार में संलिप्त व्यापारियों की आयु प्रतिरूप को दर्शाता है। इस चित्र से पता चलता है कि 26 से 35 आयु वर्ग में सर्वाधिक 44 प्रतिशत पुरूष औपचारिक व्यापार में भाग लेते है जबकि महिला सहभागिता केवल 06 प्रतिशत है जो 36 से 45 आयु वर्ग सीमा में आते हैं।



चित्र संख्या -03:अनौपचारिक व्यापार में संलिप्त (अ) भारत के एवं (ब) नेपाल केव्यापारियों की वैवाहिक स्थिति प्रतिशत में

वैवाहिक स्थिति-चित्र संख्या 03 दोनों देशों के अनौपचारिकव्यापारियोंके वैवाहिक स्थिति के प्रतिरूप का प्रतिवेदन देता है। चित्र द्वारा स्पष्ट है कि कुल महिला उत्तरदाताओं में भारत के 45 प्रतिशत एवं नेपाल के 40 प्रतिशत महिलाएं विवाहित है। अध्ययन में शामिल महिलाओंमें भारत के 03 प्रतिशत एवं नेपाल के 12 प्रतिशत प्रतिवादी अविवाहित है। दोनों ही देशों में महिला एवं पुरूष व्यापारियों के वैवाहिक स्थिति की तुलना करने पर यह ज्ञात होता है कि भारत में पुरूषों की तुलना में अधिकांश महिलाएं विवाहित है जबकि नेपाल में महिलाओं की तुलना में अधिकांश पुरूष विवाहित है।

प्रतिवादी अवलोकन एवंउत्तरदाताओं के साथ बातचीत से पता चलता है कि भारत की अधिकांश महिलाएं विवाह के पश्चात ही व्यापार में संलिप्त होते हैं। जबकि नेपाल में काफी कम उम्र से अधिकांश महिलाएं आयात-निर्यात गतिविधि के अंतर्गत वस्तुओं के परिवहन का काम करती हैं।



चित्र संख्या -04: औपचारिक व्यापार में संलिप्त भारत के व्यापारियों की वैवाहिक स्थिति प्रतिशत में

चित्र संख्या 04 स्पष्ट करता है कि भारत के औपचारिक व्यापारियों में से 75 प्रतिशत पुरूष व्यापारी विवाहित है और 20 प्रतिशत पुरूष व्यापारी अविवाहित है। औपचारिक व्यापार में 06 प्रतिशत महिला व्यापारी विवाहित है।



चित्र संख्या-05:अनौपचारिक व्यापार में संलिप्त (अ) भारत के एवं (ब) नेपाल केव्यापारियों की शैक्षिक योग्यता प्रतिशत में

चित्र संख्या 05अनौपचारिक व्यापारियों की शैक्षिक उपलब्धि को दर्शाता है। सीमापार अनौपचारिक व्यापारियों में महिलाओं और पुरूषों के शैक्षिक उपलब्धि में ज्यादा अंतर नहीं है। व्यापारियों के शैक्षिक उपलब्धि की गहनता से अध्ययन करने के लिए शिक्षा को 07 स्तरों में विभक्त किया गया। शिक्षा के पहले स्तर से स्पष्ट होता है कि भारत एवं नेपाल के कुल उत्तरदाताओंमें 05 प्रतिशत महिला, 04 प्रतिशत पुरूष एवं नेपाल केकुल उत्तरदाताओं में 16 प्रतिशत महिला, 06 प्रतिशत पुरूष साक्षर है। भारत के कुल उत्तरदाताओं में 15 प्रतिशतमहिला, 16 प्रतिशत पुरूष एवं नेपाल के 10 प्रतिशत महिला ,08 प्रतिशत पुरूष व्यापारियों ने स्नातक की डिग्री हासिल की है।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि अनौपचारिक व्यापार में भारत के 91 प्रतिशत एवं नेपाल के 78 प्रतिशत व्यापारियों ने औपचारिक शिक्षा ली है।



चित्र संख्या-06:औपचारिक व्यापार में संलिप्त भारत के व्यापारियों की शैक्षिक योग्यता प्रतिशत में

चित्र संख्या 06 से स्पष्ट होता है कि औपचारिक व्यापार में महिला व्यापारियों की तुलना में पुरूष व्यापारियों की शैक्षिक योग्यता अधिक है।प्रतिवादी अवलोकन से पता चलता है कि जिन उत्तरदाताओं ने स्नातक अथवा स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की है उन सभी व्यापारियों ने अपने व्यापार के साथ औपचारिक शिक्षा पूरी की है। व्यापारियों का मानना है कि औपचारिक शिक्षा व्यापार में उन्हें अधिक मदद नहीं करती है।

चित्र संख्या 05 और 06 से स्पष्ट होता है कि औपचारिक एवं अनौपचारिक महिला व्यापारियों के शैक्षिक उपलब्धि की तुलना की जाये तो अनौपचारिक व्यापार में संलिप्त महिलाओं ने औपचारिक शिक्षा के उच्च स्तर की डिग्री हासिल की है।



चित्र संख्या-07:अनौपचारिक व्यापार में संलिप्त (अ)भारत के एवं (ब) नेपाल के व्यापारियों की अनौपचारिक व्यापार में जुड़ने से पूर्व व्यवसाय

गद्य साहित्य का उद्भव एवं विकास –'गद्य कवीनां निकषं वदन्ति' उक्ति प्राचीन काल से ही गद्य की श्रेष्ठता प्रतिपादित करती हुई प्रचलित हैं। वैदिक काल सें ही संस्कृत में गद्य प्रयुक्त हुआ है 'कृष्णयजुर्वेद' ब्राह्मण तथा कतिपय उपनिषद् गद्य में है। यास्काचार्य (ई.पू.700) ने 'निरुक्त' की रचना गद्य में ही की है। पतंजलि (150 ई.पू.) द्वारा रचित ग्रन्थ 'महाभाष्य' भी गद्य के माध्यम सें लिखा गया है। प्राचीन काल से ही गद्य का उपयोग प्रधानतया व्याकरण ग्रन्थों, टिकाओं, ज्योतिष आदि ग्रन्थों में हुआ है। गद्य काव्य के उद्भव के विषय में निश्चित समय का ज्ञान यद्यपि हमें नही है तथापि इतना भी निश्चित हैं कि यह संस्कृत साहित्य की एक पुरातन शाखा है। वार्तिकार कात्यायन (300ई.पू.) ने **'आख्यायिका'** का उल्लेख किया है-**'लुबाख्यायिकेभ्यो बहुलम्' आख्यानाख्यायिकेतिहासपुराणेभ्यश्च'** (वार्तिक) आख्यायिका तथा कथा गद्य काव्य के ही दो भेद है- **'आख्यायिकोपलब्धार्था प्रबन्ध कल्पना कथा'** (अमरकोष)। पतंजलि ने भी अपने 'महाभाष्य' में वासवदत्ता, भैमरथी एवं सुमनोत्तरा नामक तीन आख्यायिकाओं का उल्लेख किया है। 'वासवदत्ता सुमनोतरा च भवति। भैमरथी', (महाभाष्य 4/3/57)। कतिपय उपलब्ध शिलालेखों में प्राचीन विकसित गद्य की झलक मिलती है, जिनमें रुद्रदामन (150 ई.) तथा गुप्तकालीन (400 ई.) शासन के शिलालेख उल्लेखनीय है, जिनमें अलंकृत गद्य का प्रयोग हुआ है। इससे स्पष्ट है कि गद्य-काव्य कला दण्डी, सुबन्धु एवं बाण के शताब्दियों पूर्व विकसित रही होगी। स्वयं बाणभट्ट ने भट्टार हरिश्चन्द्र नामक उच्चकोटि के गद्य लेखक का उल्लेख किया है। इसके अतिरिक्त वररुचि कृत -चारुमती, रामिल सोमिलकृत -शूद्रक कथा तथा श्री पालिकृत-तरंगवती का साहित्य मे उल्लेख संस्कृत गद्य-काव्य के विकास-क्रम की एक सम्बन्ध श्रृंखला सिद्ध करता है। वैदिक काल से अब तक गद्य की रस विकास श्रृंखला में अलंकृत एवं अनलंकृत गद्य में दण्डी, सुबन्धु एवं बाणभट्ट प्रधानतया गद्य काव्य की चरमोन्नति के प्रतिनिधि रचनाकार है। वैदिक काल से गद्य के विकास-क्रम में उनके स्वरूप का विहंगावलोकन करने पर पातें हैं कि ब्राह्मणों के गद्य की भाषा अति प्राचीन है तथा यह पाणिनीय व्याकरण का अनुसरण न कर वाक्य-विन्यास एवं शब्दावली के स्वरूप में आर्ष है। वाक्य छोटें, शब्द बहुल होते हैं व शैली सरल होती है।उपनिषदों का गद्य सरल एवं जीवन्त है, जिसमें आडम्बर का अभाव और विनोद का आकर्षण है। जहाँ ब्राह्मणों के गद्य याज्ञिक प्रक्रियाओं से नीरस हैं, वहाँ उपनिषदों के गद्य में सत्यान्वेषणार्थ महर्षियों के मन की स्वच्छता तथा स्वस्थता प्रतिबिम्बित हैं। उपनिषदों में दीर्घ समासों का अभाव प्राय: दृष्टिगत होता है। ब्राह्मणों एवं

उपनिषदों की अपेक्षा सूत्र शैली के गद्य में कम शब्दों में अधिक अर्थ व्यक्त करने के लिए क्रियापदों का अभाव है तथा दीर्घ समास बहुला शैली का आर्विभाव हुआ।

लौकिक संस्कृत गद्य दो स्वरूपों में दृष्टिगत होता है -(1) अनलंकृत शैली का गद्य-व्याकरण, अर्थशास्त्र, दर्शन, भाष्यों का विवेचन प्रधान है। (2) अलंकृत शैली का गद्य - नाटकों, चम्पूकाव्योंतथा गद्यकाव्यों में प्रयुक्त हुआ हैं।अनलंकृत गद्य में व्याकरण में महाभाष्य का गद्य उल्लेखनीय है, जिसकी भाषा सरल, प्रांजल एवं सशक्तभावाभिव्यक्तिपूर्ण है। उसके वाक्य छोटे-छोटे, विशद एवं सारगर्भित होतें हैं। अलंकृत गद्य का प्राचीनतम निदर्शन महाक्षत्रप रुद्रदामन (150 ई.) का गिरनार वाला शिलालेख है। हरिषेण कृत समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति (350 ई. के लगभग) में गद्य की जिस कृत्रिम अथवा अलंकृत शैली का स्वरूप हमें प्राप्त होता हैं, उसका दण्डी, सुबन्ध एवं बाण की रचनाओं में पूर्ण परिपाक हुआ है।[4]

संस्कृत के प्रमुखगद्यकार

महाकवि दण्डी - महाकवि दण्डी भारवी के प्रपौत्र थें, इनका जन्म कांचीनगर में हुआ था तथा इनका स्थिति काल सामान्यतया 600 ई. के आस पास स्वीकार किया जाता है। राजशेखर रचित शारंङ्धर पद्धति में 'त्रयो दण्डिप्रबन्धाश्च त्रिषु लोकेषु विश्रुता' सूक्ति के आधार पर उनके तीन ग्रन्थ माने जाते है-

(1) **काव्यादर्श-** यह एक अलंकार शास्त्रिय ग्रन्थ है।
(2) **दशकुमारचरितम्-** यह दण्डी का प्रसिद्ध गद्यकाव्य है।
(3) **अवन्तिसुन्दरी कथा-** यह दण्डी का अपूर्ण गद्यकाव्य है।

दशकुमार चरित व काव्यादर्श के आधार पर ज्ञात होता है, कि दण्डी दक्षिणी भारत में विदर्भ देश के निवासी थें। दशकुमार चरित में उल्लिखित कलिंग, आन्ध्र देशों के अतिरिक्त कावेरीपत्तन आदि नगरों एवं दक्षिण में प्रचलित सामाजिक एवं पारिवारिक प्रथाओं के वर्णन के आधार पर उनका दाक्षिणात्य होना सिद्ध होता है। दशकुमारचरित के अध्ययन से यह भी प्रतीत होता है कि दण्डी एक सम्पन्न व्यक्ति थें। जिन्होंने सभी प्रकार के सांसारिक अनुभव प्राप्त कियें थें।

दशकुमार चरित - संस्कृत गद्य-काव्य की इस अनुठी रचना को **'धूर्तो का रोमांस'** भी कहा जाता है। इसमें दश राजकुमारों के देश-देशान्तरों में परिभ्रमण, दुस्साहसपूर्ण कार्यकलापों, जीवन के संघर्षो आदि का यथार्थ हृदयहारी वर्णन हैं। वर्तमान में उपलब्ध 'दशकुमार चरित' के स्वरूप को हम तीन भागों में पातें है- 1. पूर्वपीठिका, 2.दशकुमारचरित तथा 3.उत्तरपीठिका। इसमें पूर्वपीठिका के अन्तर्गत पॉच उच्छ्वासों का वर्णन किया गया है, व दशकुमार चरित में आठ उच्छ्वासों का वर्णन है तथा उत्तरपीठिका में उपसंहार दिया हुआ है। इसमें से केवल दशकुमार चरित को ही दण्डी की मूलकृति स्वीकार किया जाता हैं। ग्रन्थ के आदि-अन्त भाग के किसी कारण वश नष्ट होने पर सम्भवत: दण्डी क किसी भक्त ने मूलग्रन्थ की भाषा-शैली में पूर्व एवं उत्तरपीठिका लिखकर पूर्ण किया होगा। दशकुमारचरित में छल-कपट, मार-काट, चोरी-चारी आदि कार्य कलापों का, साथ ही चतुर जादूगरों, पाखण्डी साधु, कामान्ध राजपुरूषों, हृदयहीन वेश्याओं, कुट्टिनियों आदि का मनोरंजन वर्णन होने से यह यह एक अनूठी रूढ़िविरोधी गद्यकाव्य की रचना है। दशकुमार चरित में जहां कथानक विचित्र है, वहां उसके अनुरूप सरस एवं प्रवाहपूर्ण वर्णन-शैली भी है। व्यंग्य एवं विनोद का पुट देकर तत्कालीन समाज का सजीव चित्रण किया है। इसके नायक दशराजकुमार अपनी इष्टि सिद्धि के लिए उचित-अनुचित साधनों में कोई अन्तर नहीं मानते। दण्डी का चरित्र चित्रण भी विशद हैं। सजीव पात्रों के माध्यम से उन्होनें हमारे समक्ष लोक-जीवन का यथार्थ पक्ष उपस्थित किया है। विशद चरित्र-चित्रण, नैसर्गिक गद्य शैली, बुद्धि-विकास, शिष्ट परिहास, न्यून विषयोन्तरों, रसानुकूल शब्दविन्यास, यथार्थ एवं आदर्श का सुन्दर समन्वय आदि विशेषताओं के कारण 'दशकुमार चरित' संस्कृत गद्य साहित्य की एक उत्कृष्ट कोटि की रचना है।[5]

महाकवि दण्डी की भाषा शैली - महाकवि दण्डी की भाषा अलंकारों के आडम्बर से चित्रविचित्र न होकर नैसर्गिक प्रवाहमयी, प्रसादगुणयुक्त, परिमार्जित एवं मुहावरेदार होने से सजीव है। सामान्यतया उनकी भाषा आख्यानात्मक काव्य होने से श्लेष आदि अलंकारों तथा दीर्घसमासों के बोझसे बोझिल न होकर स्थल-स्थल पर ललित पदावली की योजना से युक्त है। सुबन्धु एवं माघ के समान उनका समान उनका गद्य न तो 'प्रत्यक्षर श्लेषमय' है और न बाणभट्ट के गद्य के समान 'सरसस्वरवर्णपद' से विभूषित साहित्यिक गद्य का ही रूप है। उनका वाक्य विन्यास आयासजनक न होकर ओजस्वी, सुव्यक्त एवं ललित है क्योंकि वाक्य प्राय: छोटे-छोटे होते हैं। महाकवि दण्डी सुन्दर वैदर्भी-गद्य शैली के आचार्य रूप में प्रतिष्ठापित किये जा सकतें हैं। संक्षेप में अर्थ की स्पष्टता रस की सम्यक् अभिव्यक्ति शब्द विन्यास की चारूता एवं कल्पना की उर्वरता दण्डी की शैली की विशेषतायें हैं। उनके पदलालित्य की सहृदय विद्वानों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है- 'दण्डिन: पदलालित्यम्' दण्डी के पदविन्यास अनुप्रासमय एवं मनोरस शब्दयोजनामय होन से रसाभिव्यक्ति पूर्ण है - यत्र तत्र कवि के गद्य की भाषा पर्याप्त अलंकृत दृष्टिगत होती ह, किन्तु उनके काव्यालंकार सीमितमात्रा में प्रयुक्त होनें से सर्वत्र मनोरम, एवं अनुरूप हैं। उनसे भावों में दुरूपता का अनुभव बिल्कुल नहीं होता। जैसें-**'इन्द्रनीलशिलाकार रम्यालकपंक्तिद्विगुणकुण्डलितम्लाननालीकनाललतिलम्बश्रवण पासशयुगुलमाननकमलम्।'** दण्डी अपनें शब्दशोधन में एवं लौकिक सत्योक्तियों को ओजोमय भाषा में अभिव्यक्त करने में निष्णात हैं। जैसें - **आत्मानमात्मना नवसाद्यैवोद्धरन्ति सन्त:' इह जगति हि न निरीहं देहिनं श्रिय: संश्रयन्ते'** आदि।संक्षेप में महाकवि दण्डी का गद्य न श्लेष के बोझ से बोझिल, न समासों के प्रहार से प्रताड़ित, न अलंकारों के आधिक्य से आक्रान्त है, अपितु स्वाभाविक-भावाभिव्यक्ति अर्थात् ललित पदविन्यास से रसपूर्ण, अर्थ की स्पष्टता उनके गद्य की आत्मा है। अतएव सुललित एवं सुभग, प्रौढ़ एवं रसपेशल, चमत्कारिणी काव्यकला से समन्वित गद्य की रचना करने के कारण ही भारतीय आलोचकों ने दण्डी को ही एक मात्र कवि माना हैं।

कविर्दण्डी कविर्दण्डी कविर्दण्डी न संशय:।
जाते जगति वाल्मीके: कवयस्त्वयि दण्डिनि।।[6]

सुकवि सुबन्धु - वासवदत्ता के रचयिता सुकवि सुबन्धु का स्थितिकाल यद्यपि अनिश्चित हैं, तथा भवभूति के मालती-माधव मे मालती वर्णन और वासवदत्ता मे वर्णन साम्य के आधार पर भवभूति (700 ई.) के पूर्ववर्ती इन्हें मानना उचित है। 'जिनभद्र-क्षमा श्रमण कृत 'विशेषावश्यक-भाष्य' में वासवदत्ता व तरंगवती के उल्लेख के आधार पर सुबन्धु का स्थिति काल 600 ई. के आस-पास स्वीकार किया जा सकता है।

गद्यकाव्य को अलंकारों, दीर्घसमासों, एवं अक्षराडम्बरों से चित्र-विचित्र बनानें की प्रवृत्ति दण्डी में नहीं पायी गई किन्तु उनके परवर्ती गद्यकारों एवं आचार्यों में यह प्रवृत्ति अधिक बढ़ती गई। परिणामत: गद्य काव्य का उत्कर्ष

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

शब्द विन्यास के सौष्ठव, वर्णन की प्रोचना, वाक्यों सहित विस्तार एवं ध्वनि के साटोप स्वप्न और अवपातन में निगूढ़ है, इस कोटि के गद्य काव्य की छटा अपने उच्चतम उद्रेक में सुबन्धुकृत 'वासवदत्ता' में सुलभ होती हैं। सुबन्धु की वासवदत्ता उनकी उपलब्ध एक मात्र उत्कृष्ट कृति हैं, जो गद्य वाक्य के उस रूप का पूर्ण प्रतिनिधित्व करती हैं, जिसमें कथानक लघुकथा कल्पनाजन्य वर्णनविस्तार की प्रधानता रहती है। वासवदत्तामें राजकुमार कन्दर्पकेतु एवं राजकुमारी वासवदत्ता की प्रणय कथा का वर्णन हैं। इसका लघुकथानक प्रकृति-वर्णन, सौन्दर्य-चित्रण एवं पाण्डित्यप्रदर्शन द्वारा अतिशय विस्तार पाकर भी कथा प्रवाह में अवरूद्धता है। यह एक श्लेष बहुल रचना है जिसके सम्बन्ध में सुबन्धु ने दावा किया है कि उनके काव्य में प्रत्यक्षर में श्लेष निहित हैं-'**प्रत्यक्षरश्लेषमयप्रपंचविन्यासवेदग्वनिधि प्रबन्धम्।**'पौराणिक संकेतों के कारण उनके श्लेष-प्रयोग और भी दुरूह हो गये हैं। सुबन्धु की इस कृति में यद्यपि वर्णन विस्तार और शब्दभंडार की अतिशयता है तथापि कल्पना एवं चरित्र चित्रण का अभाव हैं वासवदत्ता में विषयान्तरों का भी बाहुल्य है।[7]

सुकवि सुबन्धु की शैली - जहाँ दण्डी ने सरल, प्रासादिक एव मनोरम वैदर्भी शैली को ग्रहण की है, वहां सुबन्धु ने अनिशयोंक्ति, अनुप्रास और समास प्रधान शैली को अपनाया है, जिसमें दीर्घ वाक्य विन्यास, शब्दाडम्बर, एवं कृतिमता अधिक होती है। उनकी उनकी शैली में न तो दण्डी का हास, ओज एवं वैचित्र्य है और न बाण जैसी कल्पना शक्ति एवं वर्णन प्रतिभा ही उनकी समास प्रचुर भाषा में सौष्ठव, प्रसाद एवं माधुर्य की न्यूवता, आडम्बर एवं असंगति अधिक है। सुबन्धु अलंकारों का असीमित रूप में प्रयोग कर अपनी शैली के लालित्यमय प्रवाह की रक्षा नही कर सके है। एक ही क्रिया पर आश्रित विपुलकाय वाक्य लिखने में वे अद्वितीय हैं फिर भी उन्होनें संवादों के अतिरिक्त अन्य उपयुक्त स्थलों पर छोटें वाक्यों का प्रयोग किया है। उदाहरण के लिए-

विरहविधुरायाः कमलिन्या हृदयमिव, द्विधा पपात चक्रवाकमिथुनम्। आगमिष्यतो हिमकरदयितस्य पार्श्वे संचरन्ती, कुमुदिन्या भ्रमरमाला दूतीवालक्ष्यत।।

सुबन्धु के समासों में एक प्रकार का स्वर-माधुर्य एवं अनुप्रासों में संगीत विद्यमान है किन्तु उनके पौराणिक संकेतमय श्लेष (जैसे नन्दगोप इव यशोंदान्वितः, जरासन्ध इव घटितसंधिविग्रहः) दुरह और मानसिक व्यायाममयुक्त हैं, फिर भी चित्रोमय एवं अलंकृत गद्य शैली की दृष्टि से वासवदत्ता चमत्कारपूर्ण एवं परिष्कृत रचना हैं।[8] राघवपाण्डवीयकार कविराज नें सुबन्धु को वक्रोक्ति मार्ग निपुण कहतें है-

सुबन्धुर्बाणभट्टश्च कविराज इति त्रयः।
वक्रोक्तिमार्गनिपुणाः चतुर्थो विद्यते न वा।।[9]

सुबन्धु ने नायक-नायिका के रूप सौन्दर्य का वर्णन-रसाभिव्यक्ति तथा अलंकारों के निबन्धन का सायास प्रयास किया है। सुबन्धु की शैली समास प्रधान गौड़ी है।सुबन्धु की कृतियों में श्लेष तथा विरोधाभास अलंकारों का आधिक्य है।

वासवदत्ता - कविवर सुबन्धकृत '**वासवदता**' गद्यकाव्य के 'कथा' के लक्षण के अनुसार ही निर्मित की गई है। कथा-साहित्य में प्रायः कल्पित कथा वस्तु को लेकर दीर्घवर्णनों के द्वारा मनोरम सन्निवेश का प्रयास कविगण करतें रहें। कथा का लक्षण यह है-

कथायां सरस वस्तु गद्यैरेव विनिमितम्।
क्वचिदत्र भवेदार्या क्वचिद्वक्त्रापवक्त्रकें।
आदौ पद्यैर्नमस्कारः खलादेर्वृत्ताकीर्तनम्।।

आख्यायिका में बीच-बीच में आश्वास या निःश्वास, नामक परिच्छेद रहतें हैं। आख्यायिका प्रायः किसी राजा के चरित्र के विषय में ही लिखी जाती है। महाभाष्यकार पतंजलि ने भी 'यवक्रीत', 'प्रियङ्व', 'ययाति' प्रकृति के आख्यान का निर्देशन किया हैं, तथा 'वासवदत्ता', सुमनोत्तरा', 'भैमरथी' प्रकृति की आख्यायिकाओं की गणना की है। परन्तु ये प्रबन्ध इस समय उपलब्ध नहीं है। काल की कराल चेंष्टाओं ने आजतक अनेक ग्रन्थों को विलुप्त कर डाला हैं, जिसका नाममात्र से कुछ परिचय हम प्राप्त कर सकतें है। इन सब ग्रन्थों की चर्चा देखतें हुए, हमें यह स्वीकार करना पड़ता है कि कथा साहित्य भी अत्यन्त चिरकाल सें संस्कृत सरस्वती के पावन अंक में लालित-पालित होकर परिपुष्ट होता रहा हैं।[10]

महाकवि बाणभट्ट - संस्कृत गद्य काव्य का चरमोत्कर्ष बाणभट्ट की कृतियों मे प्राप्त होता है। ये सम्राट् हर्षवर्धन के (606-648 ई.) समकालीन तथा इनके सभापण्डित थें। अतः बाण का स्थिति काल सातवीं शती का पूर्वार्द्ध था। महाकविबाणभट्ट ने अपनी रचना हर्षचरित में उनका स्वयं का जीवन-वृत्ता का उल्लेख किया है। उसमें बाणभट्ट के पिता नाम चित्रभानु तथा माता का नाम राजदेवी है। बाल्यावस्था में ही माता के देहान्त हो जाने पर इनका लालन-पालन पिता ने किया था। बाणभट्ट के पूर्वजों का निवास स्थान हिरण्यबाहु (शोण) नदी के तट पर प्रीतिकूट नामक ग्राम था। 14 वर्ष की आयु में पिता के दिवंगत होने पर इनका यौवन काल प्रवासपूर्ण होने सें अव्यवस्थित रहा, किन्तु बाद में संसारिक अनुभव, परिपक्व बुद्धिः, विद्या एवं उदार विचारों सें युक्त होकर सम्राट् हर्ष की '**वश्यवाणीकविचक्रवर्ती**'की उपाधि से सम्मानित हुए। हर्ष की (मृत्यु 648ई.) के पश्चात् सम्भवतः अराजकता फैलनें पर कन्नौज से प्रीतिकूट लौट आयें। इन्होंनें '**हर्षचरित**' (आख्यायिका) तथा '**कादम्बरी**' (कथा) नामक प्रसिद्ध गद्यकाव्यों की रचना के अतिरिक्त '**चण्डीशतक**' (100 पद्यों में दुर्गा की स्तुति) तथा '**पार्वती परिणय**' नामक नाटक की रचना की हैं।

(1) हर्षचरित -यह महाकविबाणभट्ट की प्रथम गद्यकाव्य रचना है, जो आठ उच्छ्वासों में की एक उत्कृष्ट कोटि की आख्यायिका हैं। प्रथम तीन उच्छ्वासों में महाकविबाणभट्ट की आत्मकथा तथा शेष भाग में सम्राट् हर्ष का जीवन-चरित वर्णित है। यह ऐतिहासिक विषय पर गद्यकाव्य लिखनें का महाकविबाणभट्ट का ही नहीं अपितु संस्कृत साहित्य का प्रथम प्रयास हैं। काव्य-सौन्दर्य की दृष्टि से इसकी अपनी विशेषतायें तों हैं ही, साथ ही इसकी अद्भुत वर्णनाशक्ति भी कम प्रभावपूर्ण नहीं हैं कवि सोड्ढल आदि ने हर्षचरित की प्रशंसा की है।

(2) कादम्बरी -यह रचना महाकविबाणभट्ट की ही नहीं अपितु समग्र संस्कृतसाहित्य की सर्वोत्कृष्ट गद्य रचना है। संस्कृत की इस सर्वोत्तम कथा में राजकुमार चन्द्रापीड तथा कादम्बरी की प्रेम-परिणय की कथा संस्कृत वाङ्मय के समस्त वैभव एवं कौशल के साथ वर्णित हैं।महाकवि दण्डी के दशकुमार चरित की भांति 'कादम्बरी' में भी मुख्यकथा में अनेक उपकथायें समाविष्ट है, किन्तु कवि ने पर्याप्त प्रवीणता से उनका निर्वाह एवं विकास किया हैं।भाषा नैपुण्य, विशद चरित्र चित्रण, वर्णन प्रतिभा तथा मानव-भावों के मार्मिक एवं सूक्ष्म अंकन में 'कादम्बरी' सम्पूर्ण संस्कृत साहित्य में एक अद्वितीय रचना है। प्रतीत होता है कि, महाकविबाणभट्ट ने कादम्बरी का कथा बीज 'गुणाढ्य' की कृति 'बृहत्कथा'से ग्रहण किया हैं। इसका प्रधान

रस श्रृंगार है, जिसमें दशकुमार चरित की भांति कही भी अश्लीलता की गन्ध नहीं आती है। 'कादम्बरी' के सभी पात्र सजीव हैं, जिनका चरित्र-चित्रण बड़े विशद रूप से किया गया हैं, इस कारण सें इस रचना का वर्णन-विविधता दर्शनीय हैं। यही कारण है कि, 'कादम्बरी' इतनी अधिक लोकप्रिय रचना हुई कि इसकी प्रशंसा में कितनी उक्तियां प्रचलित हुई हैं, जैसें-

1.**'कादम्बरीरसभरेण समस्त एव, मत्तो न किंचिंदपिचेतयतोजनोऽयम्।'** - (भूषणभट्ट)

2.**'कादम्बरी रसज्ञानामाहारोऽपि न रोचते, युक्तं कादम्बरी श्रुत्वा कवयो मौनमाश्रिता: वाणध्वनावनध्यायो भवतीति स्मृतिर्यत:।'**(सोमेश्वर कृत 'कीर्ति कौमुदी' 1/15)।[11]

महाकवि बाणभट्ट की शैली - महाकविबाणभट्ट ने अपनी दोनों गद्य काव्य रचनाओं में पांचाली रीति का अनुसरण किया है, जिसमें अर्थ के अनुरूप ही शब्दों के पद की योजना की जाती है -

शब्दार्थयो: समो गुम्फ:पांचालीरीतिरिष्यते।
शिलाभट्टारिका वाचि वाणोक्तिषु च सा यदि।।(सरस्वती कण्ठाभरण)

महाकविबाणभट्ट की गद्य शैली में सर्वत्र शब्द और अर्थ व भाषा और भाव का सुन्दर सामंजस्य स्पष्ट दृष्टिगत होता है। विषय के अनुरूप ही शब्दावली प्रयुक्त की गई है। विकट विन्ध्याटवी के वर्णन में कवि का विकट शब्दों एवं समासों का प्रयोंग किया गया हैं, इसका सुन्दर उदाहरण है। वसन्त वर्णन में तदनुरूप सुकुमारवर्णो का विन्यास किया गया हैं। महाकवि बाण की गद्यशैली में अलंकारों का समुचित प्रयोग रमणीयता की सृष्टि से करतें है। उनके अनुप्रास भाषा में विलक्षण स्वरमाधुर्य की समुत्पत्ति करतें है। उदाहरण के लिए -**'मधुकरकुलकलकाकलीकृतकालेयककुसुम कुड्मलेषु,इभकलभकोल्लनपल्लंववल्लितलवलीवलयै:'।** आदि सामासिक रुचिर अनुप्रासमयी पदावली द्रष्टव्य हैं। महाकविबाणभट्ट ने निरन्तरश्लेषपूर्ण स्वाभावोक्ति प्रधान वर्णनों को ग्राह्य माना हैं। जैसें- जूही को माला में पिरोयें चम्पक पुष्प -

'निरन्तरश्लेषघना: सुजातय: महास्रजश्चम्पककुड्मलैरिव'।

महाकविबाणभट्ट ने रसनोपमा का भी सुन्दर वर्णन किया है जैसें - **'क्रमेण च कृतं में वपुषि वसन्त इव मधुमासेन, मधुमास इव नवपल्लवेन इव कुसुमेन, कुसुम इव मधुकरेण, मधुकर इव मदेन नवयौवनेन पदम्'।।** महाकविबाणभट्ट के अनुसार विषय की नवीनता, सुरूचिपूर्णस्वभावोक्ति, सरल श्लेष स्फुट रूप से प्रतीयमान रस एवं विकट अक्षरबन्ध आदर्शगद्य काव्य का स्वरूप हैं। सामान्यत: बाण ने इस समन्वय प्रधान शैली को अपनाया है, जिसमें नवीन अर्थ की कल्पना, श्लेष प्रधान शब्दों की अद्भूत् योजना, दूसरों के मन के भावों का यथातथ्य चित्रण, वस्तुओं के यथार्थ वर्णन, समास बहुल पदविन्यास तथा कथावस्तु एवं शैली में व्यक्त रूप से बहती हुई रसधारा स्वाभाविक रूप से प्राप्त होती हैं। महाकविबाणभट्ट ने अपनी रचनाओं में तीन प्रकार की शैलीयों का प्रयोग किया हैं जो निम्न प्रकार हैं - (1) उत्कलिका(दीर्घसमासा) शैली। (2) चूर्णक (अल्पसमासा)। (3) आबिद्ध (समासरहिता)।[12]

महाकवि बाणभट्ट के काव्य में कलापक्ष तथा भावपक्ष दोनों का निर्वाह हुआ है। बाण के गद्य में तत्कालीन समस्त गद्य शैलीयों का समन्वित रूप परिलक्षित होता हैं। बाण ने अप्रत्यक्षत: अपनी शैली के सन्दर्भ में निम्न कथन किया है-

नवाऽर्थो जातिरग्राम्या श्लेषोंऽश्लिष्ट: स्फुटों रस:।
विकटाक्षरबन्धश्च कृत्स्नमेकत्र दुष्करम्।। (हर्षचरित-1/8)

अर्थात् चमत्कार पूर्ण अर्थ भौतिक कल्पना ,सुरूचि पूर्ण स्वाभावोक्ति, स्पष्ट श्लेष रस की सहज अनुभूति तथा अक्षरों की दृढ़ बन्धता ये सभी विशेषताएँ एकत्र मिलना कठिन है, परन्तु बाण के काव्य में यें सभी गुण समन्वित रूप से प्राप्त होतें है। नि:सन्देह बाण की शैली सरस तथा सहृदय सामाजिकों के हृदय की धड़कन है।[13]

पं. अम्बिकादत्त व्यास - पं- अम्बिकादत्त व्यास का संस्कृत गद्यकारों में महत्वपूर्ण स्थान है। इनका स्थितिकाल 1858 ई. सें 1901 ई. तक है। ये मूलत: जयपुर के निवासी थें। इनकें पिता काशी में जाकर बस गयें इसलियें इनकी शिक्षा दीक्षा वाराणसी में हुई। इनका कार्यक्षेत्र बिहार रहा है। यह संस्कृत साहित्य में **'अभिनव बाण'** के नाम से विख्यात है। इन्होनें 78 ग्रन्थों की रचना की है उसमें से उनकी प्रसिद्ध रचना **'शिवराज विजय'** है, यह 19वीं. शताब्दी का अतिसुन्दर संस्कृत उपन्यास है। इनकी कवि कीर्ति का मुलाधर शिवराज विजय ही हैं।

शिवराज विजय - यह आधनिक संस्कृत गद्य-काव्य की सर्वोत्कृष्ट रचना हैं। शिवराज विजय एक ऐतिहासिक उपन्यास है जो 12 निश्वासों में छत्रपति शिवाजी के जीवन-चरित्र को उपन्यस्त किया गया है। यह ग्रन्थ सर्वप्रथम् सन् 1901 में काशी सें प्रकाशित हुआ था। कवि की यह रचना विद्वानों में अति लोकप्रिय हुई। शिवराज विजय काव्य तथा इतिहास का सम्मिश्रणात्मक प्रगतिवादी उपन्यास है।

पं. अम्बिकादत्त व्यास की भाषा शैली- इनकी भाषा शैली बाण की कादम्बरी के समकक्ष है। इसमें वाक्य विन्यास प्राचीन परम्परानुसार है। कवि ने इसमें प्राचीन व अर्वाचीन दोनों शैलीयों का समन्वित रूप प्रस्तुत किया हैं। चरित्र-चित्रण की दृष्टि से इसमें वीर रस अभिव्यक्त हुआ है। इसमें यथा अवसर माधुर्य-ओज तथा प्रसाद गुण का प्रयोंग किया गया है। कवि ने भावानुकूल भाषा तथा रसानुकूल पदावली का प्रयोग किया है। वैदर्भी-गौडी तथा पांचाली रीतियों से समन्वित यह उपन्यास आधुनिक गद्य-काव्य की सर्वोत्कृष्ट कृति है। इसमें कही कादम्बरी के समान समास बहुलता के दर्शन होतें है तथा कहीं-कहीं वाक्य छोटें-छोटें तथा समास रहित है। कवि नें अलंकारों का भी समुचित प्रयोग किया है। राष्ट्र-प्रेम, देश-भक्ति उत्पन्न करने वाला शिवराजविजय आधुनिक युग का सर्वश्रेष्ठ उपन्यास हैं।[14]

महाकवि बाणभट्ट के पश्चात् भी संस्कृत गद्य काव्यों की रचना होती रही है। यहाँ हम कुछ प्रसिद्ध अन्य गद्यकारों का व रचनाओं का नामोंल्लेख कर रहे है, जो निम्न हैं-

- कवि धनपाल कृत **'तिलक मन्जरी'** जिस पर कादम्बरी का प्रभाव स्पष्ट रूप सें परिलक्षित है।
- वादीभसिंह कृत **'गद्यचिंतामणी'**।
- सोड्ढल की रचना **'उदयसुन्दरी कथा'**।
- वामनभट्टबाण की रचना **'वेमभूपालचरित'**।
- विश्वेश्वर पाण्डेय की **'मन्दारमन्जरी'**।
- पण्डिता क्षमाराव कृत **'कथामुक्तावली'**, **'ग्रामपंचक'** व **'ग्रामज्योति'**।
- डॉ. रामशरण त्रिपाठी की रचना **'कौमुदी कथा कल्लोंलिनी'**।
- आदि रचनाएँ व गद्यकार संस्कृत गद्य साहित्य को और अधिक उत्कृष्ट और सम्पन्न बनातें है।[15]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. संस्कृत साहित्य का इतिहास -लेखक-डॉ. कैलाशनाथ द्विवेदी, प्रकाशक-राष्ट्रीय संस्कृत साहित्य केन्द्र, किशनपोल बाजार, जयपुर, संस्करण 2014।पृ.सं. 9-11
2. शुकनासोपदेश -लेखक डॉ. यशवन्त कुमार जोशी, प्रकाशक कमल बुक डिस्टीब्यूटर्स, उदयपुर।पृ.सं. 7
3. संस्कृत साहित्य का इतिहास -लेखक- डॉ. राकेश कुमार जैन व मनमोहन शर्मा, रचना प्रकाशन, जयपुर संस्करण 2017। पृ.सं. 185-187
4. संस्कृत साहित्य का इतिहास - डॉ. कैलाशनाथ द्विवेदी, प्रकाशक-राष्ट्रीय संस्कृत साहित्य केन्द्र, किशनपोल बाजार, जयपुर, संस्करण 2014।पृ.सं. 90-92
5. वहीं।पृ.सं. 92-93
6. वहीं।पृ.सं. 93-94
7. संस्कृत साहित्य का इतिहास - डॉ. कैलाशनाथ द्विवेदी, प्रकाशक-राष्ट्रीय संस्कृत साहित्य केन्द्र, किशनपोल बाजार, जयपुर, संस्करण 2014।पृ.सं. 94
8. वहीं।पृ.सं. 95
9. संस्कृत साहित्य का इतिहास -लेखक- डॉ. राकेश कुमार जैन व मनमोहन शर्मा, रचना प्रकाशन, जयपुर संस्करण 2017। पृ.सं. 196
10. सुबन्धु कृत -'वासवदत्ता' टीकाकार पं. श्री शंकरदेव शास्त्री,प्रकाशक चौखम्बा विद्या भवन चौक, बनारस।पृ.सं. 3
11. संस्कृत साहित्य का इतिहास - डॉ. कैलाशनाथ द्विवेदी, प्रकाशक-राष्ट्रीय संस्कृत साहित्य केन्द्र, किशनपोल बाजार जयपुर, संस्करण 2014।पृ.सं. 96
12. वहीं।पृ.सं. 97-98
13. शुकनासोपदेश -लेखक -डॉ. यशवन्त कुमार जोशी, प्रकाशक कमल बुक डिस्टीब्यूटर्स, उदयपुर।पृ.सं. 27
14. वहीं।पृ.सं. 18
15. शुकनासोपदेश -लेखक -डॉ. यशवन्त कुमार जोशी,प्रकाशक कमल बुक डिस्टीब्यूटर्स, उदयपुर।पृ.सं. 19-20

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

झुंझुनूं जिले में कृषि भूमि उपयोग प्रतिरुप में परिवर्तन : एक भौगोलिक विश्लेषण

डॉ. सुमन कुमार*

* प्राचार्य, शेखावाटी महाविद्यालय, लोसल (सीकर) (राज.) भारत

शोध सारांश - भूमि एक महत्वपूर्ण भौतिक संसाधन है, जो मानवीय जीवन निर्वाह का प्राकृतिक संसाधन हैं। भूमि उपयोग किसी भी क्षेत्र का आर्थिक-सांस्कृतिक जीवन निर्वाह को दर्शाता हैं। कृषि भूमि का अध्ययन इसलिए महत्वपूर्ण है कि किसी क्षेत्र के जनसंख्या के अनुपात में कुल कृषि भूमि का क्षेत्र, जोत क्षेत्र, बंजर भूमि, पुरानी पड़त, चालु पड़त, सिंचित तथा दुपज क्षेत्र की मात्रा कितनी हैं।कृषि भूमि उपयोग प्राकृतिक, सामाजिक, आर्थिक, तकनीक तथा मानवीय क्रिया कलापों द्वारा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होती है। इस शोध पत्र में राजस्थान के झुंझुनूं जिले का भूमि उपयोग का 1999-2000 से 2018-19 तक 20 वर्षों की समयावधि में आयें परिवर्तनों का विश्लेषण किया गया हैं। साथ ही कृषि वर्ष 2018-19 के दौरान जिले के तहसीलानुसार कृषि भूमि उपयोग का वितरण प्रस्तुत किया गया है। इस शोध पत्र में शोधकर्ता द्वारा अध्ययन क्षेत्र में कृषि भूमि उपयोग का विगत 20 वर्षों के परिवर्तनों को द्वितीयक आकड़ों के आधार पर विश्लेषित किया गया है जिसके आधार पर वनभुमि, पड़त भूमि, सिंचित एवं कृषि भूमि के परिवर्तनों में दर्शाया गया हैं।

शब्द कुंजी - भूमि उपयोग, वन भूमि, जीवन निर्वाह।

प्रस्तावना - झुंझुनूं जिले में कृषि भूमि उपयोग में गत्यात्मकता रही है। कृषि उपयोग की परिवर्तनशीलता में प्राकृतिक, सांस्कृतिक, जिले की मानवीय तथा तकनीक कारकों का प्रभाव रहा हैं। प्रस्तुत शोध में भूमि उपयोग कृषि में परिवर्तनशील प्रवृति एवं स्थानिक कारकों का अध्ययन किया गया हैं। जिले के कृषि भूमि उपयोग का अध्ययन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरणीय संतुलन, कृषि भूमि का विकास, वन भूमि में वृद्धि, वन आधारित उद्योगों का विकास तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए सुनियोजित सुझाव प्रस्तुत करना हैं।

कृषि भूमि उपयोग को प्रभावित करने वाले कारक

1. **भौतिक कारक**
   (अ) उच्चावच (ब) जलवायु (स) तापमान
   (द) वर्षा (य) मिट्टी (र) आर्द्रता
2. **सामाजिक कारक**
   (अ) कृषि प्रणाली
   (ब) कृषक समुदाय की सामाजिक स्थिति एवं विशेषता
   (स) भू-स्वामित्व प्रणाली
   (द) जोत का आकार
3. **आर्थिक कारक**
   (अ) कृषि उपकरण (ब) उर्वरक, बीज उपयोग
   (स) सिंचाई साधन (द) कृषि उद्यम
   (य)बाजार (र) श्रम
   (ल) यातायात (य) प्रशासनिक संबंध
   (र) पूंजीगत संसाधन
4. **तकनीकी कारक**
   (अ) कुदाल तकनीकी (ब) हल तकनीकी
   (स) मशीनीकरण तकनीकी
5. **सांस्कृतिक एवं मानवीयकारक**
   (अ) सहकारिता (ब) किसान का जीवन स्तर
   (स) परिवार का आकार (स) जनसंख्या संरचना
   (द) फसल चयन प्रवृति

कृषि भूमि उपयोग का वर्गीकरण - सामान्यत: कृषि भूमि उपयोग का वर्गीकरण निम्न 8 भागों में वर्गीकृत किया जाता हैं।

1. वन भूमि (जंगलात भूमि)
2. कृषि अयोग्य भूमि
- गैर कृषि उपयोग भूमि
- बंजर एवं अकृषित भूमि (ऊसर भूमि)
3. अन्य अकृषित भूमि पड़त भूमि के अतिरिक्त जोत रहित भूमि
- स्थायी चारागाह तथा अन्य गोचर भूमि
- वृक्षों के झुण्ड तथा बाग आदि से युक्त भूमि
4. कृषि योग्य बंजर भूमि
5. पुरानी पड़त भूमि
6. चालु पड़त भूमि
7. बोया गया कुल क्षेत्र
8. दुपज क्षेत्र

अध्ययन क्षेत्र : अध्ययन क्षेत्र झुंझुनूं जिला राजस्थान के उत्तरी-पूर्वी भाग में अवस्थित है। प्रशासनिक रूप से सीकर संभाग के अंतर्गत आता है।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

अध्ययन क्षेत्र झुंझुनूं जिला समुद्रतल से लगभग 338 मीटर की ऊँचाई पर $27^0$38'से $28^0$36'उत्तरी अक्षांश तथा $75^0$02'से $76^0$06'पूर्वी देशान्तर के मधय स्थित है। जिले का कुल भौगोलिक विस्तार 5928 वर्ग किमी है। जिला मुख्यालय राज्य की राजधानी जयपुर से 187 किलोमीटर दूर स्थित है। झुंझुनूं जिले में स्थित अरावली पर्वत श्रृंखला देहली सुपर ग्रुप की श्रेणी के अंतर्गत आती हैं। जिले में तांबे के साथ-साथ जिले में ग्रेनाइट और लाइम स्टोन के विशाल भंडार उपलब्ध है। जिले का अधिकांश भाग मरुस्थली है, दक्षिणी पूर्वी भाग में अरावली पर्वत श्रृंखला विस्तृत है।



जिले में वर्षभर बहने वाली कोई नदी नहीं है।वर्षा कालीन कांटली प्रमुख नदी है। जलवायुवीय दृष्टि से जिला उष्ण एवं अर्द्ध शुष्क क्षेत्र है। वार्षिक वर्षा 20 से 40 सेमी के मध्य होती है। जिले में ग्रीष्मकाल में अधिकतम तापमान कई बार 45 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक हो जाता है। जिले में 2011 की जनगणना के अनुसार कुल जनसंख्या 21,37,045 हैं, जनसंख्या घनत्व361 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। जिले की कुल जनसंख्या में 22.89 प्रतिशत जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में निवास करती है। जिले में लिंगानुपात 950 है। साक्षरता दर की दृष्टि से जिला अग्रिणी है। जिले में महिला साक्षरता 60.95 प्रतिशत है, पुरुष साक्षरता दर 86.90 प्रतिशत है। जिले में 2011 की जनगणना के अनुसार कुल साक्षरता 74.13 प्रतिशत है।

शोध उद्देश्य : किसी भी शोध कार्य के सार्थकता के लिए उद्देश्य निधारित होते है। प्रस्तुत शोध कार्य के उद्देश्य निम्न है -

1. भूमि उपयोग को प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन।
2. जिले के कृषि भूमि उपयोग का स्थानिक वितरण प्रस्तुत करना।
3. झुंझुनूं जिले के कृषि भूमि उपयोग का विगत 20 वर्षा के परिवर्तनों का विश्लेषण करना।

शोध विधि :-शोध क्षेत्र झुंझुनूं जिले में भूमि उपयोग के स्थानिक कालिक वितरण को भी बताने का प्रयास किया गया हैं। इस हेतु झुंझुनूं जिले में भूमि उपयोग के विगत दो दशकों (1999-00 से 2018-19) के द्वितीयक आकड़ों कोविश्लेषित किया गया हैं। इन दो दशक के आंकड़ों में वार्षिक उतार-चढ़ाव कोपाँच वर्षीय औसत के आधार पर निम्न चार समयावधियों में बांटकर प्रतिशत में दर्शाया गया है - (1) 1999-00 से 2003-04,(2) 2004-05 से 2008-09,(3) 2009-10 से 2013-14 व (4) 2014-15 से 2018-19A।

आँकड़ों के स्त्रोत -प्रस्तुत शोध पत्र के अध्ययन के लिए द्वितीयक आंकडों का संकलन किया गया हैं जिसके स्त्रोत निम्न है -

1. कृषि विभाग, भारत सरकार
2. आर्थिक एवं सांख्यिकीय निदेशालय, जयपुर (राज.)
3. जिला सांख्यिकीय रूपरेखा, झुंझुनूं (राज.)
4. जिला जनगणना प्रतिवेदन, 2001 एवं 2011 (झुंझुनूं)
5. जिला कृषि विस्तार, झुंझुनूं

कृषि भूमि उपयोग प्रतिरूप झुंझुनूं जिले में भूमि उपयोग के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। जिले में वर्ष प्रतिरूप 2019-20 के दौरान कुल भौगोलिक क्षेत्र 5,91,536 हेक्टयर क्षेत्र का वनों के अंतर्गत मात्र 6.77प्रतिशत है। कृषि के लिए अनुपलब्ध भूमि के अंतर्गत लगभग 05प्रतिशत क्षेत्र है जबकि अन्य अकृषित भूमि के अंतर्गत 7.22 प्रतिशत क्षेत्र है। इस वर्ष जिले में पडती भूमि के अंतर्गत 66421 हेक्टयर क्षेत्र है जो की जिले के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 11.23 प्रतिशत भाग है।

जिले में शुद्ध बोया गया क्षेत्र 61-90 प्रतिशत क्षेत्र है। जिले में एक से अधिाक बार बोये गये क्षेत्र में 40-87 प्रतिशत क्षेत्र है। जिले के भूमि उपयोग का स्थानिक वितरण तहसील अनुसार भी दर्शाया गया है। सर्वाधिक वन क्षेत्र खेतड़ी तहसील (20565 हेक्टयर) के अंतर्गत एवं सूरजगढ़ तहसील में वन भूमि का पूर्ण रूप से अभाव पाया गया है, जबकि इसके विपरीत जिले में शुद्ध बोया गया क्षेत्र सबसे अधिक सुरजगढ़ तहसील (66055 हेक्टयर) में एवं सबसे कम खेतड़ी तहसील (35514 हेक्टयर) में दर्ज हुआ है। भूमि उपयोग के विगत 20 वर्षों (1999&00 से 2018&19) के आंकड़ों का कालिक विश्लेषण भी दर्शाया गया है। कालिक वितरण को प्रत्येक पांच वार्षिक औसत के आधार पर विश्लेषित कर के किया गया है।

जिससे स्पष्ट है कि शोध क्षेत्र झुंझुनूं जिले में भूमि उपयोग में सामान्य परिवर्तन देखे जा सकते है। मुख्यत: पांच वर्षीय अवधि के प्रत्येक खंड में वन भूमि के अंतर्गत जिले में वन भूमि के अंतर्गत मामूली वृद्धि दर्ज की गयी है। जिले के कुल भौगोलिक क्षेत्र का प्रथम पांच वर्षीय अवधि में वनों के अंतर्गत 6.70 प्रतिशत भू भाग था जो थोड़ा-थोड़ा प्रत्येक पांच वर्षीय अवधि में बढ़ा। अंतिम पांच वर्षीय अवधि के दौरान यह बढकर 6.77प्रतिशत हो गया। इसके विपरीत जिले में शुद्ध बोये गये क्षेत्र में हल्की कमी दर्ज की गयी है। कुल बोये गये क्षेत्र में भी उतार-चढ़ाव देखे जा सकते हैं। अध्ययन क्षेत्र में भूमि उपयोग को सबसे अधिक मानसून प्रभावित करता है। जिले में कृषि फसलों का भूमिगत जल से सिंचाई द्वारा ही उत्पादन किया जाता है। जिले में वर्तमान में भी भूमि उपयोग का सबसे बड़ा भाग कृषि अंतर्गत ही है।

भूमि उपयोग विश्लेषण- अध्ययन क्षेत्र झुन्झुनू जिले में वर्ष 2019-20 में भूमि उपयोग के आंकड़ो के अनुसार जिले के कुल भौगोलिक क्षेत्र

591536 हैक्टर है। जिसमें वनो का क्षेत्रफल 40045 हैक्टर है। जो जिले के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 6.77 प्रतिशत है। यह राज्य के वन क्षेत्र से 2.8 प्रतिशत कम है। राष्ट्रीय वन नीति अनुसार क्षेत्र में 33प्रतिशत वन क्षेत्र होना चाहिए जबकि अध्ययन क्षेत्र में वर्तमान में 26-33प्रतिशत वन क्षेत्र कम है। जो वन और पर्यावरण के लिए चिन्ता का विषय है।

स्थानिक भूमि उपयोग विश्लेषण (2019-20) – जिले के भुमि उपयोग का स्थानिक वितरण तहसील अनुसार विश्लेषित किया गया जिसका निष्कर्ष निम्न प्रकार से है :-

तालिका 1.1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

1. तालिका 1.1 के परिकलन के आधार पर अध्ययन क्षेत्र के मलसीसर एवं सुरजगढ़ तहसील में वन क्षेत्र (0.00) नगण्य है। खेतड़ी (25.46 प्रतिशत), उदयपुरवाटी (17.18 प्रतिशत) वन क्षेत्र है, जो सर्वाधिक क्षेत्र में है। औसतन वन क्षेत्र 33 प्रतिशत का अभाव पाया गया है।
2. कृषि अयोग्य भुमि क्षेत्र के अन्तर्गत सर्वाधिक रूप में चिड़ावा तहसील (6.48 प्रतिशत) झुन्झुनू तहसील (6.28 प्रतिशत) क्षेत्र है।
3. पड़त भुमि क्षेत्र के अन्तर्गत झुन्झुनू (21.97), नवलगढ़ (19.36), मलसीसर (17.85) प्रतिशत भुमि क्षेत्र है, जो अध्ययन क्षेत्र में सर्वाधिक है।
4. शुद्ध बोया गया भुमि क्षेत्र के अन्तर्गत सुरजगढ़ तहसील (81.89), चिड़ावा तहसील (74.11), बुहाना तहसील (72.07), मलसीसर तहसील (69.41), नवलगढ़ तहसील (65.36), झुन्झुनू तहसील (62.52) भुमि क्षेत्र है, जो सर्वाधिक है। जबकि न्यूनतम बोया भुमि क्षेत्र के अन्तर्गत खेतड़ी (43.96), उदयपुरवाटी (57.43) तहसील आती है।

भूमि उपयोग कालिक विश्लेषण (वर्ष 1999-2000 से 2018-19) जिले के भुमि उपयोग का कालिक परिवर्तन का विश्लेषण किया गया जिसका निष्कर्ष निम्न प्रकार से है:-

तालिका 1.2 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका 1.2 में अध्ययन क्षेत्र झुन्झुनू जिले के वर्ष 1999-2000 से 2008-09 की दशकीय अवधि का भुमि उपयोग का औसत परिवर्तनो का परिकलन किया गया। तालिका 1.2 के आंकड़ो के अनुसार जिले में समेकित रूप से वन भूमि आंशिक परिवर्तन 0.1 प्रतिशत वृद्धि देखा गया। कुल अकृषि भुमि एवं चारगाह भुमि में क्रमश: 0.11 प्रतिशत, 0.10 प्रतिशत आंशिक कमी दर्ज की गई। पड़त भुमि में 0.03प्रतिशत, चालु पड़त भुमि में 3.09 तथा कुल पड़त भुमि में 3.13 प्रतिशत कमी दर्ज गई।

जिले में 1999-2000 से 2008-09 के दशकीय अवधि में शुद्ध बोया गया क्षेत्र 2.79 प्रतिशत तथा कुल बोया गया क्षेत्रफल 12.14 प्रतिशत वृद्धि देखा गया है।

तालिका 1.3 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका 1.3 में वर्ष 2009-10 से 2018-19 के अवधि का झुन्झुनू जिले में भुमिउपयोग का औसत का परिकलन किया गया। तालिका .3 के अनुसार जिले में वनभुमि में 0.04 प्रतिशत आंशिक वृद्धि दर्ज हुई है। स्थायी चारगाह 0.01 कमी देखीगई। कृषि योग्य बंजर भुमि में 0.02 प्रतिशत वृद्धि देखी गई। जिले में दशकीयअवधि में कल पड़त भुमि के अन्तर्गत पड़त भुमि 1.41 प्रतिशत, चालुपड़त भुमि1.06 प्रतिशत तथा कुल पड़त भुमि 2.51 प्रतिशत तथा कुल बोया गया क्षेत्रफल मेंकाफी 7.17 प्रतिशत गिरावट दर्ज हुई है।

सुझाव :

1. सिंचाई सुविधाओं में बढावा – झुंझुनूं जिले में 90 प्रतिशत से अधिक सिंचाई कुंए/ट्यूबवैल भूमिगत जल संसाधनों द्वारा होती हैं।, जिसके कारण भूमिगत जल में प्रतिवर्ष कमी हो रही हैं। जिले में सिंचाई के लिए वर्षा जल का सदुपयोग की आवश्यकता हैं।

2. शुष्क कृषि पद्धति – झुंझुनूं जिले में वर्षा एवं सिचाई के अभाव में शुष्क कृषि पद्धति द्वारा फसल उत्पादन किया जाता है। भूमिगत जल दोहन कम करने, पर्यावरण प्रदुषण नियंत्रण, आर्थिक लाभ एवं अधिक उत्पादन के लिए शुष्क कृषि पद्धति अपनानी चाहिए।

3. आधार भूत सुविधाएं – कृषि पारिस्थिति की एवं फसल उत्पादन में उच्च स्थिति के लिए आधारभूत सुविधा की आवश्यकता होती है।

1. परिवहन सुविधा
2. ऋण सुविधा
3. सहकारिता की सुविधा
4. मशीनीकरण
5. विधुत सुविधा

4 अन्य – झुंझुनूं जिले के कृषि भूमि उपयोग, कृषि पारिथितिकी तथा उच्च फसल उत्पादन के लिए सुझाव प्रस्तुत हैं। अत: कार्यक्रम का क्रियान्वयन की आवश्यकता हैं।

1. सामाजिक वामिकीकार्यक्रम
2. प्राकृतिक पर्यावरण संरक्षण
3. जैविक संसाधन की रक्षा करना
4. भूमि सुधार कार्यक्रम
5. गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम
6. वन विकास कार्यक्रम
7. शिक्षा
8. सामाजिक जागरुगता
9. पडत भूमि का विकास
10. अधिकाधिक वृक्षारोपण एवं बूंद-बूंद सिंचाई पद्धति

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. चौहान, जसवन्त सिंह 2012, 'टोंकजिल में कृषि पारिस्थितिकी एवं पयावरण कियोजन', पी.एच.डी. थिसीस, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर
2. टाली, ऋतु (2005) -'कृषि भूमि उपयोग एवं प्रारुप में परिवर्तन (उदयपुर जिले का एक भौगोलिक अध्ययन)' पी.एच.डी. थिसिस, जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उदयपुर (राजस्थान)
3. Choubisa, Kishan (2002)' "Agricultural landuse and population of mansiwakal Basin" Ph.D. Thesis, MLSU, Udaipur.
4. कुमार, सुमन (2021),'झुंझुनूं जिले के खाद्यान्न फसलों में गत्यात्मक: एक भौगोलिक विश्लेषण' पी.एच.डी. शोधग्रंथ मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय,उदयपुर (राजस्थान)
5. Salvi. LL (1989): Spactio – Temporal Dimensions of crop Pattern and Level of Crop Productivity in Rajsthan-

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

1956-59 to 1987-89, M.Phil, Disseration MLSU, Udaipur.

6. भूरिया, राधुसिंह एवं गोरस्या, आर. आर. (2024):– 'झाबुआ जिले में कृषि विकास एवं भूमि उपयोग प्रतिरुप परिवर्तन : एक भौगोलिक विश्लेषण' –शोधपत्र, Jan. to March, 2024, Vol-I, Issue-XLV, Naveen Shodh Sansar ISSN-2320-8767

7. शर्मा, मुकेश एवं शर्मा, रामकिशोर –(2015)–'झुंझुनूं जिले में भूमि उपयोग, समस्याएं एवं निदान,' शोधपत्र, Jan. to Dec.2015, Vol-3, Internatinal Journal of Geology, Agri Culture and Environmental Sciencs.

तालिका 1.1: झुंझुनूं जिले के तहसील अनुसार भूमि उपयोग का वर्गीकरण (2019-20)

क्र.	भूमि का वर्गीकरण	कुल भौगोलिक क्षेत्र का प्रतिशत (तहसीलनुसार)							
		झुंझुनू	चिड़ावा	खेतड़ी	उदयपुरवाटी	नवलगढ़	बुहाना	मलसीसर	सुरजगढ़
1.	वन क्षेत्र	1.31	0.23	25.46	17.18	23.20	2.40	0.00	0.00
2.	जोत रहित भूमि	7.61	743	7.01	3.99	5.77	9.49	9.44	7.86
3.	कृषि अयोग्य भूमि	6.28	6.48	5.52	6.18	5.14	3.76	3.15	3.63
4.	पड़त भूमि	21.97	4.85	11.39	1.46	19.36	10.05	17.85	0.06
5.	शुद्ध बोया गया क्षेत्र	62.52	74.11	43.96	57.53	65.36	72.07	69.14	81.89
6.	अन्य भूमि क्षेत्र	0.08	3.89	6.71	13.66	0.05	2.22	0.14	6.56
7.	कुल भौगोलिक क्षेत्रफल	80685	49449	80779	84675	68545	65180	81557	80666

स्त्रोत : जिला साख्यिकीय रूपरेखा, झुंझुनू, 2020

तालिका 1.2: अध्ययन क्षेत्र झुंझुनूं जिले में दशकीय भूमि उपयोग का औसत

क्र.	भूमि उपयोग वर्गीकरण		(1999-00 से 2003-04) औसत		(2004-05 से 2008-09) औसत		दशकीय औसत अन्तर (प्रतिशत) (7-5)
			क्षेत्रफल (हे.में)	प्रतिशत (कुल भौगोलिक क्षेत्र का)	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	प्रतिशत	
1	2	3	4	5	6	7	8
1		वन भूमि	39615	6.70	39667	61.71	0.01
2	कृषि के लिए अनुपलब्ध	गैर कृषि कार्यो के अन्तर्गत क्षेत्र	20153	3.41	22113	3.74	0.33
		बंजर एवं कृषि अर्योग्य भूमि	15347	2.59	15367	2.60	0.01
		कृषि के लिए अनुपलब्ध	35500	6.00	37481	6.34	0.34
3.	अन्य अकृषित भूमि	स्थायी चारगाह एवं अन्य चारागाह	40283	6.81	39609	6.70	-0.11
		विविध प्रकार के पौधे	83	0.01	91	0.02	0.01
		कृषि योग्य बंजर भूमि	6326	1.07	6884	1.16	0.09
		कुल अकृषित भूमि	46692	7.89	46584	7.88	-0.01
4	कुल पड़त भूमि	पड़त भूमि : चालू पड़त के अलावा	21894	370	21684	3.67	-0.03
		चालू पड़त भूमि	40162	6.79	21874	3.70	-3.09
		कुल पड़त भूमि	62056	10.49	435858	7.36	-3.13
5.	शुद्ध बोया गया क्षेत्र		407820	68.93	424246	71.72	2.79
6.	कुल भौगोलिक क्षेत्र		591683	100.00	591536	100.00	0
7.	कुल बोया गया क्षेत्र		592734	100.18	664395	112.32	12.14
8.	एक से अधिक बार बोया गया क्षेत्र		184914	31.25	240149	40.60	9.35

स्त्रोत : कृषि सांख्यिकीय, कृषि मन्त्रालय, भारत सरकार

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

तालिका 1.3: अध्ययन क्षेत्र झुंझुनूं जिले में दशकीय भूमि उपयोग का औसत

क्र.	भूमि उपयोग वर्गीकरण		(2009-10 से 2014-15) औसत		(2014-15 से 2018-19) औसत		दशकीय औसत अन्तर (प्रतिशत) (7-5)
			क्षेत्रफल (हे.में)	प्रतिशत (कुल भौगोलिक क्षेत्र का)	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	प्रतिशत	
1	2	3	4	5	6	7	8
1	वन भूमि	39826	6.73	400045	6.77	0.04	
2	कृषि के लिए अनुपलब्ध	गैर कृषि कार्यो के अन्तर्गत क्षेत्र	22228	3.76	22189	3.75	-0.01
		बंजर एवं कृषि अर्योग्य भूमि	15650	2.65	15706	2.66	0.01
		कृषि के लिए अनुपलब्ध	37878	6.40	37895	6.41	0.01
3.	अन्य अकृषित भूमि	स्थायी चारगाह एवं अन्य चारागाह	39356	6.65	39252	6.64	-0.01
		विविध प्रकार के पौधे	52	0.01	30	0.01	0
		कृषि योग्य बंजर भूमि	6122	1.03	6207	1.05	0.02
		कुल अकृषित भूमि	45530	7.7	45488	7.69	-0.01
4	कुल पड़त भूमि	पड़त भूमि : चालू पड़त के अलावा	30046	5.08	38383	6.49	1.41
		चालू पड़त भूमि	24464	4.14	30778	5.20	1.06
		कुल पड़त भूमि	54510	9.22	69161	11.69	2.47
5.	शुद्ध बोया गया क्षेत्र		413791	69.95	398947	67.44	-2.51
6.	कुल भौगोलिक क्षेत्र		591536	100	591535	100	0
7.	कुल बोया गया क्षेत्र		673240	113.81	630817	106.64	-7.17
8.	एक से अधिक बार बोया गया क्षेत्र		259448	43.86	231870	39.20	-4.66

स्त्रोत : कृषि सांख्यिकीय, कृषि मन्त्रालयए भारत सरकार

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

India and Climate Diplomacy

Pallavi Sharma*

***Masters in Political Science, Jammu University, Jammu (J&K) INDIA**

Abstract - Climate Change refers to the Rise in average surface temperature on Earth. It can be due to Natural phenomenon like volcanic eruptions but it has been exacerbated by Anthropogenic factors like burning of fossil fuels ,Industrial emissions and Vehicular emissions.According to Intergovernmental Panel on Climate Change (IPCC) under the Sixth Assessment Report (AR6) Human induced global warming of 1.1 degrees Celsius has spurred changes to the Earth's Climate that are unprecedented in recent human history. This study focus on India's Climate diplomacy and voicing the concerns of developing states.
Keywords: Climate,Developing nation,Disaster Diplomacy.

Introduction - In 1960s With the publishing of book 'Silent Spring ' by Richard Carson the impact of Human activities on spoiling the environment was taken into consideration. Then in early 1970's at Sweden's request , the United Nations Conference on the Human Environment (UNCHE) was the first international meet on human impact on Environment. India's PM Indira Gandhi set the Development versus environment narrative back then by statement ,"Are not poverty and Need the greatest polluters?" by which she meant that fraction of countries consuming the bulk of resources and causing greater Environmental Degradation. Climate Change first gained significant attention in 1988.United Nations Framework Convention on Climate Change (UNFCCC)was adopted by various government representatives in May 1992 and came into force in 1994.Today it is the most widely supported international environmental agreement. Conference of The Parties are the gatherings held within the framework of The UNFCCC. The Ultimate objective of UNFCCC is to achieve stabilisation of GHG concentrations in the Atmosphere.The Kyoto protocol is an international treaty which extends the 1992 UNFCCC that commits state Parties to reduce greenhouse gases emissions. It was adopted in 1997 and came into force in 2005.The protocol is based on the Principle of ''common but differentiated responsibilities" as the developed countries are responsible for the current high levels of GHG emissions in the Atmosphere as a result of more than 150 years of Industrial activity, the protocol placed heavier burden on developed nations.

India's push for cooperation on climate change has expanded beyond simply seeking a multilateral solution to organising the emerging powers,or newly industrialised countries of the developing world into a Coalition. India has been a part of Three significant groupings -the Brazil,South Africa, India and China (BASIC) countries, the Brazil, Russia, India and China and South Africa (BRICS) and the Group of 77 (G-77) countries of Global South. BASIC was a key player at both Copenhagen and Paris Conference of the Parties (COPs) where India was recognised as a drafting author of the agreement. It led to adoption of Copenhagen Accord in 2009 at COP15 in line with the principle of common but differentiated responsibilities and respective capabilities (CBDR-RC).The Green Climate Fund (GCF) was established in Cancun Agreement and developed countries committed to a goal of mobilizing USD 100 billion per year by 2020 to address the needs of developing countries which still now have not been done.

The Paris Agreement is a legally binding international treaty on climate change adopted by 196 countries at UNFCCC Conference of Parties (COP21) in Paris on 12 December 2015 and entered into force on 4 November 2016.The main goal of the accord is to limit global warming to below 2 degree Celsius and preferably limit it to 1.5 degree Celsius compared to pre- industrial levels. At COP 21 in Glasgow UK India called for " Phase down" of coal based power instead of phase down in accordance for energy demands to be met by developing nations like India to cater to demands of rising population.At COP 27 in 2022 at Sharm-el -sheikh ,Egypt India led Mangrove alliance for Climate (MAC) , In our LiFEtime campaign with UNDP to encourage Youth to adopt sustainable lifestyle and make them Pro-Planet-People. Also Long- Term Low Emission Development Strategy was announced a roadmap to achieve net-Zero emissions by 2070.

During the Latest Cop 28 meet at UAE outcomes like First Global Stocktake to measure NDC's target and

agreement on operationalization of Loss and damage fund to provide financial help to countries trying to recover from climate -induced disasters. In his speech to COP28 PM modi said that India's global carbon emissions were just 4% despite having 17% of the global population.

As the world's third largest greenhouse gas emitting country, India is often criticised by the International community. However, it justifies itself by stating its low per capita emissions and low -historical emissions as compared to the developed world.

Institutions of Global Governance like WTO Have failed to cater to the developmental needs of the Global South when globalization has increased wealth inequalities and created undesirable dependencies. Through Institutions such as G20,International Solar alliance ,Indian ocean Rim Association(IORA) and Coalition for disaster resilient Infrastructure (CDRI),India is actively reconstructing the world order by offering sustainable solutions to challenges faced by humanity . In 2021 ,CDRI created the Infrastructure for the Resilient Island States (IRIS) initiative to cater to the infrastructural resilience of Small island Developing States (SIDS) like Fiji, Papua New Guinea etc. At its G20 presidency India inducted African union as a permanent member and once again voiced the concerns of Global South. India also launched The Global Biofuel Alliance to expediate the global uptake of Biofuels in line with the National Policy on biofuel with target of 20% ethanol blending by 2025.

India has always been the first responder whether it be Tsunami in Indonesia or the recent Earthquake in Turkiye. India is actively working to ensure maritime security and prosperity in the Indo-Pacific ,and the Indian Ocean region in particular which accounts for around 80% of maritime oil trade. In line with its Security and Growth for all in the Region (SAGAR) policy, India has established the Information Fusion Centre -Indian Ocean Region(IFC-IOR) which provides real time information to its partners to ensure maritime security. Indian Navy frequently conducts anti-piracy operations in the region extending from gulf of Aden to Malacca Straits ,the latest being operations to save MV Lila Norfolk from Somali pirates. India is working with countries like Bangladesh, Myanmar ,Srilanka etc. to boost blue economy By sustainably extracting ocean based resources in line with UNCLO's.

In 2015,India released its Nationally determined Contributions(NDC's) and they were revised in 2022 For instance to reduce the emission intensity of India's GDP by 45%by 2030.The targets are higher than before and accommodate the "Panchamrit"-goals presented by PM Modi at COP 26 to raise non-fossil fuel -based energy capacity of the country to 500GW by 2030 and to achieve Net zero emissions by the year 2070.PM Modi's global initiative to combat climate change -' Lifestyle for the Environment (LIFE) Movement .

India has taken various initiatives at national level like PM-KUSUM ,PM-UJJWALA to deal with climate change. Efforts like International solar alliance aims to create a "One Sun ,One World ,One Grid initiative" at international level.

Since Independence, India has been consumed by its domestic priorties.Now with increasing integration with the World and a huge stake in global stability ,it is time to focus on the Global commons.India has a seat on the hightable to design and shape the rules for the governance of the global commons for instance The Indian Antarctic bill 2022 for conservation of Antarctic Marine Living Resources .

India has shifted from its earlier defensive, neo-colonial attitude on the matter of climate responsiblity to a more proactive and cooperative internationalist approach in recent climate engagements.

References:-

1. Intergovernmental Panel on Climate Change, Climate Change 2022:Impacts, Adoptation,and Vulnerability.
2. Anna Hristova and Dobrinka Chankova,''Climate Diplomacy-A growing Foreign Policy Challenge''
3. Terra Nova -Analysing India's climate policy and the route post-COP27
4. Satyam Singh-'Problematising Revisionism: India's constructive revisionism Under the Modi Government'.
5. https://www.gatewayhouse.in/india-globalcommons/
6. https://www.indiatoday.in/history-of-it/story//cop28-summit-dubai-indiragandhi
7. The Hindu Newspaper.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

INDIA-US : Relations in the Present Changing World Order

Pallavi Sharma*

*Masters in Political Science, Jammu University, Jammu (J&K) INDIA

Abstract - India's relations with the outside world underwent a changing trajectory especially with the US post Cold war. This article aims to explore the growing convergence between US and India in this Multipolar world with the assertive China on the one hand and the growing conflicts in West Asia ,Europe and the protection of democratic Institutions around the world .

Keywords: QUAD, Multipolar, Supply chains, Democracy.

INDIA-US From Divergence To Convergence : The end of World War II and beginning of Cold war led to emergence of bipolar world divided between the US and erstwhile Soviet Union .Then , the US wanted India to join its Camp but Nehru resisted it and attempted to create a third Force-Non-Aligned Movement . Also India under Nehru Subscribed towards Socialistic Tendencies. The subsequent collapse of relations between the two created an opportunity for the latter to turn Pakistan into weaponised geography. In the wars like 1971 US supported Pakistan and relations soured with 1974's India's peaceful Nuclear explosions. Though 1998 Nuclear test also irked the US but with the Economic reforms in 1990's under Narasimha Rao and PM Vajpayee's Visits positive economic momentum had already begun which ultimately got a new shape by the India-US Civil Nuclear cooperation 2004 under Manmohan Singh.

India under PM Modi had overcome "the hesitations of History'' and call upon the two nations to ''work together to convert shared ideals into practical cooperation". India today is the Fifth largest economy in the world and a rising and bridging power in this Multipolar world amidst wars like Ukraine and Gaza.

India-US bilateral relations have developed into a "global strategic partnership", based on shared democratic values and increasing convergence of interests on bilateral,regional and global issues.

Today, the India-US bilateral cooperation is broad-based and multi-sectoral ,covering trade and investment ,and defence and security ,education ,science and technology, cyber security, high technology ,civil nuclear energy ,space technology and applications, clean energy, environment, agriculture and health.Vibrant people to people interaction and support across the political spectrum in both countries nurture our bilateral relationship.

US seeks partnership of trust in the region ,disengage from Pakistan and De-risk from China.The Vision of India and United States as among the closest partners in the world -a partnership of democracies looking into the 21st century with hope ,ambition ,and Confidence.India US ties also seems to be driven by 3D's -diaspora, democracy and diplomacy .

आचार्य शिवार्य मनोवैज्ञानिक एवं अनुभवी समाजषास्त्री थे, उन्होंने वृद्ध सेवा के गुणों के महत्त्व के साथ-साथ अवस्था के महत्त्व को भी स्वीकार किया है। वे कहते हैं कि गुणों से वृद्ध व्यक्तियों का संसर्ग लाभकारी है, क्योंकि जैसे-जैसे मनुष्य आयु के कारण प्रौढ़ अथवा वृद्धावस्था को प्राप्त होता है, उसके लोभ, राग, द्वेष, घमण्ड आदि भी मन्द होते जाते हैं। ऐसे मन्द कषायी वाले वृद्ध व्यक्तियों की संगति से व्यक्ति के राग-द्वेष, लोभ आदि भी मन्द हो सकते हैं। उदाहरण से इस बात को दृढ़ भी किया है, जैसे - तालाब में पत्थर के गिरने से पानी के नीचे बैठी हुई धूल अथवा कीचड़ ऊपर आकर जल को मैला कर देती हैं, उसी प्रकार से तरुण व्यक्तियों की संगति प्रशान्त वृद्ध लोगों के मोह एवं काम की प्रवृत्ति को उद्वेलित कर देती है। और जैसे कत्ताक फल (रीठाफल-निर्मली के पौधे का फल) पानी में डालने से गन्दा पानी भी निर्मल हो जाता है। उसी प्रकार, वृद्ध पुरुषों की सेवा से कलुशित, मोह इत्यादि शान्त हो जाते हैं।[2] इसके पश्चात् उन्होंने समाज की धुरी सर्वत्र गुणयुक्त एवं धर्मशील नारियों की प्रशंसा की है। शीलवती नारियों के विषय में वे कहते हैं कि जो गुणसहित स्त्रियाँ हैं, उनका यश लोक में फैला हुआ है तथा जो इस संसार में देवों में भी पूजनीय है उनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। क्योंकि तीर्थंकर, चक्रवर्ती, वासुदेव, बलदेव और श्रेष्ठ गणधरों को जन्म देने वाली महिलाएँ श्रेष्ठ देवों और उत्ताम पुरुषों के द्वारा पूजनीय होती है।[3] शिवार्य ने साथ ही आत्मविकास में बाधक के रूप में नारियों की कमजोरियों एवं दुर्गुणों को इस ग्रन्थ में वर्णित किया है वे कहते हैं कि -

स्त्रियों में विशेष विश्वास, स्नेह, परिचय, उचित नहीं है। वे परपुरुष पर आसक्त होने पर शीघ्र ही अपने कुल को अथवा कुलीन पति को भी छोड़ देती है।[4] इस प्रकार शिवार्य ने कई गाथाओं के माध्यम से भगवती आराधना में दोष युक्त नारी के दोषों का प्रगटीकरण किया है।[5] साथ ही कुलीन, चरित्रवान स्त्रियों के गुणों में आदरभाव भी प्रगट किया है।

नारी के चरित्र-चित्रण के उक्त विवरण के प्रसंग में आचार्य शिवार्य ने एक महत्त्वपूर्ण गाथा प्रस्तुत की है - नारियों के सम्बन्ध में जो दोष मैंने यहाँ प्रतिपादित किए हैं, वे प्रकारान्तर से पुरुषों में भी पाए जाते हैं। पथ-भ्रष्ट स्त्रियों में जो दोष होते हैं वे दोष पथ भ्रष्ट पुरुषों में भी होते हैं अथवा मनुष्यों में भी जो बल और शक्ति से युक्त होते हैं उनमें स्त्रियों से भी अधिक दोष होते हैं। जैसे अपने संयम एवं शील की रक्षा करने वाले पुरुषों के लिए परस्त्रियाँ निन्दनीय हैं वैसे ही अपने शील की रक्षा करने वाली स्त्रियों के लिए परपुरुष निन्दनीय है।[6]

आगे भगवती आराधनाकार कहते हैं कि दोषों की उपस्थिति के लिए नारी और पुरुष उतने जिम्मेदार नहीं हैं जितने कि उनके मन के भीतर बैठी हुई कशाय की प्रवृत्तियाँ हैं। मोह और तृष्णा इत्यादि के द्वारा ही ये दुर्मति पैदा होती है, यथा - सब जीव मोह के उदय से कुशील से मलिन होते हैं और वह मोह का उदय स्त्री-पुरुषों में समान रूप से होता है।[7] आचार्य शिवार्य ने इस नारी निन्दा विषयक प्रसंग के अन्तर्गत नारियों के सम्बन्ध में प्रचलित कतिपय शब्दों के व्युत्पत्ति मूलक अर्थों को भी स्पष्ट किया है। ये शब्द नारी के व्यक्तित्त्व के विकास को तो स्पष्ट करते ही हैं, साथ ही कोषशास्त्र की दृष्टि से भी इनका विशेष महत्त्व है।

भगवती आराधना में शिवार्य की दृष्टि से नारी के लिए प्रचलित कतिपय शब्दों की परिभाषाएँ इस प्रकार हैं -

1. **वधू** - पुरुष का वध करती है इसलिए उसे वधू कहते हैं।
2. **स्त्री** - मनुष्य में दोषों को एकत्र करती है इसलिए स्त्री कहलाती है।
3. **नारी** - मनुष्य का 'अरि' अर्थात् शत्रु दूसरा कोई नहीं है इसलिए उसे नारी कहते हैं।
4. **प्रमदा** - पुरुष को सदा प्रमत्त करती है इसलिए उसे प्रमदा कहते हैं।
5. **विलया** - पुरुष के गले में अनर्थ लाती है अथवा पुरुष को देखकर विलीन होती है इसलिए उसे विलया कहते हैं।
6. **योषा** - पुरुष को दु:ख से योजित करती है इससे युवती और योषा कहते हैं।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

7. अबला – जिसके हृदय में धैर्य रूपी बल नहीं होता है अत: वह अबला कही जाती है।
8. कुमारी – कुमरण का उपाय उत्पन्न करने से कुमारी कहते हैं।
9. महिला – पुरुष पर आल- ढोषारोपण करती है इसलिए महिला है। इस प्रकार स्त्रियों के सब नाम अशुभ होते हैं।[8] इस प्रकार शिवार्य ने स्त्रियों के दोषों का जो वर्णन किया है वह स्त्री सामान्य की दृष्टि से किया है। शीलवती स्त्रियों में ऊपर कहे दोष नहीं होते वे तो सर्वत्र पूजनीय होती है।[9]

आचार्य का यह कथन सांसारिक दृष्टि से विशेष महत्त्व का है, इस कथन के द्वारा उन्होंने समाज में नारियों के प्रति जो प्रतिष्ठा बढ़ रही थी उसकी ओर संकेत किया है। शिवार्य का यह कथन पुरुष और नारी के समानता का भी उद्धोषक है तथा दुर्गुणों के मूल कारणों तक पहुँचने की उनकी दृष्टि का भी परिचायक है।

भगवती आराधना में श्रमणों के आचार वर्णन प्रसंग में आहारचर्या का उल्लेख है। श्रमणों को प्रासुक आहार लेना चाहिए, कई प्रकार के दोषयुक्त आहार तथा पानक आदि नहीं लेने चाहिए। ग्रन्थ में तत्कालीन समय के समाज में प्रचलित अनेक प्रकार के भोजन एवं पानक वस्तुओं की सूची प्राप्त होती है उनका वर्गीकरण स्वाद्य रूप तीन प्रकार से किया गया है। पकाए हुए भोजन के पारस्परिक सम्मिश्रण से उनके जो सांकेतिक नाम प्रचलित थे, वे इस प्रकार हैं[10] –
1. **संसिद्ध –** जो शाक आदि व्यंजन से मिला हुआ हो।
2. **फलिह –** जिसके चारों ओर शाक बीच में भात रखा हुआ हो।
3. **परिखा –** चारों ओर व्यंजन हो बीच में अन्न रखा हो।
4. **पुप्फोवहिद –** व्यंजनों के मध्य में पुष्पावली के समान चावल रखे हों।
5. **सुद्धगोवहिदं –** शुद्ध अर्थात् बिना कुछ मिलाए अन्न से 'उपहित' अर्थात् मिले हुए शाक व्यंजन आदि।
6. **लेवड –** जिससे हाथ लिप जाए।
7. **अलवेड –** जो हाथ से न लिप्त हो।
8. **पान –** सिक्थ सहित पेय और सिक्थ रहित पेय।
9. **धृतपूरक –** आटे की बनाई हुई पूड़ी।

भोज्य पदार्थों के अतिरिक्त पेय पदार्थों का विवरण **भगवती आराधना** में पृथक् रूप से प्राप्त होता है, जिन्हें छ: प्रकार का बताया गया है –
1. **स्वच्छ –** गर्म जल सौवीरक।
2. **बहल –** इमली आदि फलों का रस।
3. **लेवड –** दही आदि जो हाथ से लिप्त हो जाता है।
4. **अवलेवड –** माँड आदि (जो हाथ से लिप्त न हो।
5. **सिक्थ –** सिक्थ सहित पेय।
6. **सिक्थ –** सिक्थ रहित पेय। ये छहों प्रकार के पानक परिकर्म योग्य हैं।[12]

विभिन्न पेशों एवं पेशेवर जातियों के उल्लेखों की दृष्टि से **भगवती आराधना** का विशेष महत्त्व है। ईस्वी की प्रथम शताब्दी में प्राचीन भारत में कितने प्रकार के आजीविका के साधन थे उन साधनों में लगे हुए लोग किस नाम से पुकारे जाते थे, इस ग्रन्थ में इसकी जानकारी प्राप्त होती है। तत्कालीन सामाजिक दृष्टि से भी उनका विशेष महत्त्व है। महाजनपदयुग (6 बी.सी.) विभिन्न पेशों अथवा शिल्पों का विकास युग माना गया है, 36 प्रकार की जातियों की स्पष्ट झलक **भगवती आराधना** में मिलती है, जो इस प्रकार हैं[12] – 1. **गंधव्व** (गान्धर्व) 2. **णट्ट (नर्त्तक)** 3. **जट्ट** (हस्तिपाल) 4. **अस्स** (अश्वपाल) 5. **चक्क** (कुम्भकार) 6. **जंत** (तिल, इक्षुपीलनयन्त्र, यान्त्रिका) 7. **अग्गिकम्म** (आतिशबाजी) 8. **फरूस** (शांखिक, मणिकार, आदि) 9. **णत्तिक** (कौलिक, जुलाहा) 10. **रजक** (रजय) 11. **पाडहिय** (पटहवादक) 12. **डोम्ब** (डोम) 13. **णड** (नट) 14. **चारण** (भाट, गायक) 15. **कोट्टय** (कुट्टक, लकड़ी काटने वाला) 16. **करकच** (कतर-ब्योंत करने वाला) 17. **पुष्पकार** (माली) 18. **कल्लाल** (नशीली वस्तुएँ बेचने वाला) 19. **मल्लाह**[13] 20. **काष्ठिक** (बढ़ई) 21. **लौहिक** (लुहार) 22. **मात्सिक** 23. **पात्रिक** 24. **कांडिक** 25. **दाण्डिक** 26. **चार्मिक** 27. **छिंपक** 28. **भेषक** 29. **पण्डक** 30. **सार्थिक** (सेवक) 31. **ग्राविक** 32. **कोट्टपाल** 33. **भट** 34. **पण्यनारीजन** 35. **द्यूतकार** 36. **विट**। ये सभी जातियाँ शिवार्य के समय में सामाजिक व्यवस्था हेतु प्रचलित थी।

प्राचीन भारत के **आर्थिक जीवन एवं उद्योग-धन्धों के भी** इस ग्रन्थ में विवरण मिलते हैं, जिनसे यह विदित होता है कि दोषियों के प्रति दण्ड-प्रथा अत्यन्त कठोर होने एवं जनसामान्य के प्राय: सरल होने के कारण तथा कठोर परिश्रम पर बल देने के कारण उस युग का औद्योगिक वातावरण शान्त रहता था। सभी को अपनी प्रतिभा, चतुराई एवं योग्यतानुसार प्रगति के समान अवसर प्राप्त रहते थे। कुटीर एवं लघु उद्योग-धन्धों का प्रचलन सामान्य था, जिसे समाज एवं राज्य का सहयोग एवं संरक्षण प्राप्त रहता था। कुछ प्रमुख उद्योग एवं धन्धों का विवरण इस प्रकार है –
1. **चर्मोद्योग –** चमड़े पर विविध प्रकार के वज्रलेप आदि करके उससे विविध वस्तुओं का निर्माण।[14]
2. **सूती वस्त्रोद्योग –** सूत्री वस्त्रों का निर्माण, उन पर चित्रकारी, वस्त्र सिलाई, कटाई एवं रंगाई।[15]
3. **रेशमी वस्त्रोद्योग –** रेशम के कीड़े का पालन-पोषण एवं रेशमी वस्त्र का निर्माण।[16]
4. **बर्तन निर्माण –** शिवार्य के समय में काँसे के बर्तनों का निर्माण अधिक होता था। स्वास्थ्य के लिए हितकर होने की दृष्टि से उसका प्रचलन अधिक था। आयुर्वेदीय सिद्धान्त के अनुसार उसमें भोजन-पान करने से प्रयोक्ता को विशिष्ट ऊर्जा-शक्ति की प्राप्ति होती थी।[17]
5. **सुगन्धित पदार्थों का निर्माण –** शारीरिक सौन्दर्य के निखार हेतु जड़ी-बूटियों का लोघ्र आदि पदार्थों में स्नान पूर्व मर्दन, अभ्यंगन की सामग्री का निर्माण, मिट्टी के सुवासित मुख लेपन चूर्ण (थंबमचंबा) एवं अन्य वस्तुएँ।[18]
6. **रत्न छेदन घर्षण –** रत्नों की खरीद एवं उनमें छेद करना।[19]
7. **औषधि निर्माण –** तरह-तरह की रोग निवारक, वात, पित्त, कफ के रोगों की नाशक औषधियों का निर्माण।[20]
8. **आभूषण निर्माण –** मुकुट अंगद, हार, कड़े आदि बनाने के साथ-साथ लोहे पर सोने का मुलम्मा अथवा पत्ता पानी चढ़ाना तथा लाख की चूड़िया बनाना।[21]
9. **मूर्ति निर्माण** [22]
10. **चित्र निर्माण** [23]
11. **युद्ध सामग्री का निर्माण**
12. **नौका निर्माण**
13. **लौह उद्योग –** दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुएँ तैयार करना। इस शिवार्य कालीन औद्योगिक विकास सन्तुष्टि प्रदायक आजीविका अनुकूल था।

भगवती आराधना यद्यपि धर्म-दर्शन एवं आचारपरक ग्रन्थ है, फिर भी उसमें भूगोल के तत्कालीन प्रचलित कुछ उल्लेख प्राप्त होते हैं, जिनका

आधुनिक भौगोलिक सिद्धान्तों के सन्दर्भ में वर्गीकरण एवं विश्लेषण प्रो. राजाराम जैन ने अपने आलेख में किया है।[24]

प्रो. राजाराम के मूल्यांकन के अनुसार - पर्वतों में मुद्गल पर्वत[25] (आधुनिक मुंगेर बिहार), कोल्लगिरी[26] (कावेरी नदी का उद्गम स्थल) एवं द्रोणगिरि[27] पर्वत के उल्लेख **भगवती आराधना** में मिलते हैं। नदियों में **गंगा**[28] एवं यमुना के नामोल्लेख मिलते हैं, यमुना को **णइपूर**[29] कहा गया है अर्थात् ग्रन्थकार के समय से लेकर टीकाकार के समय तक यमुना नदी में अन्य नदियों की अपेक्षा अधिक बाढ़ आती रहती थी। अत: उसका अपरनाम **'णइपूर' (बाढ़ वाली नदी)** के नाम से प्रसिद्ध रहा होगा।

अन्य सन्दर्भों में देखें तो **भगवती आराधना** में **पृथ्वी** के भेदों में मिट्टी, पाषाण, बालू, नमक आदि, **जल** के भेदों में हिम, ओसकण, हिम बिन्दु आदि, **वायु** के भेदों में झंझावात (जल- वृष्टि युक्त वायु Cyclonic Winds) तथा माण्डलिक वायु (वर्त्तुलाकार भ्रमण करती हुई) तथा **वनस्पति** के भेदों में बीज, अनन्तकायिक, प्रत्येक कायिक, वल्ली, गुल्म, लता, तृण, पुष्प एवं फल आदि को लिया गया है[30] जो वर्तमान प्राकृतिक भूगोल के लिए भी शोध का विषय है।

प्राकृतिक दृष्टि में प्रदेशों का वर्गीकरण कर उनका नामकरण है -

1. **अनूप देश** (जलबहुल प्रदेश)
2. **जांगल देश** (वन-पर्वत बहुल एवं अल्पवृष्टि वाला प्रदेश)
3. **साधारण देश** (उक्त प्रथम दो लक्षणों के अतिरिक्त स्थिति वाला प्रदेश)।[31]

राजनैतिक भूगोल के अन्तर्गत प्रशासनिक सुविधाओं की दृष्टि से द्वीपों, समुद्रों, देशों, नगर-ग्रामों आदि की कृत्रिम सीमाएँ निर्धारित की जाती है। इस दृष्टि से **भगवती आराधना** का अध्ययन करने से उसमें कुछ देश, नगर एवं ग्रामों के नामोल्लेख मिलते हैं। जो इस प्रकार हैं -

देशों में बर्बर, चिलातक, पारसीक, अंग, बंग एवं मगध नाम प्राप्त होते हैं। जैन परम्परा के अनुसार ये देश कर्म-भूमियों के अन्तर्गत वर्णित हैं। आचार्य शिवार्य ने प्रथम तीन देश म्लेच्छ देशों में बताकर उन्हें संस्कार विहीन देश कहा है।[32]

महाभारत में भी बर्बर को एक प्राचीन म्लेच्छ देश तथा वहाँ के निवासियों को बर्बर कहा गया है।[33] नकुल ने अपनी पश्चिमी दिग्विजय के समय उसे जीतकर भेंट वसूल की थी। एक अन्य प्रसंग के अनुसार वहाँ के लोग युधिष्ठिर के राजसूर्य यज्ञ में भेंट लेकर आए थे।[34] प्रतीत होता है कि बर्बर देश ही आगे चलकर अरब देश के नाम से प्रसिद्ध हो गया।

उत्तराध्ययन की **सुखबोध टीका** के मूल कथानक में एक प्रसंगानुसार सार्थवाह अचल ने व्यापारिक सामग्रियों के साथ पारसकुल की यात्रा जल-मार्ग द्वारा की तथा वहाँ से अनेक प्रकार की व्यापारिक सामग्रियाँ लेकर लौटा।[35] प्रतीत होता है कि यही **भगवती आराधना** का पारसीक देश है। वर्तमान में इसकी पहचान ईराक-ईरान से की जाती है। क्योंकि ये देश आज भी (Percian Gulf) के नाम से प्रसिद्ध है।

चिलातक देश का उल्लेख बर्बर एवं पारसीक के साथ म्लेच्छ देशों में होने वाले से इसे भी उनके आस-पास ही होना चाहिए। सम्भव है कि वह वर्तमान चित्राल हो, जो कि वर्तमान पाकिस्तान का क्षेत्र है। अंग एवं मगध की पहचान वर्तमानकालीन बिहार तथा बंगदेश की पहचान वर्तमान बंगाल एवं बांग्लादेश से की गई है।[36] नगरों में पाटलीपुत्र[37], दक्षिण-मथुरा[38], मिथिला[39], चम्पानगर[40], कोसल अथवा अयोध्या एवं श्रावस्ती[41] प्रमुख हैं। ये नगर प्राच्य भारतीय वांङ्मय में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। जैन, बौद्ध एवं वैदिक कथा-साहित्य तथा तीर्थंकरों तथा बुद्ध, राम एवं कृष्णचरित में और भारतीय इतिहास की प्रमुख घटनाओं का कोई न कोई प्रबल पक्ष इन नगरों के साथ इस भाँति जुड़ा हुआ है कि इनका उल्लेख किए बिना वे अपूर्ण है ऐसा प्रतीत होता है।

अन्य सन्दर्भ में कुल, ग्राम एवं नगर के उल्लेख आए हैं।[42] ग्रामों में **'एकरथ्या ग्राम'**[43] का सन्दर्भ आया है। सम्भवत: यह ऐसा ग्राम होगा जो कि एक ही ऋजुमार्ग के किनारे-किनारे सीधा लम्बा बसा होगा। समान स्वार्थ राज्यों एवं सुरक्षा को ध्यान में रखकर ग्राम, नगर अथवा राज्यों का जो संघ बन जाता था, वह कुल कहलाता है।

भगवती आराधना में 4 प्रकार के मनुष्यों का भी उल्लेख मिलता है -

1. **कर्मभूमिज** अर्थात् वे मनुष्य जो कर्मभूमियों में निवास करते हैं और जहाँ असि, मषि, कृषि, शिल्प, सेवा, वाणिज्य आदि के साथ-साथ पशु-पालन एवं व्यावहारिकता आदि कार्यों में आजीविका के साधन मिल सकें। साथ ही साथ स्वर्ग-मोक्ष प्राप्त करने के साधन भी मिल सकें। इस भूमि के मनुष्य अपने-अपने कर्मों एवं संस्कारों के अनुरूप प्राय: सुडौल एवं सुन्दर होते हैं।
2. **भोगभूमिज**, मनुष्य मद्यांग, तूर्यांग आदि 10 प्रकार के कल्पवृक्षों के सहारे जीवन व्यतीत करते हैं।
3. **भगवती आराधना** के टीकाकारानुसार **अन्तर्द्वीपज** मनुष्य वे हैं जो कालोदधि एवं लवणोदधि समुद्रों के बीच में स्थित 86 अन्तर्द्वीपों से कहीं उत्पन्न होते हैं। यू गूंगे, एक पैर वाले, पूंछ वाले, लम्बे कानों वाले एवं सींगों वाले होते हैं। किसी-किसी मनुष्य के कान तो इतने लम्बे होते हैं कि उन्हें ओढ़ सकते हैं। कोई-कोई मनुष्य हाथी एव घोड़े के समान कानों वाले होते हैं।
4. **सम्मूर्छन** मनुष्य कर्मभूमिज मनुष्यों के श्लेष्म, शुक्र, मल-मूत्र आदि अंगद्वारों के मल से उत्पन्न होते ही मर जाते हैं। उनका शरीर अंगुल के असंख्यातवें भाग प्रमाण बताया गया है।[44]

उक्त मनुष्य योनि के जीवों के प्रकारों में से अन्तिम तीन प्रकार के मनुष्यों का वर्णन विचित्र होने एवं नृतत्त्व-विद्या (Anthropology) से मेल न बैठने के कारण उन्हें पौराणिक-विद्या की कोटि में रखा जाता है।

शिवार्य कला एवं विज्ञान के भी जानकार थे। उन्हें भगवती आराधना में इस समय भी कला एवं विज्ञान का जो स्वरूप था उसकी झलक यहाँ प्रस्तुत की है। **भगवती आराधना** में **वास्तुकला** के अन्तर्गत गन्धर्वशाला, नृत्यशाला, हस्तिशाला, अश्वशाला, तैलपीलन, इक्षुपीलन सम्बन्धी यन्त्रशाला, चक्रशाला, अग्निकर्मशाला, शांखिक एवं मणिकारशाला, कौलिकशाला, रजकशाला, नटशाला, अतिथिशाला, मद्यशाला, देवकुल, उद्यानगृह आदि[45] **स्थापत्यकला एवं शिल्पकला** के अन्तर्गत लोहपडिमा[46](लोहे की प्रतिमा), पुव्वरिसीणपडिमा[47] (प्राचीन ऋषियों की प्रतिमा), कट्ठकम्म[48](काष्ठ, पाषाण, हाथीदाँत आदि में अंकित किए गए स्त्री-पुरुषों के रूप), चितकम्म[49] (चित्र में अंकित रूप), जोणिकसिलेसो[50] (चर्म के साथ उतरने वाला वज्रलेप), कंसियभिंगार[51] (काँसे का बना हुअर भृंगार), आदि तथा **संगीतकला** के अन्तर्गत पांचाल-संगीत[52] के नामोल्लेख मिलते हैं।

ईस्वी की प्रथम सदी के जैनाचार्य शिवार्य को तत्कालीन **भौतिक विज्ञान** की भी जानकरी थी, **भगवती आराधना** में उसका पुट मिलता है - जोणिकसिलेसो (वज्रलेप), रसपीदंयं (सोने के रस के लेप से बनी वस्तु),

कवडुक्कडं तनुसुवर्णपत्राच्छादितम्[53] (सोने के पतले पत्र से ढका लोहे का कढ़ा) तथा किमिरागकंवल[54] (कृमि के द्वारा त्यागे गए रक्त आहार से रंजित तन्तुओं से बना कंबल कृमिराग कंबल है।), जदुरागवत्थ स्वर्ण के साथ लाक्षा-क्रिया (लाख की क्रिया) आदि उदाहरण के रूप में वर्णित किए हैं।

भगवती आराधना में **आयुर्विज्ञान**-सम्बन्धी सामग्री उपलब्ध है। मानव-शरीर संरचना का वर्णन ग्रन्थकार ने विस्तारपूर्वक किया है, जो संक्षेप में निम्न प्रकार है :

1. मानव-शरीर में 300 हड्डियाँ हैं जो मज्जा नामक धातु से भरी हुई है। उनमें 300 जोड़ लगे हुए हैं।
2. मक्खी के पंख के समान पतली त्वचा से यदि यह शरीर न ढंका होता तो दुर्गन्ध से भरे इस शरीर को कौन छूता?
3. मानव शरीर में 900 स्नायु, 700 शिराएँ एवं 500 माँस-पेशियाँ हैं।
4. उक्त शिराओं के 4 जाल, 16 कंडरा (रक्त से पूर्ण महाशिराएँ) एवं 6 शिराओं के मूल हैं।
5. मानव शरीर में 2 माँसरज्जु हैं जिसमें एक पीठ और एक पेट के आश्रित हैं।
6. मानव शरीर में 7 त्वचाएँ, 7 कालेयक (माँस खण्ड) एवं 80 लाख करोड़ रोम हैं।
7. पक्वाशय एवं आमाशय में 16 आँतें रहती हैं।
8. दुर्गन्धमल के 7 स्थान है।
9. मनुष्य देह में 3 स्थूणा (वात-पित्त श्लेष्म), 107 मर्मस्थान और 9 व्रणमुख मलद्वार है जिनसे सदा मल बहता रहता है।
10. मनुष्य देह में वसा (चर्बी) नामक धातु 3 अंजुली प्रमाण, पित्त, 6 अंजुली प्रमाण एवं श्लेष्म (कफ) 6 अंजुली प्रमाण ही रहता है।
11. मनुष्य देह में मस्तक अपनी एक अंजुली प्रमाण है। इसी प्रकार मेद भी एक अंजुली प्रमाण है एवं ओज अर्थात् वीर्य एक अंजुली प्रमाण है।
12. मानव शरीर में रूधिर का प्रमाण आढ़क (बत्तीस पल प्रमाण), मूत्र 1 आढ़क प्रमाण तथा विष्ठा 6 प्रस्थ प्रमाण है।
13. मानव शरीर में 20 नख एवं 32 दाँत होते हैं।[55]
14. मानव-शरीर में समस्त रोम-रन्ध्रों से चिकना पसीना निकलता रहता है।[56]
15. मनुष्य के पैर में काँटा घुसने से उसमें सबसे पहले छेद होता है फिर उसमें अंकुर के समान माँस बढ़ता है फिर वह काँटा नाड़ी तक घुसने से पैर में माँस विघटने लगता है, जिससे उसमें अनेक छिद्र हो जाते हैं और पैर निरुपयोगी हो जाता है।[57]
16. यह शरीर रूपी झोपड़ी हव्यिों से बनी है। नस जाल रूपी बक्कल से उन्हें बाँधा गया हैं, माँस रूपी मिट्टी से उसे लीपा गया है और रक्तादि पदार्थ उसमें भरे हुए हैं।[58]
17. माता के उदर से वात द्वारा भोजन को पचाया जाकर जब उसे रस भाग एवं खल भाग में विभक्त कर दिया जाता है तब रस भाग का 1-1 बिन्दु गर्भस्थ बालक ग्रहण करता है। जब तक गर्भस्थ बालक के शरीर में नाभि उत्पन्न नहीं होती, तब तक वह चारों ओर से मातृभुक्त आहार ही ग्रहण करता है।[59]
18. दाँतों से चबाया गया, कफ से गीला होकर मिश्रित हुआ अन्न उदर में पित्त के मिश्रण से कड़ुआ हो जाता है।[60]

भौतिक एवं आध्यात्मिक विद्या-सिद्धियों के प्रमुख साधना-केन्द्र इस मानव तन का निर्माण किस-किस प्रकार से होता है। गर्भ में वह किस प्रकार आता है तथा किस प्रकार उसके शरीर का क्रमिक-विकास होता है, उसकी क्रमिक अवस्थाओं का ग्रन्थकार ने स्पष्ट चित्रण किया है -

माता के उदर में शुक्राणुओं के प्रविष्ट होने पर 10 दिनों तक मानव-तन गले हुए ताँबे एवं रजत के मिश्रित रंग के समान रहता है। अगले 10 दिनों में वह कृष्ण-वर्ण का हो जाता है। अगले 10 दिनों में वह यथावत् स्थिर रहता है। दूसरे महीने में मानव-तन की स्थिति एक बबूले के समान हो जाती है। तीसरे माह में वह बबूला कुछ कड़ा हो जाता है। चौथे मास में उसमें माँस-पेशियों का बनना प्रारम्भ हो जाता है। पाँचवें माह में उक्त माँस-पेशियों में पाँच पुलक अर्थात् पाँच अंकुर फूट जाते हैं, जिनमें से नीचे से दो अंकुरों से दो पैर और ऊपर के तीन अंकुर में से बीच के अंकुर से मस्तक तथा दोनों बाजुओं में से दो हाथों के अंकुर फूटते हैं। छठवें माह में हाथ-पैरों एवं मस्तक की रचना एवं वृद्धि होने लगती है। सातवें मास में उस मानव-तन के अवयवों पर चर्म एवं रोम की उत्पत्ति होती है तथा हाथ-पैर के नख उत्पन्न हो जाते हैं इसी मास में शरीर में कमल के डण्ठल के समान दीर्घनाल पैदा हो जाती है, तभी से यह जीव माता का खाया हुआ आहार उस दीर्घनाल से ग्रहण करने लगता है। आठवें मास में उस गर्भस्थ मानव-तन में हलन-चलन क्रिया होने लगती है। नौवें अथवा दसवें मास में वह सर्वांग होकर जन्म ले लेता है।[61] इस तरह **भ्रूण-विज्ञान** की चर्चा भगवती आराधना में दृष्टिगोचर होती है।

शरीर के रोगों एवं उपचार की भी भगवती आराधना में विस्तृत चर्चा है। उसमें से कुछ इस प्रकार हैं - आँख में 96 प्रकार के रोग होते हैं।[62] **मूलाराधना** के टीकाकार पं. आशाधर के अनुसार - शरीर में कुल मिलाकर 5,68,99,584 रोग होते हैं।[63] वात, पित्त एवं कफ के रोगों में भयंकर दाह उत्पन्न होती है।[64] ईख कुष्ठ रोग को नष्ट करने वाला रसायन है।[65] वात-पित्त-कफ से उत्पन्न वेदना की शान्ति के लिए आवश्यकतानुसार वस्तिकर्म (एनिमा), उष्णकरण (गर्म लोहे से दागना), ताप-स्वेदन (पसीना लाना), आलेपन (लेप करना), अभ्यंगन एवं परिमर्दन (प्रासुक जल का सेवन करना) क्रियाओं के द्वारा चिकित्सा करनी चाहिए।[66] गोदुग्ध, अजमूत्र एवं गोरोचन से पवित्र औषधियाँ मानी गई है।[67] काँजी पीने से मदिराजन्य उन्माद नष्ट हो जाता है।[68] मनुष्य को तेल एवं कशायले द्रव्यों का अनेक बार कुल्ला करना चाहिए, इससे जीभ एवं कानों में सामर्थ्य प्राप्त होता है अर्थात् कशायले द्रव्य के कुल्ले करने से जीभ के ऊपर का मल निकल जाने से वह स्वच्छ हो जाने के कारण स्पष्ट एवं मधुर वाणी बोलने की सामर्थ्य प्राप्त होती है।[69] मनुष्य को अन्न पानकों की अपेक्षा पानक अधिक लाभकर होता है, क्योंकि उससे कफ का क्षय, पित्त का उपषम एवं वात का रक्षण होता है। पेट की मल शुद्धि के लिए मांड सर्वश्रेष्ठ रेचक है। काँजी से भीगे हुए बिल्व-पत्रादिकों से उदर को सेंकना चाहिए तथा सेंधा नमक आदि से संसिक्त वत्ती गुदा-द्वार में डालने से पेट साफ हो जाता है।[70] पुरुष के आहार का प्रमाण 32 ग्रास एवं महिला का 28 ग्रास होता है।[71] उपवास के बाद मित और हल्का भोजन लेना चाहिए।[72]

इस प्रकार **भगवती आराधना** नामक ग्रन्थ नि:सन्देह ही सिद्धान्त, आचार, अध्यात्म तथा मनोवैज्ञानिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक सामग्रियों का कोष ग्रन्थ है। आचार्य शिवार्य ने उक्त सन्दर्भो के हर पहलू को उजागर कर जनमानस को अमूल्य निधि प्रदान की है। इसके अध्ययन से प्राकृत के ग्रन्थों के सांस्कृतिक अध्ययन की प्रेरणा मिलती है। यह ग्रन्थ प्राकृत-साहित्य के अध्ययन की दिशा में नए तत्त्वों को जोड़ता है।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. भगवती आराधना, गाथा 1064-1065
2. वही, गाथा 1066-1067
3. भगवती आराधना, गाथा 989-990
4. महिलासु णत्थि वीसंभपणयपरिचयकदण्णढा णेहो।
   लहुमेव परगयमणा ताओ सकुलंपि जहंति।। - वही, गाथा 937
5. वही, गाथा 942, 951, 957, 981
6. वही, गाथा 987-988
7. मोहोदयेण जीवो सव्वो दुस्सीलमइलिदो होदि।
   सो पुण सव्वो महिला पुरिसाणं होइ सामण्णो।।- वही, गाथा 995
8. वही, गाथा 971-975
9. वही, गाथा 996
10. संसिट्ठ फलिह परिखा पुप्फोवहिदं व सुद्धगोवहिदं।
    लेवऽमलेवडं पाणाय च णिरिस्सित्थं ससित्थं।। - वही, गाथा 222
11. सत्थं वहलं लेवडमलेवडं च ससित्थयमसित्थं।
    छव्विहपाणयमेयं पाणयपरिकम्मपाओग्गं।।- वही, गाथा 699
12. वही, गाथा 632, 633
13. देखें, मूलाराधना की अमितगति सं. टीका श्लोक सं. 656-657, गाथा 1774, पृ. 834-835
14. चम्मेण सह अवेंतो ण य सरिसो जोणिकसिलेसो।। - वही, गाथा 339
15. तुण्णेइ वुणइ जाचइ कुलम्मि जादो वि विसयवसो।।- वही, गाथा 911
16. कोसेण कोसियारूव्व दुम्मदी णिच्च अप्पाणं।। - वही, गाथा 913
17. जह कंसियभिंगारो अंतो णीलमइलो बहिं चोक्खो।।- वही, गाथा 581
18. वज्जेदि बंभचारी गंधं मल्लं च धूपवासं वा।
    संवाहणपरिमद्दणपिणिद्धणादीणि य विमुत्ती।।- वही, गाथा 93
19. वइरं रदणेसु जहा गोसीसं चंदणं व गंधेसु।
    वेरूलियं व मणीणं तह ज्झाणं होइ खवयस्स।।- वही,, गाथा 1890
20. वही, गाथा 1564
21. रसपीदयं व कडयं अहवा कवडुक्कडं जहा कडयं।
    अहवा जदुपूरिदयं तधिमा सल्लुद्धरणसोधी।।- वही, गाथा 585
22. पुव्वरिसीणं पडिमाओ वंदमाणस्स होइ जदि पुण्णं।- वही, गाथा 2002
23. सो चित्तकम्मसमणीव्व समणरूवो असमणो हु।।- वही, गाथा 1330
24. प्रो. राजाराम जैन, मूलाराधना का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मूल्यांकन (लेख), आचार्य श्री देशभूषण जी महाराज, अभिनन्दन ग्रन्थ, पृ. 61-62
25. भारत के प्राचीन जैन तीर्थ, डॉ. जे.सी. जैन, वाराणसी, 1952, पृ. 26
26. भगवती आराधना, गाथा 2067, महाभारत, सभापर्व, 31/68
27. वही, गाथा 1547
28. भगवती आराधना, गाथा 1538
29. वही, गाथा 1540
30. अनूपजागंलसाधारणक्षेत्र परिज्ञानं। - वही, गाथा 453, विजयोदया टीका, पृ. 357
31. वही, गाथा 610, विजयोदया टीका, पृ. 418
32. वही, गाथा 1863, विजयोदया टीका, पृ. 830
33. महाभारत - सभापर्व, 32/17
34. महाभारत - सभापर्व, 51/23
35. प्राकृत प्रबोध (मूलदेव कथानक), चौखम्बा, वाराणसी
36. मूलाराधना का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मूल्यांकन लेख, प्रो. राजाराम, पृ. 63
37. भगवती आराधना, गाथा 2068
38. वही, गाथा 59, विजयोदया टीका, पृ. 101
39. वही, गाथा 751, विजयोदया टीका, पृ. 470
40. वही, गाथा 758
41. वही, गाथा 2067, 2069
42. वही, गाथा 295
43. वही, गाथा 112
44. वही, गाथा 448, विजयोदया टीका, पृ. 344
45. वही, गाथा 632-633
46. वही, गाथा 1564
47. वही, गाथा 2002
48. वही, गाथा 1053
49. वही, गाथा 1330
50. वही, गाथा 339
51. वही, गाथा 581
52. वही, गाथा 1350
53. वही, गाथा 585
54. वही, गाथा 569
55. वही, गाथा 1021-1029
56. भगवती आराधना, गाथा 1036
57. वही, गाथा 467
58. वही, गाथा 1810
59. वही, गाथा 1010
60. वही, गाथा 1009
61. वही, गाथा, 1001-1004
62. वही, गाथा 1048
63. पंचेव य कोडीओ भंवति तह अट्ठसट्ठिलक्खाइं।
    णवणवर्दि च सहस्सा पंचसया होंति चुलसीदी।।
    - मूलाराधना, गाथा 1054
64. भगवती आराधना, गाथा 1047
65. वही, गाथा 1217
66. वही, गाथा 1493-1494
67. वही, गाथा 1046
68. वही, गाथा 362
69. वही, गाथा 687
70. वही, गाथा 700-702
71. वही, गाथा 213
72. वही, गाथा 253

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

हिन्दी साहित्यकार और स्त्री विमर्श

डॉ. बबीता यादव*

* सहायक प्राध्यापक, नवसंवत विधि महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – 'स्त्री विमर्श' उस साहित्यिक आंदोलन को कहा जाता है, जिसमें स्त्री अस्मिता को केन्द्र में रखकर संगठित रूप में स्त्री साहित्य की रचना की गई हो। हिन्दी साहित्य में स्त्री विमर्श अन्य अस्मितामूलक विमर्शों की भांति ही मुख्य विमर्श रहा है जो कि, लिंग विमर्श पर आधारित है। स्त्री विमर्श को अंग्रेजी में फेमिनिज्म कहा गया है। आंदोलन के रूप में इसकी शुरुवात ब्रिटेन और अमेरिका में हुई। 18 वीं शताब्दी में औद्योगिक क्रांति के दौरान कई संघर्ष हुए उनमें एक संघर्ष स्त्री-पक्ष ने भी किया। उन्होंने धर्मशास्त्र और कानूनों के द्वारा खुद को पुरुषों के मुकाबले शारीरिक और बौद्धिक धरातल पर कमजोर मानने से इंकार कर दिया।

आधुनिक काल में सबसे ज्यादा चर्चा का विषय है – स्त्री विमर्श। पितृसत्तात्मक मानसिकता एवं भूमंडलीकरण के विरुद्ध स्त्रियों ने एक जुट होकर जिस शक्ति का आरंभ किया है, वही नारीवाद या स्त्री विमर्श है। वर्तमान समाज में स्त्रियों का विकास तीव्रगति से हो रहा है। वह अपने दृढ़-निश्चय और कड़ी मेहनत से अपने दम पर बुलदियाँ हासिल कर रही है। और स्त्री की इसी उड़ान से पुरुष वर्ग डर गया है। जहाँ-जहाँ पुरुष का आधिपत्य था वहां भी स्त्रियों ने अपना वर्चस्व स्थापित कर लिया है। स्त्री विमर्श की समर्थक स्त्रियाँ, पुरुष नहीं बनना चाहती। ये स्त्रियाँ अपनी विशिष्ट दैहिक-मानसिक संरचना पर गर्व करती हैं। स्त्रियों के लिए सदियों से रूढ़िवादी परम्पराओं का एक मापदंड है जो दोहरे हैं। और जिन पर पुनर्विचार होना ही चाहिए। ताकि विकास के अवसर सबको समान मिल सके और समानता का अधिकार स्त्रियों को पूर्ण रूप से प्राप्त हो।

आज स्त्री उन क्षेत्रों में भी प्रवेश कर गई है, जिसमें केवल पुरुष ही हुआ करता थे घर और बाहर दोनों क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर रही है। परन्तु जब तक स्त्री स्वयं के लिए विचार नहीं करेंगी और उसके लिए ठोस कदम नहीं उठाएगी तब तक पुरुषसत्तात्मक समाज उसके व्यक्तित्व पर अत्याचार करते रहेगें। पुरुष अपनी सामाजिक स्थिति को सर्वोच्च देखता है और स्त्री को निम्न समझता है। यदि स्त्री अधिक पढ़ी-लिखी, जागरुक, तर्कशील, बुद्धिमान है तो पुरुष को उसके सम्मान का शायद खतरा पैदा हो सकता है। इसी झूठे अहं का शिकार पुरुष समाज यह सब कैसे सहन कर सकता है? कि स्त्री की सामाजिक, आर्थिक स्थिति उससे सर्वोच्च हो जाए या उसके बराबर हो। पुरुष में असुरक्षा की भावना एवं स्त्री को दबाकर और नियंत्रण में रखने की है। परन्तु आज शिक्षित कामकाजी अधिकार सजग अर्थ स्वतंत्र स्त्रियों ने पुरुषों के लिए कई समस्याएं खड़ी कर दी है।

किन्तु नारी स्वतन्त्रता का अर्थ स्वच्छंदता कदापि नहीं है वह पुरुष से मुक्ति नहीं, पुरुष में मुक्ति की आकांक्षा रखती है। और जब तक लेखन का दायित्व उसके हाथ में आया तो उसने अपनी अस्मिता को गरिमायुक्त बनाया होगा।

स्त्री विमर्श से जुड़ी लेखिकाओं को देखना यह है कि मात्र दफ्तरों में काम करने वाली नारी ही स्वतन्त्र नहीं है। क्योंकि स्वतन्त्रता का अहसास आंतरिक होता है। स्त्री की चिंता, आत्मनिर्भरता, आत्म संपन्नता के लिए होना चाहिए न कि, सामाजिक स्थिति में अभिशाप के एक बचाव की तरह इस्तेमाल करके दया बटोरने के लिए।

स्त्री जागरुक हुई और इस जागरुकता को प्रसारित करने में महिला लेखन का बड़ा प्रभाव रहा है। निखरे व्यक्तित्व और स्व-जागरूकता के साथ बड़ी संख्या में स्त्री लेखिकाएँ साहित्य में उतरी है। इन लेखिकाओं के स्त्री पात्र अपने अस्तित्व हेतु चौतन्य हो परम्परागत मूल्यों और पुरुष प्रधान समाज की कुत्सित मान्यताओं से संघर्ष कर रहे है।

मैत्रेयी पुष्पा के अनुसार – 'स्त्री विमर्श स्त्री के अस्तित्व की खोज है तथा नारी अस्मिता का उद्देश्य अस्तित्व को आधार बनाकर स्त्री का चेतना से युक्त बना व्यक्तिगत स्वतंत्रता का निर्माण करना है।'

महादेवी वर्मा के शब्दों में – 'भविष्य में भारतीय समाज की क्या रूपरेखा हो। उसमें नारी की कैसी स्थिति हो? उसके अधिकारों की क्या सीमा हो? आदि समस्याओं का समाधान आज की जाग्रत और शिक्षित नारी पर निर्भर है........... वह विरोध को ही चरम लक्ष्य मान लें और पुरुष से समझौते के प्रश्न को ही पराजय का पर्याय समझ लें तो जीवन की व्यवस्था अनिश्चित और विकास का क्रम शिथिल होता जाएगा। महादेवी वर्मा स्त्री की उस दशा को उजागर करना चाहती है, जब स्त्री के लिए अन्य अधिकारों की बात ही क्या की जाए? जब उसे जीने के अधिकारों से ही वंचित कर दिया गया था।'

रामधारी सिंह दिनकर के शब्दों में- 'पुरुष अपने अहम के वशीभूत ही स्त्री के वास्तविक स्वरूप से अनभिज्ञ रहा है, और आज तक यदि पुरुष नारी को समझ लेगा तो समाज की सारी विषमताओं का स्वत: ही निराकरण हो जाएगा, आवश्यकता उसे समझने और महसूस करने की है दिनकर पुरुष के झूठे पौरुष को केवल स्त्री पर हावी होना मानते है उसका पुरुषार्थ मात्र स्त्री को परतंत्र बना उस पर अधिकार करने में निहित है।'

मैत्रेयी पुष्पा के अनुसार – 'नारीवाद ही स्त्री विमर्श है। नारी की यथार्थ स्थिति के बारे में चर्चा करना ही स्त्री विमर्श है। मैत्रेयी पुष्पा नारीवाद और स्त्री विमर्श को चिन्तन का ही एक आयाम मानती है और स्त्री से जुड़े इस विधान को यथार्थ से जोड़ती है।'

प्रभा खेतान के अनुसार – 'नारीवाद न मार्क्सवाद है और न पूंजीवाद। स्त्री, हर जगह, हर वाद में, फैलाव में है। मगर संस्कृति के विस्तृत फलक पर आज भी वह वस्तुकरण का शिकार है। वस्तुकरण की इस पारम्परिक प्रक्रिया को पुरुष दृष्टि से नहीं बल्कि स्त्री दृष्टि से देखने और समझने की जरूरत है।' प्रभा खेतान स्त्री की वर्तमान स्थिति की जिम्मेदार स्वयं स्त्री को मानती है।

भारतीय चिंतक स्त्रीवाद के माध्यम से स्त्री और पुरुष के मध्य अंतर की गहराई को पाटने का भारतीय महिला लेखिकाओं ने ऐसी स्त्रियों की समस्यायों को आधार बनाकर अपने उपन्यासों की रचना की है। विशेष रूप से उषा प्रियंवदा तथा प्रभा खेतान के उपन्यास शेष यात्रा पीली आंधी में भारतीय स्त्री के जीवन के विभिन्न पहलुओं को समग्रता से उजागर किया है।

अंत में पूरे भरोसे के साथ आज यह कहने की स्थिति में है कि वर्तमान सदी की स्त्री लेखिकाओं ने अपने लेखन में आधुनिक स्त्री जीवन के व्यापक आयामों को स्पर्श करते हुए स्त्री संबंधी अनेक पुराने व नये प्रश्नों को उठाया ही नहीं, बल्कि अनेक विकल्पों को भी चिन्हित किया है। कस्बों, गांवों शहरों से लेकर दूर दराज के देशों में काम करने वाली स्त्रियों के त्रासद से अनुभवों को शब्द प्रदान किए है। टी. एस. इलियट के शब्दों में 'इतिहास जहां प्राचीनता में रमता है, वहीं वह भविष्य में दृष्टि भी रखता है।' अत: हम कह सकते है कि आधुनिक युग में स्त्री और पुरुष दोनों स्वतंत्र ईकाई होकर भी एक–दूसरे के पूरक बनकर सही मायने में परिवार को चलाए और समाज के विकास में सहयोग दें। पुरुष को भी स्त्रियों से तालमेल रखकर अपना अहंकार छोड़ना होगा और स्त्रियों को उसके अधिकार देने होंगे तभी हम एक स्वस्थ समाज का रूप देख सकेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आधुनिक नारी समाज की नारी चेतना – डॉ. सुशील।
2. स्त्री विमर्श रचनाधर्मिता के संदर्भ में – विनय कुमार पाठक।
3. पितृसत्तात्मकता और स्त्री विमर्श – प्रभा खेतान।
4. भूमंडलीकरण और स्त्री विमर्श – प्रभा खेतान।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Woman As A Scapegoat in Vijay Tendulkar's Silence ! The Court is in Session

Deepank Ahari*

***Assistant Professor (English) Govt. Girls College, Kherwara, Udaipur (Raj.) INDIA**

Abstract - The late Vijay Tendulkar is one of the most controversial yet the most popular dramatist in the contemporary Indian English Drama. His writings often display how women are victimized, exploited and tortured even today. Women during the Vedic ages were treated at par with men. They enjoyed all the rights without any discrimination but today their condition is highly pathetic. Their existence is questioned in womb. Physical exploitation and mental harassment have become everyday affairs now-a-days. All such unpalatable and shameful issues are widely discussed by Tendulkar in his various remarkable plays. Present paper tends to display how woman is used as a scapegoat in the light of his first play **Silence! The court is in session**. This play delves deep into the realities of life in the contemporary society. At one place he states, "As a social being, I am against all exploitations and I passionately feel that all exploitation must come to an end …" The paper highlights how the hypocrisy of the society tortures a woman physically, mentally and emotionally.

Key words - Exploitation, violence, scapegoat, victimized.

Introduction -Vijay Tendulkar is one of the most controversial yet the most popular dramatist in the contemporary Indian English Drama. Dramatists like Vijay Tendulkar, Girish Karnad, Mahesh Dattani and many more deserve due appreciation for the revival of the tradition of Indian Drama in English. They have made drama a typical art form, epitomizing the socio-political, economic and realistic image of Indian art, culture and values. Through the writings of these writers Indian English Drama has depicted the new light of humanism and realism against the philosophical creed of earlier writers like Tagore, Sri Aurobindo etc.

Vijay Tendulkar is a leading contemporary Indian playwright, screen and television writer, literary essayist, political journalist, and above all a social commentator. For the past four decades he has been the most influential dramatist and theatre personality. A resident of the city of Mumbai, Tendulkar (1928-2008) is the author of thirty full-length plays and twenty-three one act plays, several of which have become classics of modern Indian theatre. One of the Hercules Pillars of contemporary Indian English drama, Tendulkar represents the issues which are temporal and timeless. V.S. Naipaul considers him as India's best playwright. Arundhati Banerjee introduces Vijay Tendulkar thus, "Vijay Tendulkar has been in the vanguard of not just Marathi but of Indian theatre almost for forty years." He portrays the themes of isolation and alienation of an individual, and his perpetual struggle with the hostile surroundings. Tendulkar has won name and fame through his plays such as Silence! The Court is in Session, The Vultures, Sakharam Binder and Ghashiram Kotwal. Though his plays are sometimes criticized for excessive use of sex and violence, they are basically a part of modern man's anguish. He has created awareness among the masses about some of the basic problems of life.

As a keen observer of Indian society, he experimented with the less spoken issues. He never sheds away from saying unpalatable truths and shows the way people prefer to live. He describes hypocrisy, violence, lust for power and corruption as bare facts of modern life. He depicts how women are tortured, victimized and exploited. An attempt has been made to discuss the various factors responsible for the unfair treatment given to Miss Banare, the female protagonist, of this play and how she is compelled to tolerate physical, mental and emotional violence in the play.

Shantata! Court Chalu Ahe (Silence! The Court is in Session, 1967) was his first play in which he marked out to be a rebel against the established values of the society. With its translation in Hindi, he came to be regarded with

Mohan, Rakesh, Badal Sircar and Girish Karnad. This play combines social criticism with the tragedy of an individual victimized by society. The oppression and mental trauma of a woman has been articulated skillfully in this play. Though he cannot be branded as a "feminist" yet he effectively interrogates the patriarchal concept of a woman as an inferior being in the society. Silence! represents the dilemma of a young woman who is betrayed twice by her male counterparts. When hardly of fourteen years, she is robbed off her virginity by her own maternal uncle and later ditched by Prof. Damle also. It exposes insincerity of the society that excuses men but not women for the same kind of offence. In her essay, "On Gender and Power", Urvashi Barat, a literary critic, comments very aptly on power politics which is the main cause of female subjugation in the society: The most obvious and persistent theme in the plays of Tendulkar is 'power', its effect on people and their relationship with each other, and the way it dehumanizes and brutalizes those who live in it. Power politics, the battle for supremacy in society and inhuman relationships are demons treated in his work through gender. The role of gender in power game is unveiled in plays like Silence!

The Court is in Session and Kamala, and Ghasiram Kotwal, which focus directly on the status of women in a patriarchal society. These plays suggest how gender & power are inter- linked in society.(Critical Perspectives: Ghasiram Kotwal, 85)

Leela Benare, the central character of the play, dares to ignore the social taboos and lives an independent life according to her free will. "My life is my own, I haven't sold it to anyone for a job." She is projected as a rebel against the established norms of typical Indian society. A teacher by profession, she is self-dependent, carefree and empowered whereas all the male characters suffer from sadism and an inferiority complex as they have failed in their ways of life. They feel insecure and lack in confidence. These specific traits of male characters make Benare, a superior character. Mr. Kashikar is known for his pretention of social upliftment. Sukhatme is a lawyer who "Just sits alone in the barrister's room at court, swatting flies with legal Precedent!" Ponkshe fails twice in his effort of passing Inter Science Examination. Karnik is a complete failure as an actor. Prof. Damle is an escapist. Mrs. Kashikar is a total dependent on her husband and lacks in average I.Q. The only exception to all these character is Ms. Leela Benare. Despite being a woman, she is the only one who earns her livelihood by herself. The hypocrisy of the society, specially of the male-dominance, is exposed when they fail to accept her as a successful women among them. Consequently, most of the characters are often waiting for some or other opportunity for encashing the situation to humiliate Ms. Benare. The play is, in fact, a satire on the hypocrisy of the middle class society. The playwright himself points out: "…their characters, dialogues, gestures and even mannerisms reflect their petty circumscribed existence fraught with frustration and repressed desire that find expression in their malicious and spiteful attitude towards their fellow being." (Preface VIII)

To cover up their frustration, they perpetuate violence against her. They plan a 'Mock-law-court' as a rehearsal for evening performance. All the male characters take the position of legal officers and make Benare the scape-goat, a victim. All of them, in search of a proper opportunity conspire against her. The charge of infanticide is put against the spinster, Leela Banere who got pregnant once in her early life. This case is set to be examined in a court. It is through this mock-trial that her private life is exposed publically establishing her as a woman of loose character. She is tortured to such an extent that no distinction lies between a fictitious case and her real life. Gradually, the mock trial begins to assume sinister form. Benare, who is earlier taking it just as a sport, gradually realizes that she is being trapped and targeted. What is started as an entertaining game now has turned into a hunting game. Arundhati Banerjee maintains, "… the accusation brought against Benare at the beginning of the trial turns into the verdict at the end because contemporary Indian society, with its roots firmly grounded in reactionary world cannot allow the birth of a child out of wedlock." The climax of her torture is seen when she finds the door of the hall locked form outside & she is unable to leave these hungry vultures. Escape is denied to her. Her own gender, Mrs. Kashikar also assaults her by dragging her to the witness box. When Kashikar, playing the role of a Judge, listens that Benare is a spinster, he goes to the extent of approving the custom of child marriage and pulls her forcefully back to the witness box. Unable to bear so much of torture, she tries to drink poison TIK 20 but is prevented to do so. She gets totally devastated and depressed.

When observed minutely, we notice that women characters of Vijay Tendulkar are strong fighters against such cultural and social forces that challenge the individuality of a woman. In Silence! Benare is presented as a bold and daring protagonist who instead of breaking, collects mental courage, stands erect and speaks in self-defense. She speaks powerfully from the heart and protects herself well. "Yes, I have a lot to say. For so many years. I haven't said a word. Chances came, and chances went. Storms raged one after another about my throat. And there was a wail like death in my heart. But each time I shut my lips tight…" (p.72)

She comes down heavily on men conspiring against

her: "These are the mortal remains of some cultured men of the twentieth century. See their faces- how ferocious they look! Their lips are full of lovely worn-out phrases! And their bellies are full of unsatisfied desires." (74) This is the heart of a woman who is often targeted by the society, which fails to understand her inner feelings as a human being with normal biological urges. Benare is indeed the voice of so many suffering women of the society, whose molestation is done inside the family by any of the family members and thus they are tortured not only physically but also mentally and psychologically. Life becomes meaningless and loses all the attractions for these innocent but victimized women. The deep pain and agony of Benare's heart can be understood easily in her following statements: "Life is a poisonous snake that bites itself. Life is a betrayal, life is a fraud. Life is a drug. Life is drudgery…Life is a dreadful thing…" (p. 75) And then they have to fight a lot for their existence in the society. P. Obula Reddy and P. Pramila Devi appreciate Benare by calling her a 'new woman':

Benare, the principal character in the play is as sprightly rebellious and assertive as the heroine of Shakespeare romantic comedies…Of course, Benare is a lovely spark from the thunder bolt of Tendulkar. She is a new woman pleading for freedom from the social norms.

References :-

1. Banerjee, Arundhati. "Introduction," Five Plays. New Delhi: Oxford India Paperbacks, 1995, Eight Impression, 2006.
2. Barat, Urvashi. "On Gender and Power" in Critical Perspectives: Ghasiram Kotwal. Ed. V.B. Sharma. (New Delhi: Asia Book Club, 2001).
3. Tendulkar, Vijay. Silence! The Court is in Session. Trans., Priya Agarkar. Madras: Oxford University Press, 1978.
4. Tendulkar, Vijay. "A Testament." Indian Literature. No. 147. Jan-Feb 1992.
5. Reddy, P. Obula & P. Pramila Devi. "The Violence of Middle Class: A Study of Vijay Tendulkar's Silence! The Court is in Session." Indian Literature Today. Ed. R. K. Dhawan (New Delhi: Prestige, 1998, Vol. I).

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Exploring the Synergy Between Digitalization, TQM and Sustainability in Pharmaceutical Companies

Dr. Shankar Choudhary*   Dr. G.C. Khimesra   Neha Shrivastav*****

*Director and Professor, Pacific Academy of Higher Education and Research University, Udaipur (Raj.) INDIA
** Retd. Principal, Govt. PG College, Mandsaur (M.P.) INDIA
*** Research Scholar (Management) Pacific Academy of Higher Education and Research University, Udaipur (Raj.) INDIA

Abstract - As digital technologies such as data analytics, the Internet of Things (IoT), and Artificial Intelligence (AI) continue to evolve, pharmaceutical companies are increasingly integrating these advanced solutions into their quality management processes. This digital transformation enables more precise data collection and analysis, real-time monitoring of manufacturing operations, and predictive maintenance of equipment.This research paper explores the intersection of Total Quality Management (TQM), Digital transformation, and Sustainability in pharmaceutical quality management This study investigates how TQM principles are merging with digital technologies to reshape quality management practices in the pharmaceutical industry. Through a comprehensive review of literature, the research delves into the integration of sustainability considerations into these digital transformations. By examining the benefits, challenges, and implementation strategies of digital initiatives within pharmaceutical quality management, this study aims to shed light on how digital solutions can optimize quality control, streamline operations, and promote sustainability in the industry. The findings contribute to a deeper understanding of the evolving landscape of pharmaceutical quality management in the digital age, offering recommendations for companies to effectively utilize digital technologies within their TQM frameworks to drive continuous improvement, and promote environmental sustainability in the production of safe and effective pharmaceutical products.
Keywords: Digital, Pharmaceutical, Sustainability, Total Quality Management, Technology.

Introduction - The pharmaceutical business finds itself at a critical juncture, with mounting pressure to improve product quality, maintain regulatory compliance, and tackle expanding environmental and social obligations. Pharmaceutical firms are under pressure to reconsider their quality management systems due to the increasing complexity of global health concerns and the growing expectations of consumers for safe, effective, and sustainable goods. An innovative strategy to satisfy these expectations is provided by the combination of digitalization, Total Quality Management (TQM), and sustainability.

Digitalization has caused a profound change in the way pharmaceutical corporations oversee their quality control procedures. Through the utilization of cutting-edge technologies like block chain, artificial intelligence (AI), machine learning, and the Internet of Things (IoT), digitalization facilitates improved traceability throughout the supply chain, real-time monitoring, and data-driven decision-making. These technologies guarantee improved standards of product quality and safety by streamlining operations and dramatically lowering the possibility of errors. AI-driven analytics, for example, might anticipate possible quality problems before they arise, enabling preventative actions and ongoing development. Additionally, block chain technology guarantees visible and unchangeable records of each transaction and procedure, enhancing regulatory compliance and confidence.

Pharmaceutical quality assurance has always placed a strong foundation in TQM. TQM, which is based on the ideas of customer focus, methodical problem-solving, and continuous improvement, encourages an environment in which all stakeholders are actively involved in preserving and improving quality. Pharmaceutical firms may systematically find inefficiencies, get rid of waste, and enhance their operations by implementing TQM practices. Putting TQM into practice results in the creation of strong quality systems that not only meet but also beyond legal standards, giving businesses a competitive edge.

Sustainability has emerged as a critical dimension in pharmaceutical quality management, driven by increasing awareness of environmental impact and social responsibility. The industry faces mounting pressure to

reduce its carbon footprint, minimize waste, and ensure ethical practices across the supply chain. Integrating sustainability into quality management involves adopting eco-friendly manufacturing processes, utilizing sustainable raw materials, and implementing energy-efficient technologies. Additionally, social sustainability focuses on ensuring fair laborpractices, community engagement, and contributions to global health initiatives. By embracing sustainability, pharmaceutical companies not only fulfill regulatory and societal expectations but also build resilience against market volatility and enhance their corporate reputation.

T he convergence of digitalization, TQM, and sustainability surpasses the limitations encountered when each is applied independently. This integrative model promotes innovation, enhances efficiency, and improves overall quality management. For instance, digital tools can enhance TQM practices by offering real-time data and analytics, while sustainability initiatives can be monitored and optimized using digital platforms. This comprehensive approach ensures that quality management systems are not only effective but also adaptable to future challenges and opportunities.By adopting these convergent strategies, pharmaceutical companies can achieve unprecedented levels of quality, compliance, and sustainability, ultimately contributing to better health outcomes and a more sustainable future. This paper will examine the individual and combined effects of these approaches, offering a comprehensive framework for modernizing pharmaceutical quality management in the 21st century.

Review of Literature

Digital technologies refer to the collection and paradigm of various intelligent and innovative technologies for connectivity, communication, and automation (Luo et al., 2022).The pharmaceutical sector has advanced rapidly because of advances in digitalization and automation, which begin with drug creation and continue through drug administration. Every growth in the pharmaceutical industry is linked to advancements in digitalization. (Mannan & Mubeen,2018).Pharmaceutical businesses are concentrating on finding ways to perform significantly during the period of high growth in the medical sector. Furthermore, there has been a shift in emphasis from financial success to social and environmental performance as a result of growing awareness of environmental protection and social responsibility. (Ma et al., 2022).

उपरोक्त तालिका तथा वृत्त से स्पष्ट है कि अधिकांश युवा निजी क्षेत्र में कार्यरत है जिनकी संख्या 38 प्रतिशत है। सार्वजनिक क्षेत्र में कार्यरत युवाओं की संख्या 19 प्रतिशत है। उपभोक्ता के व्यवसाय का भी प्लास्टिक मुद्रा के उपयोग पर प्रभाव पड़ता है। उपभोक्ता के व्यवसाय तथा प्लास्टिक मुद्रा के प्रयोग के मध्य सकारात्मक संबंध है।

उत्तरदाताओं की वार्षिक आय –

	आवृति	प्रतिशत	संचयी आवृति
100000 से कम	4	4	4
100000 से 300000 के मध्य	13	13	17
300000 से 600000 के मध्य	36	36	53
600000 से 900000 के मध्य	23	23	76
900000 से 1000000 के मध्य	17	17	93
1000000 से अधिक	7	7	100
कुल योग	100	100	

स्रोत –सर्वेक्षण पर आधारित समंक



उपरोक्त तालिका तथा वृत्त से स्पष्ट है की, उत्तरदाताओं में से 36 प्रतिशत उत्तरदाता 300000 से 600000 रूपये के मध्य की वार्षिक आय अर्जित कर रहे है। 23 प्रतिशत उत्तरदाता 600000 से 900000 रूपये के मध्य, 17 प्रतिशत उत्तरदाता 900000 से 1000000 रूपये के मध्य तथा केवल 4 प्रतिशत उत्तरदाता 1000000 रूपये से अधिक वार्षिक आय अर्जित कर रहे है।

उत्तरदाताओं द्वारा प्रयोग किए जाने वाले कार्ड के प्रकार

	आवृति	प्रतिशत	संचयी आवृति
क्रेडिट कार्ड	29	29	29
डेबिट कार्ड	58	58	87
दोनों	13	13	100
कुल योग	100	100	

स्रोत –सर्वेक्षण पर आधारित समंक



उपरोक्त तालिका तथा वृत्त से स्पष्ट है की अधिकांश उत्तरदाता डेबिट कार्ड का उपयोग कर रहे है। 100 उत्तरदातों में से 58 प्रतिशत उत्तरदाता डेबिट कार्ड का उपयोग कर रहे है, 29 प्रतिशत उत्तरदाता क्रेडिट कार्ड का प्रयोग कर रहे है और केवल 13 प्रतिशत उत्तरदाता ही क्रेडिट तथा डेबिट कार्ड दोनों का प्रयोग कर रहे है।

अत: ये स्पष्ट है की उत्तरदाताओं द्वारा क्रेडिट कार्ड का डेबिट कार्ड की तुलना में कम प्रयोग किया जा रहा है।

उत्तरदाताओं द्वारा प्रयोग किए जाने वाले बैंक

	आवृति	प्रतिशत	संचयी आवृति
सरकारी बैंक	34	34	34
निजी बैंक	66	66	100
कुल योग	100	100	

स्रोत –सर्वेक्षण पर आधारित समंक



उपरोक्त तालिका तथा वृत्त से स्पष्ट है कि 100 में से 66 प्रतिशत उत्तरदाता निजी बैंक को अधिक वरीयता दे रहे है। 34 प्रतिशत उत्तरदाताओं द्वारा सरकारी बैंक का उपयोग किया जा रहा है। त्वरित निर्णय, बेहतर संचार तथा सेवाओं के कारण निजी बैंकों द्वारा जारी प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग उत्तरदाताओं द्वारा अधिक किया जा रहा है।

उत्तरदाताओं द्वारा प्रयोग किए जाने वाले कार्ड का उद्देश्य

	आवृति	प्रतिशत	संचयी आवृति
उपयोगिता बिल का भुगतान करने के लिए	09	09	09
ए.टी.एम. से नकद निकालने हेतु	66	66	75
ऑनलाइन पेमेंट के लिए	09	09	84
यात्रा करते समय	08	08	92
विलासिता वस्तुओं का	04	04	96
भुगतान करते समय			
अन्य उपयोग	04	04	100
कुल योग	100	100	

स्रोत –सर्वेक्षण पर आधारित समंक



उपरोक्त तालिका तथा वृत्त से स्पष्ट है की अधिकांश उत्तरदाता (66 प्रतिशत) नकद निकासी के लिए प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग कर रहे हैं। उपयोगिता बिल, फीस का भुगतान करने के उद्देश्य से केवल 9 प्रतिशत उत्तरदाता ही प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग कर रहे है। 9 प्रतिशत उत्तरदाता ऑनलाइन भुगतान के लिए कार्ड का उपयोग कर रहे है। केवल 4 प्रतिशत उत्तरदाता ही यात्रा करते समय प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग करते है।

अत: स्पष्ट है की अधिकांश उत्तरदाता नकद निकासी तथा उपयोगिता बिल, फीस का भुगतान करने के उद्देश्य से प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग करना पसंद करते है।

उत्तरदाताओं द्वारा प्रयोग किए जाने वाले कार्ड का कारण

	आवृति	प्रतिशत	संचयी आवृति
चोरी या हानी का जोखिम कम से कम होना	43	43	43
क्रय शक्ति (वस्तुओं के क्रय की सुविधा)	15	15	58
भ्रष्टाचार, कालाधन तथा जमाखोरी जैसी समस्याओं मे कमी	12	12	70
भविष्य में भुगतान की सुविधा	22	22	92
अन्य कारण	8	8	100
कुल योग	100	100	

स्रोत–सर्वेक्षण पर आधारित समंक



उपरोक्त तालिका तथा वृत्त से स्पष्ट है की अधिकांश उत्तरदाता प्लास्टिक मुद्रा के चोरी या हानी का जोखिम कम होने के कारण प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग करते है। प्लास्टिक मुद्रा की तुलना में नकद मुद्रा के चोरी होने का जोखिम अधिक होता है। प्लास्टिक मुद्रा का, भविष्य में भुगतान की सुविधा होने के कारण 100 मे से 22 प्रतिशत उत्तरदाता प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग करते है। 15 प्रतिशत उत्तरदाता क्रय शक्ति के कारण प्लास्टिक मुद्रा का प्रयोग करना पसंद करते है। भ्रष्टाचार, कालाधन तथा जमाखोरी जैसी समस्याओं में कमी करने के कारण 12 प्रतिशत उत्तरदाता प्लास्टिक मुद्रा का प्रयो करते है।

अत: स्पष्ट है की अधिकांश उत्तरदाता (100 में से 43 प्रतिशत) प्लास्टिक मुद्रा के चोरी या हानी का जोखिम कम होने के कारण प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग करते है।

प्लास्टिक मुद्रा के उपयोग के प्रति उत्तरदाताओं द्वारा सामना की जाने वाली समस्याएं

	आवृति	प्रतिशत	संचयी आवृति
विश्वास की कमी	14	14	14
उपयोग और व्यय की अधिकता की समस्या	45	45	59
ज्ञान की कमी	07	07	66
शुल्क/प्रभार/बिलिंग आदि में पारदर्शिता का अभाव	03	03	69
कठीन शब्दावली की समस्याएं	09	09	78
कार्ड की धोखाधड़ी की समस्याएं	22	22	100
कुल योग	100	100	

स्रोत-सर्वेक्षण पर आधारित समंक



उपरोक्त तालिका तथा वृत्त से स्पष्ट है की प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग करने में उत्तरदाताओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इनमें से सबसे प्रमुख समस्या उपयोग तथा व्यय की अधिकता है। 100 में से 45 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है की क्रेडिट तथा डेबिट का वे अधिक उपयोग करते है जिसके कारण अधिक खर्चे हो रहे है तथा अधिक व्यय हो रहा है। 22 प्रतिशत उत्तरदाता को प्लास्टिक मुद्रा के धोखाधड़ी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। 9 प्रतिशत उत्तरदाता को कठीन शब्दावली की समस्या हो रही है। केवल 3 प्रतिशत उत्तरदाताओं को शुल्क/प्रभार/बिलिंग आदि में पारदर्शिता का अभाव के कारण समस्या हो रही है।

निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध प्रत्येक क्षेत्र के लिए सहायक होगी। मुख्यत: सरकार, सार्वजनिक बैंक, निजी बैंक, प्लास्टिक मुद्रा का अधिक प्रभाव पड़ा है। अध्ययन से पता चलता है कि अधिकांश उत्तरदाता क्रेडिट कार्ड की तुलना में डेबिट कार्ड का उपयोग करते है। 100 में से 58 प्रतिशत उत्तरदाता डेबिट कार्ड का उपयोग कर रहे है। डेबिट कार्ड के, क्रेडिट कार्ड की तुलना में अधिक प्रयोग करने का मुख्य कारण नकद निकासी की सुविधा तथा क्रेडिट कार्ड के उपयोग के प्रति ज्ञान की कमी है। अध्ययन से यह भी परिणाम प्राप्त हो रहा है की उत्तरदाता के लिंग, आय तथा व्यवसाय का और प्लास्टिक मुद्रा के प्रयोग के मध्य सकारात्मक संबंध है। जो उत्तरदाता विद्यार्थी तथा गृहणी है, उनकी तुलना में निजी क्षेत्र तथा सार्वजनिक क्षेत्र में कार्यरत उत्तरदाता प्लास्टिक मुद्रा का अधिक उपयोग कर रहे है। प्लास्टिक मुद्रा के प्रयोग द्वारा कई समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है जिनमें सबसे प्रमुख समस्या उपयोग और व्यय की अधिकता की समस्या, ज्ञान की कमी, शुल्क/प्रभार/बिलिंग आदि में पारदर्शिता का अभाव, कार्ड की धोखाधड़ी की समस्याएं शामिल है। यदि बैंकों द्वारा इन प्रमुख समस्याओं को कम कर दिया जाए तो प्लास्टिक मुद्रा के उपयोग का प्रतिशत और अधिक बढ़ सकता है। सुषमा पाटिल (2014) के अनुसार प्लास्टिक मुद्रा का भविष्य बैंकों द्वारा प्लास्टिक कार्ड के उपयोग पर दिए जाने वाले लाभ तथा सुविधा पर निर्भर करहै। इस प्रकार स्पष्ट है की युवा वर्ग को प्लास्टिक मुद्रा से संबंधित कई आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तथा ऐसे में युवा वर्ग को प्लास्टिक मुद्रा की तरफ मोड़ना बहुत बड़ी चुनौती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Anisha Bisht, Praveen Nair (2015). Analysis of the use of plastic money: a boon or a bane. SIMS Journal of Management Research, Volume no. 1, 2015.
2. Dhanda,Komal(2016), "Plastic cards: a blessing or a curse", International Journal of Engineering Technology and Applied Sciences, Volume 4,Issue10,ISSN 2349-4476. www.ijetmas.com
3. Lall.Preeta(2017), "An analysis of the use of plastic money in chattisgarh". GLOBAL JOURNAL OF MULTIDISCIPLINARY STUDIES ISSN: - 2348-0459 Volume-6, Issue-5, April 017 Impact Factor: 2.389 www.gjms.co.in
4. Antony, Dr. Jaishu (2018),"A Study on the Impact of Plastic Money on Consumer Spending Pattern", Global Journal of Management and Business Research : G Interdisciplinary, Volume 18 Issue 3 Version 1.0 Year 2018
5. Chouhan,Dr.Richa(2018), "Study of factors affecting use of plastic money in India",Inspira-Journal of modern management &entrepreneurship(JMME), April2018, PP.205-208
6. Kaur,Sukhwinder(2018), "Relevance of plastic money, study based on Fridkot Dist.(pb)", Vol.6,Issue3, ISSN. 2321-9939
7. Rai,Shivangi(2019), "A study of customer's satisfaction towards plastic money in Bhopal(M.P)", International journal of managemaent and engineering, Vol.9, Issue:5May,2019,ISSN:2249-0558, Impact factor:7.119
8. Chhatpar,Dr.Archana(2020), "An analytical study on the use of plastic money with respect to Pune city", Journal of Emerging Technologies & Innovative Research (JETIR), October2020, Volume:7, Issue 10, ISSN: 2349-5162 www.jetir.org
9. Hemalatha,Dr.S(2020), "Impact of usage of plastic money in rural India",Engineering and Management, March-April 2020, ISSN:0193-4120, Page No.8695-8700
10. Bhargava,Dr.Jyoti Kapoor(2021), "An analytic study of the plastic money in India:, International Journal of Education, Modern Management, Applied Science & Social Science(IJEMMASSS), issn:2581-9925, Impact Factor: 6.340, Volume 03,No. 02(I), April-June,2021, PP.38-44
11. IIndia Population Statistics 2022 | Current Population of India – The Global Statistics – The Data Experts | Statistical Data Reports
12. Sandeepverma, 14 march,2018.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

पर्यटन के संदर्भ में मैनपाट का भौगोलिक विश्लेषण

डॉ.के.सी गुप्ता*

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.) भारत

प्रस्तावना – आज मानव ने सभी क्षेत्र में प्रगति की है। प्राकृतिक संसाधनो का भरपूर दोहन कर सम्पूर्ण विश्व आर्थिक विकास के होड़ में लगा है। एक तरफ प्राकृतिक संसाधनो का दोहन और दूसरी तरफ अत्यधिक अर्जित करने का तनाव मानव जीवन को अवसादग्रस्त कर दिया है। फलस्वरूप अशांति और कई प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक व्याधियों से मनुष्य जूझ रहा है। उससे मानव जीवन की गुणवत्ता में कमी आई है। ऐसे में प्रकृति प्रदत्ता मनोरम स्थलों का महत्व और बढ़ जाता है क्योंकि जंगल, नदी, झरने, पहाड़, जीव-जन्तु और ऐतिहासिक, पुरातात्विक धार्मिक स्थल मानव मन को शांति और ज्ञान प्रदान करते हैं। इसलिए आज मनुष्य ऐसे जगहों की तलाश करता है जिससे पर्यटन का महत्व दिनोदिन बढ़ता जा रहा है।

भारत में अनेक विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं। यहाँ पर्यटन से कुल 42 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। 2019 में देश के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन का लगभग 9.3% एवं 2022 में 201.37 अरब अमेरिकी डॉलर का योगदान था। पर्यटन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2022 में राष्ट्रीय पर्यटन दिवस को 'ग्रामीण और सामुदायिक केन्द्रित पर्यटन' के रूप में समर्पित किया। इस प्रकार 2023 का थीम 'पर्यटन और हरित निवेश' रहा। 2024 में 'सतत यात्राएं, कालातीत यादें' थीम रखकर यात्रा और पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

अध्ययन क्षेत्र – अध्ययन क्षेत्र मैनपाट छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में स्थित है जो विंध्याचल पर्वत का हिस्सा है। यह एक हिल स्टेशन है जिसे छत्तीसगढ़ का शिमला कहा जाता है। यह 22°49' उत्तरी अक्षांश से 22°81' उत्तरी अक्षांश तथा 83°16' पूर्वी देशांतर से 83°28' पूर्वी देशांतर के बीच अवस्थित है। इसका क्षेत्रफल 68 वर्ग किमी है। यह समुद्र तल से 1085 मीटर ऊँचा है। प्रकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण मैनपाट अम्बिकापुर से 75 की.मी. की दूरी पर स्थित एक गाँव है। जनगणना 2011 के अनुसार मैनपाट तहसील की कुल जनसंखया 76573 है।

अध्ययन का उद्देश्य – अध्ययन क्षेत्र मैनपाट प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर है। यह एक पर्यटन स्थल है जहाँ प्रतिवर्ष पर्यटक आते हैं। इस अध्ययन में यहाँ के पर्यटन स्थलों को रेखांकित कर पर्यटकों को आकर्षित करना है। यहाँ का भौगोलिक परिवेश विविधता लिए हुए है जिसका पर्यटन के संदर्भ में विश्लेषण कर पर्यटन के मानचित्र में इसे नयी पहचान देना है।

अध्ययन विधि – प्रस्तुत अध्ययन मुख्यत: स्वयं के पर्यवेक्षण पर आधारित है। जिसमें प्राथमिक एवं द्वितीयक आंकड़ों का उपयोग किया गया है।

मैनपाट का भौगोलिक विश्लेषण

1. **धरातलीय स्वरूप एवं भूगर्भिक संरचना –** यह एक पाट प्रदेश है। ऊँचे पहाड़ी एवं पठारी भागों से सुसज्जित, यह भाग छुरी उदयपुर की पहाड़ियों से लगा हुआ है। यहाँ से मांड एवं रिहन्द नदियाँ निकलती हैं।

इसकी भौगोलिक संरचना दक्कन ट्रेप की चट्टानों से हुई है। यहाँ की धरातलीय बनावट पर्यटन हेतु लोगों को आकर्षित करते हैं।

प्रवाह प्रणाली– मैनपाट से निकलने वाली प्रमुख नदियां मांड एवं रिहन्द हैं। मांड,महानदी की सहायक नदी है। इसका उदगम सरगुजा जिले के मैनपाट के निकट की पहाड़ियाँ हैं। इसकी लंबाई 241 किमी है। यह रायगढ़ एवं जांजगीर-चांपा जिले मे प्रवाहित होती है तथा छत्तीसगढ़ के शक्तिपीठ चन्द्रपुर के निकट महानदी में मिल जाती है। कुरकुर और कोईराज इसकी सहायक नदियाँ हैं जिनके प्रवाह मार्ग में अनेक सुंदर प्राकृतिक दृश्य हैं।

रिहन्द नदी का उदगम सरगुजा के अम्बिकापुर तहसील के मतिरिंगा पहाड़ी से हुआ है। छत्तीसगढ़ में यह 145 किमी लंबाई में प्रवाहित होती है। इसे रेर, रेहर, रेणुका, रेणु आदि नामों से जाना जाता है। उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा के बीच रिहन्द बांध का निर्माण किया गया है। यह नदी उत्तरप्रदेश के सोनभद्र जिले में सोन नदी में मिल जाती है। ये दोनों नदियाँ मैनपाट के प्राकृतिक सौन्दर्य को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जलवायु– यहाँ उष्ण कटिबंधीय मानसूनी प्रकार की जलवायु पायी जाती है। छत्तीसगढ़ की तरह यहाँ भी ग्रीष्म,वर्षा और शीत वस्तुएं पायी जाती-हैं किन्तु यहाँ ग्रीष्म ऋतु का तापमान 32°c से 40°c तक पाया जाता है। जो छत्तीसगढ़ के अन्य क्षेत्रों से कम है। अत: यहाँ ग्रीष्म ऋतु में पर्यटन हेतु अनुकुल वातावरण रहता है। मैनपाट में वर्षा ऋतु एवं शीत ऋतु का वातावरण अत्यंत सुखद और मनोहारी होता है। यहाँ शीत ऋतु का तापमान बहुत कम होता है,जिससे कभी-कभी बर्फ की हल्की चादरें बिछ जाती है। यह पर्यटकों को आकर्षित करता है।

प्राकृतिक वनस्पति – यहाँ पतझड़ वाले वन पाये जाते हैं। यहाँ साल वनों की अधिकता है। यह क्षेत्र औषधीय पौधों एवं जड़ी-बूटियों के लिए प्रसिद्ध है जहाँ शतावर,शफेद मूसली,काली मूसली, ब्राम्हीं,भुई आंवला,बच,पाताल कुम्हड़ा,भुईनीम,बच आदि पाये जाते हैं। मैनपाट का लगभग 38% भाग पर वन पाये जाते हैं जो यहाँ के प्राकृतिक सौन्दर्य को बढ़ाते हैं।

मृदा– मैनपाट की रचना ज्वालामुखी उदभेदन से हुई है। यहाँ पायी जाने वाली मिट्टी को मैन मिट्टी के नाम से जाना जाता है, इस कारण इस प्रदेश का नाम मैनपाट पड़ा। यहाँ की मिट्टी में एल्युमिना की मात्रा पायी जाती है। यहाँ अधिकांश भाग पर लेटेराईट मिट्टी पायी जाती है। जिसका रंग लाल होता है।

इससे यहाँ की एक अलग पहचान बनती है।

वन्यजीव एवं पशुपक्षी – मैनपाट क्षेत्र के 38% भाग पर वनों का विस्तार है जहाँ सुरक्षित वातावरण होने के कारण बंदर, तेंदुआ, भालू, जंगली सूअर,चीतल,खरगोश आदि वन्य जीव एवं अनेक प्रकार के पशु–पक्षियाँ पाये जाते हैं। यहाँ वनों में दुर्लभ प्रजाति के पामेरियन कुत्तो और गौरैया पक्षी भी देखे जा सकते हैं।

विशिष्ट कृषि स्वरूप – मैनपाट छत्तीसगढ़ में एक अलग कृषि स्वरूप एवं फसलों के लिए जाना जाता है। यहाँ तिब्बतियों द्वारा टाउ की खेती का प्रसार किया गया था। दूर–दूर तक फैले टाउ के खेत मनोरम दृश्य उपस्थित करते हैं। राउ से मैदा बनाया जाता है। यह क्षेत्र आलू के उत्पादन के लिए भी जाना जाता है । स्ट्रॉबेरी,नाशपाती,अमरूद,अनार एवं चेरी के लिए यहाँ की जलवायु उपयुक्त है। यहाँ मिलेट्स अनाज जैसे मक्का, कोदो–कूद की खेती की जाती है।

खनिज पदार्थ – मैंनपाट पूरे छत्तीसगढ़ में बॉक्साइट उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। बॉक्साइट का खनन सी एम–डी–सी द्वारा किया जाता है।

मैनपाट के पर्यटन स्थल

उल्टा पानी – यह मैनपाट का सबसे कौतूहलवर्धक स्थल है। पर्यटक सबसे पहले उल्टा पानी जाने को उत्सुक रहते हैं। यहाँ पानी उपर की ओर बहता दिखाई देता है। यह बिसरपानी गाँव में स्थित है इसलिए इसे बिसरपानी के नाम से जाना जाता है। उल्टा पानी का उदगम पत्थर के नीचे से हुआ है। यह 185 मीटर की दूरी तक प्रवाहित होता है। यहाँ पर भू –चुंबकीय क्षेत्र है जहाँ गाड़ी को न्यूट्रल पर खड़ी कर देने पर गाड़ी स्वत: आगे बढ़ने लगती है। यह एक आश्चर्यजनक स्थल है। यहाँ अनेक विद्वानों और शोधकर्ताओं और देश के प्रमुख टीवी चौनलों के पत्रकारों का भी आगमन हो चुका है।

दलदली – दलदली भी मैंनपाट का एक आश्चर्यजनक एवं मनोरंजक स्थल है। यहाँ उछलने से भूमि भी उपर उछलती है। पर्यटक यहाँ पर उछल–उछल कर आनंद लेते हैं। यहाँ सभी उम्र के पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है।

मेहता पोईंट – मैनपाट से 8 किमी की दूरी पर ऊंची पर्वतीय शृंखलयों के बीच एक खूबसूरत झरना है। मेहता संस्कृत के महिता से लिया गया है जिसका अर्थ 'प्रशंसित' या महान है। यहाँ पर्यटकों के ठहरने के लिए वन विभाग का विश्रामगृह उपलब्ध है।

टाइगर पोईंट – यहाँ कई बार टाईगर देखा जाता है इसलिए इसे टाइगर पोईंट कहा जाता है। यहाँ 30 मीटर की ऊंचाई से एक झरना गिरता है। यहाँ पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है। सघन वनों के बीच स्थित मनोरम स्थल में बहुत अधिक बंदर देखे जा सकते हैं।

बौद्ध मंदिर– मैनपाट में बौद्ध धर्म को मानने वालों की संख्या 967 है। यहाँ तिब्बती लोग आकर बस गए हैं। जहाँ बौद्ध वास्तुकला से निर्मित बौद्ध मंदिर छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध है। इस मंदिर में पूजन–अर्चन करने से शांति का अनुभव होता है। धर्मप्रिय पर्यटकों के लिए यह आध्यात्मिक स्थल अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मछ्ली प्वाईंट– मछ्ली प्वाईंट मैनपाट का अत्यंत मनोरम स्थल है । यहाँ एक खूबसूरत झरना है जिसके नीचे रंग–बिरंगी मछलियाँ देखी जा सकती है। पहाड़ों और जंगलों के बीच स्थित यह स्थल पर्यटकों को आकर्षित करता है ।

परपटिया – परपटिया मैनपाट से लगभग 30 किमी की दूरी पर स्थित है । जहां अस्त होते हुए सूरज की अलौकिक सुन्दरता मन मोह लेता है । घुमावदार पहाड़ियों एवं सघन वनों से आच्छादित यह क्षेत्र प्रकृति की अनमोल उपहार है ।

निष्कर्ष – छत्तीसगढ़ के शिमला के नाम से विख्यात मैनपाट अपनी प्राकृतिक सुंदरता एवं मनभावन जलवायु के कारण स्थल को शासन द्वारा संरक्षण एवं संवर्धन किया जाना अवश्यक है। यह स्वास्थ्यवर्धक 'हिल स्टेशन' है जहाँ सुविधाएं उपलब्ध कराकर पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है।इसके अलावा यहाँ सुंदर प्रजातियों के फूल–पौधों का रोपण कर यहाँ की सुंदरता में चार चाँद लगाया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. स्वयं का पर्यविक्षण
2. जिला सांखिकी पुस्तिका, जिला सरगुजा
3. Statista.com 2024
4. https://utsav.gov.in
5. https://www.chhattisgarhtourism.in
6. https://www.applive.com
7. स्थानीय लोगों एवं बौद्ध मंदिर के प्रमुख से साक्षात्कार

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आधुनिक कृषि का पर्यावरण पर प्रभाव : झाबुआ जिले के विशेष सन्दर्भ में

राधुसिंह भूरिया*   डॉ. आर.आर. गोरास्या**

* शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सह-प्राध्यापक, शासकीय माधव कला वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश - आधुनिक तकनीकी के अधिक प्रयोगों से अध्ययन क्षेत्र में कृषि उत्पादन में विगत वर्षों के अन्तर्गत वृद्धि हो रही है। भारत में भी स्वतंत्रता के बाद हरित क्रान्ति के परिणामस्वरूप 1997 में खाद्यान्न की कमी की समस्या का निवारण कर भारत खाद्यान्नों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हुआ। बढ़ती जनसंख्या के सन्दर्भ में आत्मनिर्भर होना खाद्यान्नों के अधिक उत्पादन के साथ प्रगति का परिचायक हुआ। खाद्यान्नों में अधिक उत्पादन हेतु सिंचाई के साधन, रासायनिक उर्वरक, कीटाणु नाशक एवं यंत्रों का उपयोग विगत वर्षों से निरन्तर बढ़ता ही जा रहा है, परन्तु इनके प्रयोग से भविष्य में पर्यावरण पर इसका प्रभाव पड़ने की पूर्ण सम्भावना है।
शब्द कुंजी - आधुनिक कृषि, कीटनाशक, रासायनिक उर्वरक, पारिस्थितिकी।

प्रस्तावना - आधुनिक कृषि पद्धतियों से भी वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण कीटनाशकों एवं रासायनिक उर्वरकों का अधिक प्रयोग होने से किसानों द्वारा फसलों में होने वाली विभिन्न बीमारियों की रोकथाम के लिए अनेक प्रकार के घातक रसायनों का छिड़काव किया जाता है। इस छिड़काव के दौरान इन रसायनों की कुछ मात्रा वायुमण्डल में प्रवेश कर जाती है जिसका अत्यंत घातक प्रभाव जीवों एवं कृषि पर पड़ता है। आधुनिक कृषि हेतु उपलब्ध भूमि अत्यंत सीमित क्षेत्र में बची हुई है। इसे बढ़ती हुई जनसंख्या के भरण-पोषण के लिए सुनिश्चित करने हेतु स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए विशेष ध्यान दिया गया। इसी प्रकार भारत में हरित क्रान्ति के अन्तर्गत कृषि क्षेत्र में आधुनिकीकरण को महत्व दिया गया जिसमें कृषकों को रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों एवं बीजों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। इससे कृषि उत्पादकता प्रभावित हो रही है।

जनसंख्या वृद्धि और विदेशी पूंजी की आवश्यकताओं ने भारतीय किसानों को कृषि विकास के लिए बाध्य किया। इससे खाद्यान्नों के उत्पादन में तो अवश्य वृद्धि आई है, परन्तु पर्यावरण में गिरावट देखी गई। कृषि का चरागाह जंगल और पहाड़ियों तक अतिक्रमण हो रहा है। इससे पहाड़ी भागों में पर्यावरणीय परिवर्तन उत्पन्न हुए हैं। इन क्षेत्रों में मिट्टी का कटाव (अपरदन), जलावरोध आदि जैसी घटनाएं घटित हो रही हैं। वनों को खेतों के लिए पेड़ों को काटे जाने से पर्यावरण में बदलाव उत्पन्न हुआ। भविष्य में इन क्रियाओं का स्थानीय प्रभाव इतना विस्तृत हुआ है कि बायोमास बड़े पैमाने पर नष्ट-भ्रष्ट हो जाने से जलवायु परिवर्तन आए है, जो चिंता का विषय है। पेटलावद, रामा व अन्य पहाड़ी क्षेत्रों में खेती के विकास के लिए वनों की कटाई से पहाड़ियों की सतह से मिट्टी अपरदन व जल प्रबंधन व जल प्रबंधन की समस्याएं बढ़ गई हैं।

HYY के अपनाने और चावल गेहूं की अर्द्धशुष्क क्षेत्रों में कृषि के कारण सिंचाई तथा रासायनिक उर्वरक के अधिक प्रयोग से मिट्टी के रासायनिक गुणों में ही बदलाव उत्पन्न हो गया है। इससे मिट्टी की उर्वरक शक्ति ही क्षय हो गई है। अत: अनियंत्रित गहरी सिंचाई, क्षेत्र में स्वास्थ्य समस्या को जन्म देती है।

अध्ययन क्षेत्र का विस्तार - अध्ययन क्षेत्र का अक्षांशीय एवं देशांतरी विस्तार $22^0$24' से $23^0$53' उत्तरी अक्षांश तथा $73^0$30' से $75^0$30' पूर्वी देशांतर के बीच स्थित है। यह एक आदिवासी जनसंख्या बहुल जिला है। इसके पूर्व में धार, उत्तर में रतलाम, दक्षिण में आलीराजपुर जिले की सीमा एवं पश्चिम में गुजरात राज्य की सीमा लगी है।

शोध अध्ययन का उद्देश्य :

1. आधुनिक कृषि का पर्यावरण पर प्रभाव का अध्ययन करना।
2. रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों आदि के प्रभाव का अध्ययन करना।
3. आधुनिक कृषि तकनीकों का अध्ययन करना।

शोध अध्ययन की प्रविधि - शोध कार्य में आधुनिक कृषि एवं तकनीकों का उपयोग एवं रासायनिक उर्वरकों जैसे तथ्यों का विश्लेषण करने के लिए प्राथमिक एवं द्वितीयक एवं समाचार पत्र-पत्रिकाओं से संकलित आंकड़ों का प्रयोग किया गया है।

आधुनिक कृषि का पर्यावरण पर प्रभाव - अध्ययन क्षेत्र में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 1025048 दर्ज की गई है जबकि इसके सापेक्ष कृषि हेतु उपलब्ध भूमि झाबुआ जिले में अत्यंत सीमित है। इस विशाल जनसंख्या की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् से ही आदिवासी किसानों द्वारा कृषि उत्पादकता को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया। इसी क्रम में हरित क्रान्ति के अन्तर्गत कृषि में आधुनिकीकरण को प्राथमिकता दी गई जिसमें कृषकों को खाद, बीज, रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया परन्तु उसके नकारात्मक परिणाम हमें पर्यावरण पर दुष्प्रभाव के रूप में देखने को मिलते हैं। कृषि विकास के लिए निरन्तर विस्तार के कारण वनों को काटा गया। इसका प्रभाव हमें जलवायु परिवर्तन के रूप में देखने को मिलता है।

कृषि के आधुनिकीकरण के कारण पर्यावरण पर अनेक गम्भीर नकारात्मक प्रभाव पड़े। इन प्रभावों का विस्तृत विवेचन किया गया है।

1) जलवायु का प्रभाव : अध्ययन क्षेत्र में कृषि को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक जलवायु है, परन्तु जलवायु स्वयं भी कृषि के आधुनिकीकरण से प्रभावित होती है। जलवायु के विभिन्न तत्व वायुदाब, वर्षण, वायु की दिशा व गति और संघनन आदि से किसी न किसी रूप में कृषि प्रभावित होती है।

2) मिट्टी का प्रभाव : मिट्टी और कृषि आधुनिक कृषि का परस्पर सम्बन्ध है। जहां एक ओर मिट्टी रासायनिक उर्वरकों के कारण प्रभावित होती हैं, वहीं दूसरी ओर कृषि भी मिट्टी की गुणवत्ता को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है। किसी क्षेत्र में निरन्तर एक ही प्रकार की कृषि करने से उस क्षेत्र में मिट्टी के पोषक तत्वों की कमी होने लगती है। इसी प्रकार खेती में अत्यधिक सिंचाई के कारण भूमि में विद्यमान तत्वों की कमी भी हो जाती है जिससे मिट्टी ऊसर हो जाती है।

3) वनस्पति का प्रभाव : अध्ययन क्षेत्र में जहां वर्तमान समय में कृषि क्षेत्र का विस्तार हो रहा है वहां पहले प्राकृतिक वनस्पति से आच्छादित क्षेत्रों में वनों को काटकर समतल एवं कृषि कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। कालान्तर में यह सभी वन क्षेत्र सघन कृषि क्षेत्र में परिवर्तित हो गए। अध्ययन क्षेत्र में रामा एवं पेटलावद के आसपास के वन क्षेत्र को कृषि क्षेत्र में सम्मिलित किया गया है।

4) जल संसाधन पर प्रभाव : आधुनिक कृषि की सम्पूर्ण अवधारणा जल संसाधनों पर ही आधारित है क्योंकि अधिक उत्पादन देने वाली किस्मों के बीज इन्हीं क्षेत्रों में अपेक्षित उत्पादन देते हैं, जहां-जहां सिंचाई की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध होती है। कृषि उत्पादन करने के लिए अधिक खाद बीजों का प्रयोग किया जाता है। यथा रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशक आदि इस आधार पर है कि आधुनिक कृषि का वर्तमान जल संसाधन के रूप में प्रभावित करता है।

5) उन्नत बीजों का प्रभाव : अध्ययन क्षेत्र में कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए समुन्नत बीजों के उपयोग का प्रमुख योगदान रहा है। इन बीजों के उपयोग से कृषि उत्पादन में वृद्धि तो की जा सकती है परन्तु उनका प्रभाव से मिट्टी की उर्वरता में कमी भी हो सकती है। इनके प्रयोग से पौधों की जैविक संरचना में महत्वपूर्ण परिवर्तन भी किया जा सकता है।

6) कीटनाशकों का प्रभाव : उन्नत बीजों के अधिकतम लाभ के लिए रासायनिक उर्वरकों का उपयोग आवश्यक या वास्तव में यह हरित क्रान्ति का अभिन्न अंग था। स्वतंत्रता के बाद देश में उर्वरकों का उत्पादन भी तेजी से बढ़ा जैसे बीज सिंचाई तथा उर्वरकों के बढ़ते उपयोग के साथ कृषि की आधुनिक विधि का भी प्रचलन बढ़ा है। कीटनाशक, रोगनाशक तथा खरपतवार नाशक रसायनों का उपयोग भी बढ़ा है।

7) रासायनिक उर्वरकों का पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव : रासायनिक उर्वरक के विपरीत प्रभावों से किसान चिंतित हैं। वे क्षेत्र जहां भूमि का उपयोग गेहूं, चावल, गन्ना के संयोजन कृषि में हुआ है। यहां किसानों को रासायनिक उर्वरक के अधिक प्रयोग के कारण हानि का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण ही अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उद्देश्य से ही पश्चिमी आदिवासी क्षेत्र में प्रतिवर्ष अधिक उर्वरक सिंचाई व दवाओं के छिड़काव से मिट्टी में निरन्तर गिरावट आती जा रही है। पर्यावरणीय व अन्य समस्याएं कृषि विकास का परिणाम है। वे साधारणत: मानसिक तनाव सहित स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव डालती है। वायु एवं जल के प्रदूषण से ग्रसित श्रमिकों का जन-जीवन, कार्यक्षमता, सुख-समृद्धि सभी प्रभावित हुआ है और उनका आर्थिक व सामाजिक जीवन स्तर गिरा है। कृषि को समय-समय पर बुरे दिन भी देखने पड़ते हैं। कभी प्राकृतिक आपदाओं के कारण, कभी तकनीकी द्वारा उत्पन्न बेराजगारी से और कभी पर्यावरणीय प्रदूषण से ग्रसित किसान इच्छित कृषि उत्पादन नहीं कर पाता है। विकसित देशों जैसे संयुक्त राज्य जर्मनी, जापान, आदि की तुलना में भारत में उत्पादकता बहुत कम है और प्रदेश में भी इस दृष्टि से भिन्नताएं हैं। यहां लघु स्तर पर प्रदेशवार समस्याओं का अध्ययन कर दीर्घकालिक सकल एक मुश्त योजना बनाने की आवश्यकता है जिससे प्रति इकाई क्षेत्र में सभी फसलों का उत्पादन बढ़ सके। योजनाएं पर्यावरण के अनुरूप होनी चाहिए जो कृषि पारिस्थितिकी में संतुलन बनाए रखे। कृषि को स्थायित्व और उत्पादक बनाए रखने के लिए उसका समय-समय पर मूल्यांकन करने की भी आवश्यकता है।

निष्कर्ष – उपर्युक्त आधुनिक कृषि से स्पष्ट होता है कि जैसे-जैसे कृषि के अन्तर्गत आधुनिक कृषि का समावेश होता जा रहा है, उसका प्रभाव पर्यावरण पर भी पड़ता है। आधुनिक कृषि के कारण जहां एक ओर जलवायु परिवर्तन एक गम्भीर समस्या के रूप में सामने आया वहीं अधिक और वैज्ञानिक ढंग से रासायनिक उर्वरकों के अधिक उपयोग एवं सिंचाई के कारण कृषि उत्पादन क्षमता भी प्रभावित हुई है। सिंचाई सुविधाओं के विकास के लिए जिस प्रकार बांधों, नहरों और तालाबों का निर्माण के लिए वनों को काटा गया है, उसने पर्यावरण निम्नीकरण की समस्या को और अधिक बढ़ा दिया है। इसी प्रकार सिंचाई हेतु निरन्तर भू-जल का दोहन भूजल स्तर में गिरावट का प्रमुख कारण बन गया है।

सिचाई सुविधाओं के विकास के लिए जिस प्रकार बहुद्देशीय परियोजनाओं जैसे बांधों, नहरों और तालाबों के निर्माण के लिए वनों को काटा गया है, उसने पर्यावरण पर बहुत बुरा प्रभाव डाला है। इसी प्रकार सिंचाई हेतु निरन्तर भू-जल दोहन, भू-जल अध्ययन क्षेत्र में विगत वर्षों में भूजल का स्तर तेजी से कम हुआ है।

कृषि उपयोग रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक इत्यादि वर्षा के जल के साथ बहकर स्वच्छ जलीय स्त्रोतों में पहुंच कर स्वच्छ जल की गुणवत्ता को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं, जिसका प्रभाव मानव जीवन के स्वास्थ्य पर भी देखने को मिलता है। कीटनाशकों व रासायनिक उर्वरकों में विद्यमान हानिकारक रासायनिक पदार्थ जल के माध्यम से मानव शरीर में पहुंचकर जीन परिवर्तन, डीएनए क्षति जैसे घातक विकारों का कारण बनता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अवस्थी नरेन्द्र मोहन (2019) :'पर्यावरण एवं संसाधन प्रबंधन', मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
2. मोहन सीमा (2013) :'पर्यावरण अध्ययन', कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल।
3. गौतम शिवानन्द आर.पी. : 'यूनीफाइड भूगोल', रामप्रसाद एंड संस, बालविहार हमीदिया रोड़, भोपाल।
4. तिवारी आर.सी. (2019) :'भारत का भूगोल', प्रवालिका पब्लिकेशन्स, इलाहबाद।
5. जिला सांख्यिकीय पुस्तिका, झाबुआ, 2011.
6. हुसैन माजिद (2020):'कृषि भूगोल', रावत पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आधुनिक समाज में पुस्तकालयों एवं सूचना केन्द्रों की भूमिका: एक अध्ययन

डॉ. अजीत कुमार साहू* शशि प्रभा साहू**

* शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बुढार, जिला शहडोल (म.प्र.) भारत
** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बुढार, जिला शहडोल (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – आधुनिक समाज की अनेक आवश्यकताएँ हैं– जैसे शिक्षा, अनुसंधान, सांस्कृतिक विकास, आध्यात्मिक एवं वैचारिक क्रियाकलाप, क्रीड़ा एवं मनोरंजन, आदि। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए समाज ने अनेक संस्थाओं की स्थापना की। इनमें पुस्तकालय का स्थान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। अन्य संस्थाएँ एक या दो प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं लेकिन पुस्तकालय सभी प्रकार की आवश्यकताओं की समान रूप से पूर्ति करता है समाज की शैक्षणिक एवं अनुसंधानपरक गतिविधियों के प्रोत्साहन, सांस्कृतिक उन्नयन, सूचना के प्रचार–प्रसार, आध्यात्मिक और सैद्धान्तिक आस्थाओं की पूर्ति, मानवीय मूल्यों की स्थापना और मनोरंजनात्मक कार्यों के आयोजन इत्यादि में पुस्तकालय की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण होती है।

सभी कालों में समस्त मानवीय क्रियाकलापों के आयोजन एवं उनकी सपफलता में ज्ञान और सूचना पर्याप्त सहायक रहे हैं। लेकिन बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध की अवधि में सूचना और ज्ञान विकास के सशक्त साधन बन गए हैं और समस्त गतिविधियों के केन्द्र बन गए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग के कारण सूचना का संग्रहण, प्रक्रियाकरण और व्यवस्थापन, अभिगम तथा सुलभता भौगोलिक दूरियों के बावजूद भी सरल हो गए हैं और इन कार्यों को तीव्रता एवं सटीकता के साथ संपन्न किया जा रहा है। आज सूचना तथा ज्ञान को मूल संसाध्न माना गया है और आधुनिक समाज को 'सूचना समाज' की संज्ञा दी गई है।

सूचना और ज्ञान की अनेक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रयुक्त संस्थागत पद्धतियाँ एवं व्यवस्थाएँ पूर्ण रूप से परिवर्तित हो गई हैं। ज्ञान और सूचना की आवश्यकता की पूर्ति करने वाली अनेक संस्थाओं में पुस्तकालयों का अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान है।

प्रस्तावना – आधुनिक समाज में मानव की समस्त गतिविधियों का आयोजन संस्थाओं के माध्यम से संपन्न किया जाता है। आज समस्त प्रमुख सामाजिक कार्यों एवं संगठनों का संस्थाकरण किया जा चुका है–चाहे वह आर्थिक कार्यक्रम हो या स्वास्थ्य–सेवाएं चाहे शिक्षा हो या अनुसंधान, चाहे व्यवसाय हो या उद्योग। पर्यावरण की सुरक्षा अथवा प्रतिरक्षा की व्यवस्था को भी संस्थाओं एवं संगठनों के माध्यम से ही संपन्न किया जाता है। पुस्तकालय तथा अन्य ऐसी संस्थाएँ वे संस्थाएँ होती हैं जो प्रलेखों में अभिलेखबद्ध सूचना या ज्ञान का संग्रहण, भंडारण, प्रक्रियाकरण, व्यवस्थापन, वितरण तथा प्रसार करती हैं। चूँकि ज्ञान एवं सूचना मानव के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक होते हैं, अत: पुस्तकालय एवं अन्य संस्थाएँ, जो सूचना तथा ज्ञान की व्यवस्था तथा निष्पादन करती हैं, महत्वपूर्ण होती हैं। इस इकाई के अंतर्गत ज्ञानार्जन की औपचारिक एवं अनौपचारिक शिक्षण प्रक्रियाओं, अनुसंधन एवं विकास, सांस्कृतिक क्रियाकलापों, आध्यात्मिक तथा विचारात्मक क्षेत्रों, मनोरंजन और उत्सव आदि में पुस्तकालयों के योगदान और प्रभावशीलता का परिचय दिया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी के विकास के चमत्कारों और नित्यप्रति सूचना उपयोक्ताओं की श्रेणियों में वृद्धि के साथ ही साथ उनके विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सूचना की माँग में वृद्धि के कारण, आधुनिक समाज सूचना समाज की ओर अग्रसर हो रहा है, जिसमें परिवर्तन की मुख्यधारा और परिवर्तन की दिशा में सूचना और ज्ञान सशक्त उपकरण का कार्य कर रहे हैं। इस इकाई में इन विचारधराओं का विस्तृत वर्णन किया गया है। पुस्तकालयों के योगदान के मूल्यांकन के लिए इन विचारधराओं को आत्मसात करना अति आवश्यक है। व्यावसायिक पद्धतियों, क्रियाकलापों और कार्यों की जानकारी के लिए इनसे प्रचुर सहायता तथा परिज्ञान प्राप्त होगा। इस इकाई के अनुच्छेदों में पुस्तकालयों के योगदान की विवेचना की गई है।

पुस्तकालय एवं शिक्षा

शिक्षा के उद्देश्य है– (1) ज्ञान और कौशल प्रदान करना (2) मूल्यों को जाग्रत करना। तथा (3) व्यावसायिक कौशल प्रदान करना।

शिक्षा औपचारिक एवं अनौपचारिक दोनों प्रकार की होती है। औपचारिक शिक्षा से अभिप्राय है– 'किसी विद्यालय, महाविद्यालय या विश्वविद्यालय में नियमित रूप से छात्रा के रूप में पंजीकृत होकर और प्रत्यक्ष रूप से शिक्षक–छात्र संपर्क के माध्यम से ज्ञानार्जन करना।' लेकिन अनौपचारिक शिक्षा पद्धति में शिक्षा किसी संस्था पर आधरित नहीं होती है बल्कि दूरस्थ शिक्षा पद्धति द्वारा प्रदत्त एवं चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों के माध्यम से किसी अन्य ज्ञानार्जन विधि अथवा स्व–अध्ययन की सहायता से शिक्षा प्राप्त की जाती है।

औपचारिक शिक्षा–औपचारिक शिक्षा की प्रत्येक संस्था–चाहे वह विद्यालय, महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय हो उनका अपना एक पुस्तकालय अवश्य होना चाहिए। जिन विषयों के पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्रदान की जाती है उनसे संबंधित पुस्तकों का संकलन उसमें होना चाहिए। पुस्तकों

का अध्ययन करने और उनमें निहित ज्ञान को धारण करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करना चाहिए। प्रारंभिक शिक्षा के स्तरों एवं अवस्थाओं में विद्यालयों को कक्षा के अध्ययन के पूरक के रूप में कार्य करना चाहिए। कालान्तर में, विशेषत: महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में, ज्ञानार्जन की प्रमुख विधि अर्थात् कक्षा अध्ययन एवं ज्ञानार्जन की परम्परा को पुस्तकालयोन्मुख बना दिया जाना चाहिए। इस पद्धति में छात्रों को विषय का गहन ज्ञान संबंधित विषयों की अनेक पुस्तकों का विस्तृत एवं विधिवत अध्ययन करने से प्राप्त होगा। विभिन्न पुस्तकों में विभिन्न प्रकार के प्रतिपादित सिद्धान्तों एवं दृष्टिकोणों का विश्लेषण करने की क्षमता छात्रों में जाग्रत होने के पश्चात् उनमें विश्लेषणात्मक एवं आलोचनात्मक चिन्तन की योग्यता का विकास होगा। इससे उनमें अपने स्वतंत्र दृष्टिकोणों एवं अभिमतों और सिद्धान्तों को सूत्रबद्ध करने की योग्यता का भी विकास होगा। छात्रों के बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने में पुस्तकालयों के योगदान पर संदेह नहीं किया जा सकता।

विद्यालयीन, महाविद्यालयीन एवं विश्वविद्यालयीन पुस्तकालयों के अतिरिक्त औपचारिक शिक्षा में सहायता करने का दायित्व सार्वजनिक पुस्तकालयों का भी होता है। इसके लिए सार्वजनिक पुस्तकालयों को संबंधित क्षेत्रों में शिक्षा संस्थाओं के छात्रों तथा शिक्षकों के लिए शैक्षणिक एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों से संबंधित उपयुक्त पुस्तकों का संग्रह अवश्य करना चाहिए और उन्हें सुलभ कराना चाहिए। इस प्रसंग में यह ध्यान देने की बात है कि सार्वजनिक पुस्तकालय को समुदाय के सभी लोगों की सेवा करनी चाहिए और अध्यापकों एवं छात्रों की आवश्यकता की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

अनौपचारिक शिक्षा – अनौपचारिक शिक्षा प्रक्रिया में शिक्षक की सहायता अल्पतम होती है। पुस्तकालयों की इसमें मुख्य भूमिका होती है। ऐसी स्थिति में छात्रों को ज्ञानार्जन प्राय: स्वाधयाय के माध्यम से करना पड़ता है। इस दिशा में औपचारिक शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक पुस्तकालयों को अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करना पड़ता है। शैक्षणिक संस्थाओं के पुस्तकालयों को अनौपचारिक शिक्षा पद्धति के अंतर्गत छात्रों को पुस्तकालय सुविधाएँ इस प्रकार से सुलभ करानी चाहिए जिससे उनके मूल एवं प्राथमिक उपयोगिताओं के हितों में व्यवधान न हों। इस संबंध में विश्वविद्यालय, जो एक निकाय के रूप में शैक्षणिक मानक एवं स्तरों को निर्धारित करते हैं और उच्च शिक्षा के क्षेत्रा में परीक्षाओं का आयोजन एवं संचालन करते हैं, का एक विशेष दायित्व होता है। उन्हें अपनी पुस्तकालय सेवाओं को अधिकाधिक व्यवहार एवं विस्तृत बनाने का प्रयास करना चाहिए जिससे उनके मूल उपयोगिताओं के साथ ही साथ अनौपचारिक शिक्षा के छात्र भी पुस्तकालय सेवाओं से लाभान्वित हो सकें। इस कार्य को संभव बनाने के लिए विश्वविद्यालय के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय की शाखाओं और केन्द्रों की स्थापना करनी चाहिए और शैक्षिक समुदाय के साथ–साथ अनौपचारिक शिक्षा के छात्रों को भी उन शाखाओं और केन्द्रों के उपयोग की अनुमति देनी चाहिए।

फिर भी, अनौपचारिक शिक्षा के लिए वांछित सुविधाएं उपलब्ध कराने का मुख्य दायित्व सार्वजनिक पुस्तकालयों का ही होता है। सार्वजनिक पुस्तकालयों की सुविधा का लाभ प्राप्त करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। इस दायित्व को पूरा करने के लिए संबंधित क्षेत्र के अनौपचारिक शिक्षा के छात्रों की आवश्यकता के अनुरूप पुस्तकों एवं पत्रिकाओं का अधिग्रहण कर सुलभ करने का प्रयास करना चाहिए। अनौपचारिक शिक्षा पद्धति के कार्यक्रमों की सफलता के लिए सुदृढ सार्वजनिक पुस्तकालय व्यवस्था अति आवश्यक होती है। अनौपचारिक शिक्षा पद्धति के छात्रों की पुस्तकालय संबंधी आवश्यकता की पूर्ति यदि शैक्षणिक एवं सार्वजनिक पुस्तकालयों द्वारा नहीं की जाती है तो ये छात्र सीरीज और गाइड का ही उपयोग करने के लिए बाध्य हो जाएँगे जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा के स्तर में गिरावट आती जाएगी।

निरक्षरों की शिक्षा – क्या हम इस बात को उचित मानते हैं कि निरक्षरों को शिक्षा का लाभ नहीं मिलना चाहिए? साक्षरता ही शिक्षा का एकमात्र माध्यम है, न कि स्वयं शिक्षा। इसमें कोई संदेह नहीं कि शिक्षा एक अत्यन्त महत्वपूर्ण साधन है और इससे वंचित होना सबसे बड़ी असुविधा है। इस कार्य के लिए आजकल अनेक ऐसे प्रभावशाली साधन सुलभ हैं जो आधुनिक प्रौद्योगिकी की देन हैं। श्रव्य–दृश्य के साधनों, विशेषकर वीडियो टेप के माध्यम से शिक्षा को प्रत्येक घर के दरवाजे तक लाना सर्वथा संभव हो गया है। इस साधनों के माध्यम से समुदाय के निरक्षर लोगों की शिक्षा के लिए कार्य करना सार्वजनिक पुस्तकालय का एक विशेष दायित्व है। निरक्षर व्यक्तियों को शिक्षित बनाने के लिए सार्वजनिक पुस्तकालयों द्वारा विद्यार्जन क्लब और मौखिक संप्रेषण कार्यक्रमों का भी आयोजन करना चाहिए।

भारत जैसे देश में जहाँ निरक्षरता 47.79 प्रतिशत (1991 जनगणना) है, इस संबंध में सार्वजनिक पुस्तकालयों की महत्वपूर्ण भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। इस कार्य को पूरा करने के लिए सार्वजनिक पुस्तकालयों को स्वयं को तैयार करना होगा।

कामकाजी समूहों की शिक्षा – एक अन्य दृष्टिकोण से भी पुस्तकालय की शैक्षणिक भूमिका होती है। अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित विभिन्न व्यवसायों में संलग्न लोगों एवं श्रमिकों की आवश्यकता के अनुसार उन्हें पुस्तकों का संग्रह करना चाहिए। ऐसी पुस्तकों को अध्ययन कर संबंधित कार्यक्षेत्र से वे अपने को शिक्षित रख सकते हैं और अपनी कार्य–कुशलता को बढा सकते हैं। इससे उत्पादकता में वृद्धि होती है। सार्वजनिक पुस्तकालयों को इस दिशा में अहम भूमिका अदा करनी चाहिए।

विकलांगों की शिक्षा – विकलांग लोगों के लिए शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना करना समाज और शासन का दायित्व है। ऐसी संस्थाओं द्वारा उपयुक्त अध्ययन–अध्यापन सामग्री का अधिग्रहण किया जाता है। अन्य भौतिक सुविधओं के अतिरिक्त नेत्राविहीनों की पुस्तकें एवं अन्य प्रकार की शिक्षण सामग्री को भी उपलब्ध किया जाना चाहिए। ऐसी संस्थाओं के पुस्तकालयों में उपयुक्त सामग्री का संग्रह करना आवश्यक होता है और विकलांग व्यक्तियों की उनके शिक्षार्जन में सहायता करना उनका दायित्व होता है।

अनुसंधान में पुस्तकालय का योगदान – अनुसंधान के क्रियाकलापों को समर्थन देना पुस्तकालयों का एक महत्वपूर्ण दायित्व है। अनुसंधन की सफलता एवं पूर्णता के लिए उपलब्ध ज्ञान एवं सूचना की प्राप्ति एवं जानकारी अति आवश्यक होती है। नवीनतम ज्ञान को मुख्यत: पत्रिकाओं, अनुसंधान प्रतिवेदनों तथा अन्य ऐसे प्रकाशनों के माध्यम से संप्रेषित तथा प्रसारित किया जाता है। अत: शोध की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी शोध संगठनों एवं संस्थाओं तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों और उपक्रमों के शोध एवं विकास हेतु विभागीय पुस्तकालयों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। अनुसंधन की दृष्टि से कोई भी पुस्तकालय उपयोगी सिद्ध हो सकता है। मानविकी और सामाजिक विज्ञानों के क्षेत्रों से

संबंधित अनुसंधानपरक गतिविधियों में सार्वजनिक पुस्तकालयों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सांस्कृतिक गतिविधियों में पुस्तकालय का योगदान – पुस्तकालय का सांस्कृतिक योगदान यह होता है कि यह मानव जाति की सांस्कृतिक धरोहर एवं उपलब्धियों को सुरक्षित रखता है जो वस्तुत: पुस्तकों तथा अन्य प्रलेखों में निहित होती हैं। पुस्तकालय की सांस्कृतिक भूमिका दो अन्य दृष्टिकोणों से भी महत्वपूर्ण होती है। इसे उन पुस्तकों को सुलभ कराना चाहिए जो लोगों की सृजनात्मक प्रतिभा की अभिव्यक्ति में सहायक सिद्ध होती हैं और उनके सौन्दर्य बोध और मूल्यांकन की क्षमता को विकसित करती हैं। इसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन करना चाहिए–जैसे, संगीत समारोह, नृत्य, नाटक, चित्रकला, प्रतियोगिता, चित्रकला प्रदर्शनी, आदि और समुदाय के सांस्कृतिक जीवन को समृद्ध और सशक्त बनाते रहना चाहिए। वस्तुत: ऐसे कार्यक्रम मुख्यत: सार्वजनिक पुस्तकालयों के कार्यक्षेत्र में आते हैं। इनका आयोजन करना ऐसे पुस्तकालयों की उपादेयता को बढाता है।

सूचना प्रसार में पुस्तकालय का योगदान – पुस्तक संग्रह के माध्यम से पुस्तकालय ज्ञान एवं सूचना के विशाल भण्डार का निर्माण करते हैं। सामाजिक प्रगति को सुनिश्चित करने वाले किसी भी मानवीय क्रियाकलाप की सपफलता के लिए सूचना एक आवश्यक उपादान और संसाधन है। शोधार्थी, शिक्षक, छात्र, प्रशासक, औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रबन्धक, शिल्पी, उद्यमी, कृषक, कारखानों एवं खेतों में काम करने वाले श्रमिक, आदि सभी को सूचना की आवश्यकता होती है जिससे वे अपने व्यवसाय में सफलता पाने के लिए अपने को अत्यधिक सक्षम बना सकें। पुस्तकालय का प्रमुख सूचनात्मक योगदान उपयुक्त विधियों से सूचनाप्रद सामग्री का संग्रह करना होता है। इसीलिए पुस्तकालय को सूचना केन्द्र की संज्ञा भी दी जाती है। पुस्तकालय की सूचनात्मक भूमिका इसलिए भी होती है कि लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक आवश्यकता के लिए भी सूचना की आवश्यकता होती है जिसकी पूर्ति पुस्तकालय करता है। पुस्तकालय अपने पुस्तक–संग्रह में रोजगार चयन से सम्बन्धित पुस्तकें भी रख सकते हैं और इस प्रकार उन पाठकों की सहायता कर सकते हैं जो किसी विशेष क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक हैं। किसी प्रकार के उद्यम को करने के लिए किस प्रकार की जानकारी चाहिए अथवा कोई रोजगार कैसे प्राप्त करें या कैसे प्रारम्भ करें, आदि की सूचनाप्रद सामग्री को भी पुस्तकालय सुलभ कराते हैं। अत: पुस्तकालय को इस प्रकार से सुसज्जित एवं व्यवस्थित किया जाना चाहिए कि यह समुदाय के सदस्यों की वर्तमान तथा संभावित मांग से संबंधित सूचना उपलब्ध करा सकें।

धार्मिक संस्थाओं में पुस्तकालय का योगदान – पुस्तकों को सामान्यत: तीन श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है। सूचनात्मक पुस्तकें, मनोरंजनात्मक पुस्तकें, तथा प्रेरणात्मक पुस्तकें। प्रेरणाप्रद पुस्तकों के अंतर्गत आने वाली पुस्तकें हैं: आध्यात्मिक और धर्मिक पुस्तकें, सैद्धान्तिक दृष्टिकोणों एवं विचारधाराओं का प्रतिपादन करने वाली पुस्तकें, तथा अन्य शाश्वत मूल्यों की पुस्तकें जिन्हें हम क्लासिक्स कहते हैं। इनसे अध्येताओं की आध्यात्मिक, धर्मिक तथा वैचारिक एवं नैतिक पिपासा शांत होती है। प्रत्येक पुस्तकालय में इस प्रकार की पुस्तकों का प्रतिनिधित्व करने वाले संकलन को अवश्य रखना चाहिए जिससे लोगों को उच्च आदर्शो हेतु प्रेरित किया जा सके और उनके मस्तिष्क में मूल्यों का संचार हो सके।

मनोरंजन में पुस्तकालय का योगदान – किसी भी समुदाय के सदस्यों द्वारा फुर्सत या अवकाश के समय का स्वस्थ सदुपयोग अत्यधिक महत्वपूर्ण है। ऐसा होने से समुदाय के सदस्यों को अवकाश के समय में नकारात्मक एवं विध्वंसकारी गतिविधियों में लिप्त होने से बचाया जा सकता है। पुस्तकालयों द्वारा उपयोक्ताओं की मनोरंजन परक आवश्यकताओं की तुष्टि भी की जानी चाहिए तथा इसके लिए उपयुक्त पुस्तकों की व्यवस्था की जानी चाहिए। उपन्यास, विभिन्न कलाओं से संबंधित कृतियाँ, भ्रमण–साहित्य, जीवनियाँ, लोकप्रिय पत्रिकाएँ, मनोरंजनपरक साहित्य की श्रेणी में आते हैं। प्रत्येक पुस्तकालय के प्रलेख–संग्रह में ऐसे साहित्य का प्रचुर संग्रह होना चाहिए। इसके अतिरिक्त पुस्तकालयों में, विशेषत: सार्वजनिक पुस्तकालयों में, स्वस्थ मनोरंजन एवं मनोविनोद के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए–जैसे, संगीत समारोहों और निष्पादन कलाओं आदि का आयोजन। वस्तुत: हम निष्कर्ष रूप से कह सकते है कि इस अध्ययन में शिक्षा, अनुसंधान एवं विकास, सांस्कृति गतिविधियों एवं अन्य ऐसे क्षेत्रों में पुस्तकालयों के योगदान एवं प्रभावशीलता की झाँकी प्रस्तुत की गयी है। इसका अध्ययन करने के पश्चात् हम समाज में सूचना के विभिन्न उद्देश्यों की पूति हेतु पुस्तकालयों की आवश्यकता एवं योगदान की व्याख्या कर सकेंगे। परिवर्तित समाज में पुस्तकालयों के विस्तारपरक आयामों तथा नये प्रकार की सूचना संस्थाओं के रूप में उनकी उभरती हुई छवि से अवगत हो सकेंगे तथा आज के सूचना समाज के विविध परिप्रेक्षयों में पाठकों की विविध सूचनापरक आवश्यकताओं को संतुष्ट करने के लिए पुस्तकालयों द्वारा चलाई जाने वाली सेवाओं से परिचित हो सकेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Isaac, K.A. (1987). Libraries and Librarianship: A Basic Introduction. Madras: S Vishwanathan Printers and Publishers Pvt. Ltd. pp. 1-35.
2. Khanna, J.K (1987). Librarv and Society. Kurukhetra: Research Publications pp.7-79.
3. Mc Garry, K.J (1981). Changing Concept of Information: An Introductory Analysis. London: Clive Bingley. Chapter5.
4. Rath, P.K. and Rath. M.M (1992). Sociology of Librarianship. Delhi: Pratibha Prakashan.
5. महेन्द्रनाथ (1998)। पुस्तकालय और समाज। जयपुर: पोइन्टर पब्लिशर्स।
6. शर्मा, पाण्डेय एस. के. (1998)। पुस्तकालय और समाज। नई दिल्ली: ग्रन्थ अकादमी
7. सैनी, ओमप्रकाश (1999)। ग्रन्थालय एवं समाज। आगरा: वाई.के पब्लिशर्स।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

जनजातीय समाज के लोकगीतों में सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का अध्ययन (शहडोल संभाग के विशेष संदर्भ में)

अमित सिंह भदौरिया*

* शोधार्थी (समाजशास्त्र) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – मनुष्य जन्म से पशु प्रवृत्ति का होता है। संस्कृति उसे सामाजीकृत प्राणी में परिवर्तित करती है। साथ ही संस्कृति समाज को भी प्रभावित करती है। 'संस्कृति' शब्द का उद्गम संस्कार शब्द से है। 'संस्कार' का अर्थ उस क्रिया से है जिसमें मनुष्य के दोष दूर होते हैं और वह गुणकारी बनता है। दूसरे शब्दों में कहें तो संस्कृति वह शिक्षा है जिससे मनुष्य के जीवन में सुधार आता है। किसी देश या जाति की संस्कृति का अर्थ उस देश या जाति की वे पुरानी आदतें, प्रथाएं, रहन–सहन, खान–पान, आचार–विचार आदि से है जो देश या जाति के सदस्यों का चरित्र निर्माण करते हैं या उस निर्माण में प्रभावशाली होते हैं। संस्कृति को परिभाषित करते हुए 'मैकाइवर एवं पेज' लिखते हैं कि – 'संस्कृति हमारे दैनिक व्यवहार में कला, साहित्य, धर्म, मनोरंजन और आनन्द में पाये जाने वाले रहन–सहन और विचार के तरीकों में हमारी प्रकृति की अभिव्यक्ति है।'

विज्ञान इतिहासकार 'श्रीनेत्र पाण्डेय' ने अपनी पुस्तक 'भारत का वृहत इतिहास प्राचीन भारत' में संस्कृति के संबंध में लिखा है – 'संस्कृति के दो रूप है। एक आत्मगत और दूसरा समाजगत। आत्मगत संस्कृति में व्यक्ति वैचारिक, चारित्रिक, आध्यात्मिक विकास, विकास के साधन, साहित्य, कला, शिक्षा, धर्म, दर्शन आदि आते हैं। समाजगत साधनों में समाज–व्यवस्था के आधार, नीति, सदाचार, आर्थिक तथा राजनैतिक समाज व्यवस्था आदि आते हैं।'

आम बोलचाल की भाषा में संस्कृति शब्द का प्रयोग इस रूप में होता है कि अमुक परिवार या समाज सुसंस्कृत है और समाज या समुदाय के क्रिया कलाप सांस्कृतिक हैं। अर्थात् जो बाते अच्छी हैं, अच्छे गुण वाली हैं, उपयोगी हैं उन्हें सांस्कृतिक कहा जाता है। साथ ही हमारी या हमारे समाज की संस्कृति अच्छी है तो उसका तात्पर्य मनुष्य के व्यवहार के उस रूप से होता है जो उन्हें अपने पूर्वजों से विरासत के रूप में मिली है जो उनकी सफलता में सहायक है। यहाँ हम गोंड़ जनजाति की सांस्कृतिक स्थिति का उल्लेख करेंगे –

मनुष्य और लोकगीत का चोली दामन का साथ है। संसार का ऐसा कोई स्थान न होगा जहाँ मनुष्य हों और गीत न हो। इतना तो अवश्य कहा जा सकता है कि – 'लोकगीतों की परम्परा इन्सान के आदिम युग से चली आ रही है। युगों की छाप उनके भावों पर पड़ी और वह अपने जीवन को ईमानदारी से अपनी बोलियों में प्रकाशित करता हुआ आज भी विपरीत परिस्थितियों से संघर्ष करता चला आ रहा है। उसने समय–समय पर शोषण के विरूद्ध गीतों में आवाज उठाई, अपने श्रम का परिहार गीतों के सहारे किया, नया उत्साह, नई लगन, गीतों द्वारा प्राप्त की और इतना ही नहीं मन की छिपी हुई मीठी बातों के सुख और दु:ख को उन्हीं गीतों में ढाला।'

जनजातीय सांस्कृतिक अभिव्यक्ति– लोकगीतों में गोंड़ समाज की यथार्थ एवं स्वाभाविक अभिव्यक्ति देखने को मिलती है। गोंड़ समाज के सुख–दु:ख, हर्ष–विषाद, उत्साह–उल्लास आदि का ज्यों का त्यों रूप हमें लोकगीतों में दिखाई देता है। इसी तरह गोंड़ समाज की प्रचलित प्रथाओं, रीति–रिवाजों आदि का उल्लेख लोकगीतों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। गोंड़ समाज में नारी को सम्माननीय स्थान प्राप्त है। इन लोगों में देवर–भाभी के बीच किसी भी प्रकार का पर्दा नहीं होता। देवर–भाभी के बीच चुहलबाजी होती रहती है। भाभियों से चुहलबाजी करते हुए देवर ये गीत गाते हैं

'कौन भौजी दार रान्धे कौन भौजी भात।
कौन भौजी रान्धे मुनगा साग।।
छोट भौजी दार रान्धे, बडे भौजी भात।
मझली भौजी रान्धे मुनगा साग।।'

भावार्थ यह है कि बड़ी भाभी, छोटी भाभी, मंझली भाभी सब अलग–अलग सब्जी दाल बनाते हैं कोई मुनगा, कोई अरहर की दाल बनाते हैं। भाभियों से चुहलबाजी के लिए देवर ये गीत गाते हैं।

इसी प्रकार देवर के लिए भी भाभिया हंसी मजाक में गीत गाती हैं।
इसी प्रकार एक गीत यहाँ देखा जा सकता हैं हंसी में देवर को जामुन न तोड़ने की बात करती हैं –

'जामूं न टोर देवरा जामूं न टोर।
जामूं न टोर देवरा धोती रची जाए रे
जामूं न टोर देवरा जामूं न टोर।
जामूं न टोर देवरा जिभिया रचि जायरे।
जामूं न टोर देवरा जामूं न टोर।।'

जीवन जीने का लोकगीत –

'तैन तैनैय मोर ना ना री ना ना।
तैयना ना मोर ना ना गा
या जिन्दगी रहेला दिन चार।
मोर ना ना गा या जिन्दगी।।
जरा तो मन लोभय मोर।
रेवा नाव के टूरा रे

या जिन्दगी रहेला दिना चार।।
रेंगें ला सीखय दाऊ।
रेवा नायके टूरा रे
या जिन्दगी.......।।
खेले ला सिखय दाऊ।
रेवा नायके टूरा रे।
या जिन्दगी ....
नाचे ला सीखैय दाऊ।
रेवा नावके टूरा।।
या जिन्दगी रहे ला दिना चार।'

यह जिन्दगी चार दिनों की है। चार दिन की चाँदनी फिर अँधेरी रात है। इस दुनिया में चार दिन तक रहना है नर्तक जो रेवा नाम का लड़का है उससे कहा जा रहा है। अब सभी नृत्यों को मिलाकर नाच नाचना हैं इसलिए हम सब चलना सीखे। आजू-बाजू मुड़ने को पैरों को घुमाकर भुजाओं को हिलाकर नाचना सीख लें। ताकि हम सब नाच गाने में होशियार हो जायेंगे। क्योंकि यह जिन्दगी चार दिनों की है।

जनजातीय श्रृंगारिता का लोकगीत –

'चकिया मा मलथे पीसान सान्वर धीरे रेंगो रे।
गोड़े मा तो रूच मुच पनही।
कनिहा मा पीतम्बर धोती छातीया मा राग झोली।
गले मा तो तुलसीक माला।
मुड़े मा तो टीला टोपी कटरे।
वनगुला पान बिचगली।
मिलही करे सान्वर धरे रोंगो रे.............।।'

चकिया में अनाज पीस कर आटा निकालते हैं पद का भावार्थ यह है कि पांव में जब जूता पहनते हैं तो चुर मुर की आवाज आती है। राह चलते पीली धोती पहने हुए झोला गले में सिर में टोपी पहने हुए कहीं जाते हैं। मूल भावार्थ यह है कि जब ये किसी गांव में जाते हैं। तब पुरूष वर्ग के श्रृंगार वेश-भूषा पहने हुए निकलते हैं। यह जाति श्रृंगार प्रिय होती है। श्रृंगारिता का वर्णन प्रस्तुत लोकगीत में किया जाता है।

गोदना गीत – गोंड़ समाज में गोदना की प्रथा पाई जाती है। यह प्रथा अब लगभग बंद होने की स्थिति में है। गोदना गोदने का कार्य बादी समाज की स्त्रियाँ करती हैं। ये महिलाएँ गोदना गोदते समय गीत गाती हैं। ऐसा वह शायद गोदना गुदने के समय उत्पन्न असहनीय दर्द को सहने की शक्ति के लिए करती हैं। इस तरह देखा जाय तो गोदना गीत का कितना सामाजिक महत्व है जो गोदना गुदने के समय होने वाले दर्द को भी दूर कर देता है। गोदना गीत इस प्रकार गाये जाते हैं –

1. 'दादर ऊपर चार पके कौआ रेरी दे
जा तो बाई पूछ आबे सोला पैसा मा दे,
दादारे मा घोड़ा ऊपर तलवारेय'

2. 'तिल्ली के तेलमा पोयौं ठेठरिया
बांधी गठरिया चढ़ी जाबे
चढी जाबे लाला कोसुम घटिया।
चढ़ी जावे रे।।'

जनजातीय माँ-पुत्री स्नेह लोकगीत – गोंड़ समाज के पारिवारिक संबंधों के बीच मधुर एवं कटु दोनों ही प्रकार के संबंध देखे जा सकते हैं। माता एवं पुत्री के प्रेमपूर्ण रिश्ते लोकगीत में महत्वपूर्ण रूप से प्रस्तुत किये जाते हैं। गोंड़ माताओं का स्नेह पुत्र की तुलना में पुत्री से ज्यादा होता है। पुत्री की शादी के बाद बिदाई के अवसर पर माता का हृदय द्रवित हो उठता है –

'आज मोरी दुलरी ससुराल चली री।
मैके की सुध बुध बिसार चली री।।
नैन कजरवा मिला हुई गै।
अंसुवन से ढरकाय चली री।।'

गोंड़ माताएँ पुत्री ससुराल में पुत्री को कष्ट होने पर परेशान एवं दुःखी हो उठती हैं। वे सदैव उसकी खुशी के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती हैं। तभी तो बिदाई के समय वे गा उठती हैं –

'मैके ला छोड़ अब ससुरे बसेरा।
मैके से नाता तोड़ चली री।।
हम सबकी ये मनसा गुँइया।
फूलै फरै कचनार कली री।।'

माता एवं पुत्री के समान ही गोंड़ भाई एवं बहन के विशुद्ध, निश्छल, सात्विक प्रेम का वर्णन लोकगीत में उपलब्ध होता है। बहन की ससुराल में भाई के जाने पर बहन हृदय से आवभगत करती है। वह भाई को विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ भोजन कराती है। अनेक लोकगीतों में बहन की प्रसन्नता और भ्रातृ स्नेह की सच्ची झाँकी उपलब्ध है।

जनजातीय प्रेम लोकगीत – गोंड़ जनजाति के युवक-युवती को प्रेम की अभिव्यक्ति अनेक लोक गीतों में देखने को मिलती है। किशोरावस्था के बाद तरूणाई की प्रथम रेखा फूटते ही गोंड़ जनजाति के युवक लड़कियों पर नजर गड़ाना शुरू कर देते हैं। वह तिल के तेल से अंगों में कान्ति ले आने वाली गोंड़ युवती से मिलने को आतुर हो उठता है–

'तिल्ली के तेल लगाय ले अंग मां
मोला संगी बना के सोवाय ले संग मां।।'

इसी प्रकार जब युवक को युवती अपनी प्रीति देने को तैयार नहीं होती है तो उसकी प्रीति पाने के लिए युवक देवताओं को नारियल चढ़ाने की मनौती करता है –

'परबत पहार निकट हरियर।
नहि बोले करेली बदों नरियर।।'

श्री मोहनलाल पुरोहित ने 'राजस्थानी व्रत कथाएँ' तथा 'राजस्थानी प्रेम कथाएँ' नाम से लोक कथाओं का संग्रह प्रकाशित किया है। डॉ0 कन्हैया लाल सहल ने 'नटो तो कहो मत' संकलन में लोक कथाओं को स्थान दिया है। 'मरु भारती' में धारावाहिक रूप से प्रकाशित श्री गोविन्द अग्रवाल का 'राजस्थानी लोक–कथा कोश' प्रदेश के लोगों के जन–जीवन की झांकी प्रस्तुत करता है। श्री विजयदान देथा ने 'लोक संस्कृति' पत्रिका के माध्यम से अनेक राजस्थानी लोक कथाओं का प्रकाशन किया है। 'बात' राजस्थानी लोक साहित्य का एक रोचक अंग है। शैली की रोचकता, पद्य का प्रयोग, भाषा में चित्रमयता, लोकोक्ति–मुहावरा का प्रयोग इनकी विशेषताएँ हैं। राजस्थानी 'बातों' में वीरता का वर्णन अधिक हुआ है। राजस्थान के वीर, योद्धा, दानी, संत, सती, विदुषी और वीरांगनाओं से संबंधित बातें यहाँ घर–घर में फेली हुईं हैं। सूर्यकरण पारीक ने 'राजस्थानी बातों' नामक ग्रन्थ में अनेक वीरों की 'बातों' का संकलन किया है। रानी लक्ष्मी कुमारी चुड़ावत ने 'कैरे चकवा बात' और 'सिर ऊँचा ऊँचा गढ़ा' नामक पुस्तक में क्रमश: 16 और 30 बातों का संग्रह किया है। ये सभी आख्यानें ऐतिहासिक हैं। श्री विजयदान देथा ने 'बाताँ री फुलवाडी' नाम से दास भागों में बातों का प्रकाशन किया है।

श्री गणपति स्वामी ने 'जीणमाता–रो गीत' लोक गाथा के कुछ अंशों का प्रकाशन 'राजस्थान भारती' और 'मरु भारती' में किया है। इस गाथा में भाई–बहन का निश्छल प्रेम अभिव्यक्त हुआ है। लोक गाथा के क्षेत्र में ठाकुर सौभाग्य सिंह ने 'जीणमाता' पुस्तक का भी सम्पादन किया है। सूर्य करण पारीक, नरोत्तम दास स्वामी और ठाकुर राम सिंह नामक विद्वानत्रयी ने संयुक्त रूप से प्रसिद्ध गाथा 'ढोला मारू रा दूहा' का सम्पादन बड़े ही मनोयोग से किया है। यह एक सरस प्रेम गाथा है, जिसमें वियोग श्रृंगार रस की प्रधानता है। डॉ0 कन्हैया लाल सहल ने वीरता की 12 लोक गाथाओं का संग्रह 'राजस्थानी वीर गाथाओं' में किया है। इन्होंने 'निहाल दे सुल्तान' की गाथा को तीन भागों में हिन्दी में प्रकाशित किया है। श्री चन्ददान चारण ने गोगा चौहान की गाथा को 18 पाठों में प्रकाशित किया है। गोगा जी की गणना राजस्थान के प्रसिद्ध पाँच वीरों में की जाती है। इसे 'जाहर पीर' भी कहा जाता है। सर्पो के देवता होने के कारण इन्हें प्रबल देवता के रूप में पूजा जाता है। राजस्थानी समाज की रीति–रिवाज और धार्मिक विश्वास को प्रकट करती गाथा 'बगडावत' का प्रकाशन डॉ0 कृष्ण कुमार शर्मा के द्वारा किया गया है। इस गाथा का हिन्दी अनुवाद रानी लक्ष्मी कुमारी चूड़ावत ने किया है। बगडावतों के कुलगुरु देव नारायण से संबंधित गाथा 'देव नारायण रो भारत' का सम्पादन डॉ0 महेन्द्र भानावत ने किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ0 कृष्णदेव उपाध्याय : भारत में लोक साहित्य, साहित्य भवन प्रा0 लि0 इलाहाबाद, संस्करण : 1998, पृ0 140
2. डॉ0 रमेश टण्डन : लोक साहित्य एवं छत्तीसगढ़ी साहित्य (छत्तीसगढ़ी साहित्य का इतिहास एवं प्रवृत्तियाँ – श्रीमती पुष्पांजलि दासे), सर्वप्रिय प्रकाशन कश्मीरी गेट दिल्ली, संस्करण : 2020, पृ0 104

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मुलायम सिंह यादव की केंद्रीय राजनीति में भूमिका

डॉ. लोकेश कुमार शर्मा*

* एसोसिएट प्रोफेसर, मेवाड़ विश्वविद्यालय, चित्तौड़गढ़ (राज.) भारत

शोध सारांश – मुलायम सिंह यादव, भारतीय राजनीति के एक प्रमुख नेता और समाजवादी विचारधारा के प्रतीक माने जाते हैं। उत्तर प्रदेश की राजनीति में तो उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा ही है, लेकिन उनके केंद्रीय राजनीति में भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मुलायम सिंह यादव न केवल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यरत रहे, बल्कि केंद्रीय राजनीति में भी उनके प्रभावशाली कदम और रणनीतियां उन्हें एक अद्वितीय नेता के रूप में स्थापित करती हैं। यह रिसर्च पेपर मुलायम सिंह यादव की केंद्रीय राजनीति में भूमिका, उनके योगदान और उनकी रणनीतियों का गहन विश्लेषण करता है।

प्रारंभिक जीवन और राजनीतिक कैरियर की शुरुआत – मुलायम सिंह यादव का जन्म 22 नवंबर 1939 को उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के सैफई गांव में हुआ था। एक किसान परिवार से आने वाले मुलायम सिंह यादव ने राजनीति में अपने करियर की शुरुआत समाजवादी आंदोलन से की। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1967 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य के रूप में की, जब उन्होंने संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव जीता। इस दौरान, उन्होंने राम मनोहर लोहिया के विचारों को अपनाया और समाजवादी आदर्शों के प्रति अपनी निष्ठा दिखाई।

मुलायम सिंह यादव: संसद में योगदान और राष्ट्रीय राजनीति में भूमिका– मुलायम सिंह यादव का राजनीतिक कैरियर केवल उत्तर प्रदेश की राजनीति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे भारतीय राजनीति के ऐसे नेता रहे जिन्होंने अपने विचारों और कार्यों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक न्याय और समानता के मुद्दों को उठाया।

केंद्रीय राजनीति में प्रवेश – 1989 में जब जनता दल सत्ता में आई, तो मुलायम सिंह यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया। हालांकि, उनका असली राजनीतिक सफर तब शुरू हुआ जब उन्होंने समाजवादी पार्टी की स्थापना की और खुद को एक राष्ट्रीय नेता के रूप में प्रस्तुत किया। 1996 के लोकसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी ने महत्वपूर्ण सीटें जीतीं और मुलायम सिंह यादव केंद्र में रक्षा मंत्री बनाए गए। यहीं से उनकी केंद्रीय राजनीति में वास्तविक भूमिका शुरू होती है।

लोकसभा सदस्य के रूप में – मुलायम सिंह यादव ने अपने राजनीतिक कैरियर में कई बार लोकसभा के सदस्य के रूप में सेवा की। पहली बार 1996 में, वे मैनपुरी से लोकसभा के लिए चुने गए। इसके बाद, वे कई बार लोकसभा के लिए चुने गए और उनके कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण विषयों पर संसद में अपनी बात रखी।

मुलायम सिंह यादव ने संसद में किसानों, मजदूरों, और गरीबों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। वे हमेशा से ही ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, किसानों की समस्याओं और सामाजिक न्याय के लिए संघर्षरत् रहे। संसद में उनके वक्तव्य अक्सर गरीबों और वंचितों के अधिकारों की रक्षा के लिए होते थे। उन्होंने कई बार कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से संबंधित नीतियों की वकालत की और सरकार की योजनाओं का समर्थन किया, जो समाज के निचले तबके के लोगों के लिए फायदेमंद थीं।

केंद्रीय मंत्री के रूप में योगदान – मुलायम सिंह यादव ने 1996 से 1998 तक भारत के रक्षा मंत्री के रूप में कार्य किया। इस दौरान, उन्होंने भारतीय सेना की मजबूती और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया। उनका कार्यकाल कई मायनों में महत्वपूर्ण रहा, खासकर जब उन्होंने सेना के आधुनिकीकरण के लिए कई योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया और स्वदेशी रक्षा उपकरणों के विकास पर जोर दिया।

उनके कार्यकाल के दौरान, मुलायम सिंह यादव ने भारत की रक्षा नीति में सुधार किया और सेना के आधुनिकीकरण पर जोर दिया। उन्होंने सेना के जवानों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए और उनकी जीवन परिस्थितियों को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू कीं। इसके अलावा, उन्होंने भारत के पड़ौसी देशों के साथ सैन्य संबंधों को भी मज़बूत करने का प्रयास किया।

समाजवादी विचारधारा और केंद्रीय राजनीति– मुलायम सिंह यादव की केंद्रीय राजनीति में भूमिका को उनकी समाजवादी विचारधारा से अलग करके नहीं देखा जा सकता। वे हमेशा से ही गरीबों, किसानों और मजदूरों के अधिकारों के लिए संघर्षरत रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय राजनीति में भी इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उनकी पार्टी, समाजवादी पार्टी, ने हमेशा ही केंद्र सरकार की नीतियों पर अपनी स्पष्ट और मुखर राय रखी है। चाहे वह आर्थिक सुधारों का मुद्दा हो या सामाजिक न्याय का, मुलायम सिंह यादव ने हमेशा समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।

राष्ट्रीय राजनीति में प्रभाव– मुलायम सिंह यादव की राष्ट्रीय राजनीति में प्रभावशाली भूमिका रही है। वे भारतीय राजनीति में समाजवादी विचारधारा के प्रमुख चेहरे थे। उन्होंने समाजवादी पार्टी को एक राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुलायम सिंह यादव ने देश के विभिन्न हिस्सों में समाजवादी आंदोलन को फैलाया और इसे मजबूत करने के लिए कई सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किए। वे विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने स्पष्ट और प्रभावशाली दृष्टिकोण के लिए जाने जाते थे।

1996 में, जब केंद्र में संयुक्त मोर्चा सरकार बनी, तो मुलायम सिंह यादव ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे गठबंधन की राजनीति के विशेषज्ञ माने जाते थे और उन्होंने कई बार विभिन्न दलों को एक साथ लाकर सरकार बनाने में योगदान दिया।

गठबंधन राजनीति में भूमिका – मुलायम सिंह यादव का केंद्रीय राजनीति में सबसे बड़ा योगदान उनके गठबंधन की राजनीति में देखा जा सकता है। उन्होंने कई बार विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ मिलकर गठबंधन सरकारें बनाई और उन्हें स्थिरता प्रदान की। 1996 में, जब देश में कोई भी पार्टी पूर्ण बहुमत नहीं पा सकी, तब मुलायम सिंह यादव ने गठबंधन की राजनीति का नेतृत्व किया और केंद्र में स्थिरता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में समाजवादी पार्टी ने विभिन्न मुद्दों पर केंद्र सरकार का समर्थन किया और देश की राजनीति में संतुलन बनाए रखा।

राजनीतिक रणनीतियां और चुनावी सफलता – मुलायम सिंह यादव ने अपने राजनीतिक जीवन में कई महत्वपूर्ण चुनावी रणनीतियों को अपनाया। उन्होंने हमेशा से ही जातिगत और धार्मिक समीकरणों को समझा और उन्हें अपने पक्ष में किया। उनके कुशल नेतृत्व और रणनीतियों के कारण समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश और केंद्र में कई चुनावी सफलताएं हासिल कीं। उनकी राजनीति का प्रमुख आधार सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, और समावेशी विकास रहा है, जिसने उन्हें एक जननेता के रूप में स्थापित किया।

राष्ट्रीय मुद्दों पर दृष्टिकोण – केंद्रीय राजनीति में रहते हुए, मुलायम सिंह यादव ने राष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपनी स्पष्ट राय रखी। चाहे वह आर्थिक सुधारों का मामला हो, राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा हो, या फिर अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भारत की स्थिति, मुलायम सिंह यादव ने हमेशा एक संतुलित और देशहित में आधारित दृष्टिकोण अपनाया। उन्होंने कई मौकों पर सरकार की नीतियों की आलोचना की, लेकिन देश की अखंडता और संप्रभुता के लिए हमेशा अपने विचारों को प्रकट किया।

विपक्ष के नेता के रूप में भूमिका – मुलायम सिंह यादव ने विपक्ष के नेता के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने संसद में सरकार की नीतियों पर कड़ी निगरानी रखी और समय-समय पर अपनी पार्टी की ओर से वैकल्पिक नीतियां प्रस्तुत कीं। उनके नेतृत्व में समाजवादी पार्टी ने सरकार की नीतियों की तीखी आलोचना की, लेकिन एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों का समर्थन किया और देश की जनता के मुद्दों को संसद में उठाया।

लोकतंत्र और धार्मनिरपेक्षता के प्रति प्रतिबद्धता – मुलायम सिंह यादव की केंद्रीय राजनीति में सबसे बड़ी विशेषता उनकी लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता के प्रति अटूट निष्ठा रही है। उन्होंने हमेशा से ही देश की विविधाता और धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को बनाए रखने के लिए काम किया। उनके नेतृत्व में समाजवादी पार्टी ने हमेशा ही देश की सांस्कृतिक विविधता का सम्मान किया और विभिन्न समुदायों के बीच भाईचारे और सद्भावना को बढ़ावा दिया।

सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता – मुलायम सिंह यादव की राजनीति का एक प्रमुख स्तंभ सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता रहा है। उन्होंने हमेशा समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। उनके नेतृत्व में, समाजवादी पार्टी ने इन मुद्दों पर जोर दिया और विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से इनकी रक्षा करने का प्रयास किया।

वे भारतीय राजनीति में एक मजबूत धर्मनिरपेक्ष नेता के रूप में उभरे और उन्होंने हमेशा धार्मिक भेदभाव और सांप्रदायिकता का विरोध किया। मुलायम सिंह यादव के विचार और नीतियाँ हमेशा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने पर आधारित थीं।

अंतिम वर्षों में केंद्रीय राजनीति में योगदान – मुलायम सिंह यादव के राजनीतिक करियर के अंतिम वर्षों में भी उन्होंने केंद्रीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई। वे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर पार्टी का मार्गदर्शन करते रहे और केंद्र सरकार की नीतियों पर अपनी राय रखते रहे। उनकी उपस्थिति हमेशा ही भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती रही और उनकी राजनीतिक सोच और दृष्टिकोण ने नई पीढ़ी के नेताओं को भी प्रभावित किया।

राजनीतिक विचारधारा और समाजवाद– मुलायम सिंह यादव का पूरा राजनीतिक जीवन समाजवादी विचारधारा पर आधारित था। उन्होंने लोहिया और जयप्रकाश नारायण जैसे समाजवादी नेताओं से प्रेरणा ली और समाज के सबसे निचले तबके के लिए काम करने का संकल्प लिया। उनका उद्देश्य हमेशा समाज में समानता और न्याय स्थापित करना रहा। उन्होंने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास किया।

समाजवाद उनके राजनीतिक कैरियर का केंद्रीय बिंदु था और उन्होंने हमेशा इसे अपनी नीतियों और कार्यक्रमों में प्राथमिकता दी। मुलायम सिंह यादव ने भूमि सुधार, किसानों की भलाई, और सामाजिक न्याय के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया। उनका मानना था कि समाज में जब तक सभी को समान अवसर और अधिकार नहीं मिलेंगे, तब तक वास्तविक लोकतंत्र संभव नहीं हो सकता।

निष्कर्ष – मुलायम सिंह यादव का केंद्रीय राजनीति में योगदान अति महत्वपूर्ण और प्रभावशाली रहा है। उन्होंने न केवल उत्तर प्रदेश की राजनीति में अपनी छाप छोड़ी, बल्कि केंद्र में भी एक सशक्त और विचारशील नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई। उनकी समाजवादी विचारधारा, गठबंधन की राजनीति में उनकी भूमिका, और राष्ट्रीय मुद्दों पर उनका संतुलित दृष्टिकोण उन्हें भारतीय राजनीति के इतिहास में एक विशिष्ट स्थान प्रदान करता है। मुलायम सिंह यादव के योगदानों को समझना और उनका मूल्यांकन करना हमें न केवल भारतीय राजनीति की जटिलताओं को समझने में मदद करता है, बल्कि एक ऐसे नेता के संघर्ष और सफलता की कहानी को भी उजागर करता है, जिसने अपने जीवन को देश और समाज की सेवा में समर्पित कर दिया।

मूल्यांकन करना हमें न केवल भारतीय राजनीति की जटिलताओं को समझने में मदद करता है, बल्कि एक ऐसे नेता के संघर्ष और सफलता की कहानी को भी उजागर करता है, जिसने अपने जीवन को देश और समाज की सेवा में समर्पित कर दिया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Yadav, A. K. (2010). The Life and Times of Mulayam Singh Yadav. New Delhi: Penguin Books.

2. Guha, R. (2007). India After Gandhi: The History of the World's Largest Democracy. New Delhi: HarperCollins Publishers.
3. Parliament of India. Lok Sabha Archives. (2023). Speeches and Contributions of Mulayam Singh Yadav in Central Politics. Retrieved from https://loksabha.nic.in/
4. Sharma, R. (2012). Mulayam Singh Yadav: His Socialism and Secularism. Journal of Indian Political Thought, 15(3), 45-58.
5. The Hindu Archives. (1996-1998). Mulayam Singh Yadav's Role in Central Politics. Retrieved from https://www.thehindu.com/archive/
6. Singh, M. P. (2003). India's Coalition Politics: A Study of National Front and United Front Governments. New Delhi: Oxford University Press.
7. The Indian Express. (1996). Yadav's Strategies in Central Government. Retrieved from https://indianexpress.com/archive/
8. Times of India Archives. (1997). Mulayam Singh Yadav: A National Leader. Retrieved from https://timesofindia.indiatimes.com/

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कृषि तकनीकी के बदलते आयाम

डॉ. गोरा मुवेल*

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारत जैसे विकासोन्मुक देश के आर्थिक विकास के लिए कृषि का विकास आवश्यक है। कृषि–विकास के द्वारा ही ग्रामीण क्षेत्रों की उन्नति एवं औद्योगिक अर्थव्यवस्था का निर्माण संभव है।स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् देश के आर्थिक विकास के लिए पंचवर्षीय योजनाएँ शुरू की गई।विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं में कृषि विकास को प्राथमिकता प्रदान की गई है। कृषि क्षेत्र में उपलब्ध तकनीकी ज्ञान का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया, जिससे कृषि उत्पादन एवं कृषकों की आय में वृद्धि हुई है। कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए तृतीय पंचवर्षीय योजना के प्रारम्भ से विशेष प्रयास किये गए हैं। कृषि विकास की नई नीति के अनुसार चुने हुये जिलों में कृषि के नये तरीकों का उपयोग करके उत्पादन बढाने की कोशिश की गई। कृषि अनुसन्धान को भी पंचवर्षीय योजनओं में विशेष महत्व दिया गया। इन योजनाओं का प्रमुख उद्देश्य खाद्यान्न उत्पादन में आत्म–निर्भर प्राप्त करना था। कृषि में तकनीकी ज्ञान विकास के लिए समय–समय पर अनेक कार्यक्रम अपनाये गये।

उन्नत कृषि–यंत्र आज की विकासवादी आधुनिक कृषि का प्रमुख आधार माने जाते हैं। कृषि यंत्रो के आभाव में भारतीय कृषि क्षेत्र में वांछित उत्पादन तथा उत्पादकता को प्राप्त करना सहज नहीं है। भारतीय कृषि के पिछड़ेपन का एक मुख्य कारण यहाँ के कृषकों द्वारा पुराने एवं अकुशल औजारों का प्रयोग करना है पर्याप्त सूझ–बूझ और ज्ञान रखते हुये भी यहाँ के कृषक पुराने कृषि–यंत्रो के प्रयोग करने के परिणाम स्वरूप कृषि उपज बढ़ाने में पूर्ण रूप से सफल नहीं हो पाए। जबकि उन्नत कृषि मशीनों के प्रोयोग से ही पश्चिमी देशों के कृषक कृषि–क्रांति लाने में सफल हुए। कृषि के यंत्रीकरण के कारण इन देशों में उत्पादन में वृद्धि हुई तथा लागत में कमी आई। पश्चिमी देशों में समृद्धी का मुख्य कारण कृषि यंत्रीकरण ही है।भारतीय कृषि औजारों की चर्चा करते हुए डार्लिंग (Darling) ने लिखा है की 'हल जो एक अधखुले पेन्सिल बनाने वाले चाकू जैसा लगता है और भूमि को खुरेद भर देता है, हाथ की दराती, जो मनुष्य की अपेक्षा एक बालक के लिए अधिक उपयुक्त होती है, पुराने ढंग की टोकरी, जिसकी सहायता से हवा द्वारा भूसे को अनाज से पृथक किया जाता है, हमारे यहाँ आज भी कृषक अपने प्राचीन किन्तु अविस्मरणीय कार्यों पर जमे हुए हैं।' अत: भारतीय कृषि में सुधार लाने और उत्पादनएवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषि के यंत्रीकरण की महती आवश्यकता है।

भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् कृषि से सम्बधित प्रत्येक क्षेत्र में आश्चर्य जनक परिवर्तन हुए हैं।कृषि की अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए कृषि को 'मानसून का जुआ' कहा जाता था, किन्तु वर्तमान में किसान मानसून पर निर्भर नहीं है, उसे सिंचाई के लिए नहर, ट्यूबवेल, कुएं, तालब एवं नलकूप आदि की अच्छी सुविधाएं उपलब्ध है।अधिकतम उत्पादन के लिए आज किसान देशी खाद पर निर्भर नहीं है बल्कि वर्तमान में किसान रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करने लगा है। इसी प्रकार कृषि के सभी क्षेत्रों में परिवर्तन हुआ है इसी परिवर्तन को कृषि में 'तकनीकी परिवर्तन' कहा जाता है इसे हम इस प्रकार भी समझ सकते है की किसान पूर्व में हल–बैल से कृषि कार्य करता था, किन्तु आज 80 प्रतिशत किसान हल–बैल के स्थान पर ट्रेक्टर, थ्रेसर, हार्वेस्टरआदि आधुनिक उपकरणों का प्रयोग कर रहे हैं, यही 'तकनीकी परिवर्तन' है।

शब्द कुंजी – कृषि,तकनीकी, फसलें, उत्पादन,कृषका।

विषय प्रवेश–कृषि तकनीकी को तालिका के माध्यम से समझाया गया है। सर्वप्रथम रासायनिक उर्वरकों का वितरण प्रदेश में नवम्बर 2021 तक 18.06 लाख मैट्रिक टन उर्वरकों का वितरण कराया गया है। रासायनिक उर्वरकों के वितरण (तत्वों में) वर्ष 2017–18 से 2021–22तक।

तालिका क्रमांक– 01: रासायनिक उर्वरकों का वितरण

मैट्रिक टन (लाख)

वर्ष	नत्रजन(N)	फास्फेट(P)	पोटाश(K)	कुल (N+P+K)
2017–18	12.63	6.55	0.98	20.16
2018–19	14.40	7.43	1.01	22.84
2019–20	15.38	7.71	1.08	24.17
2020–21	17.19	11.11	1.63	29.94
2021–22 नवम्बर 2021 तक	10.54	6.56	0.96	18.06

स्त्रोत :– किसान कल्याण तथा कृषि विकास संचालनालय

तालिका में रासायनिक उर्वरकों का वितरण वर्ष 2017–18 से 2021–22 तक दिखाया गया है। इसके अंतर्गत नत्रजन, फास्फेट एवं पोटाश मुख्य रूप से सम्मिलित है। नत्रजन 2017–18 में 12.63 मैट्रिक टन था जो वर्ष 2020–21 में बढ़कर17.19 मैट्रिक टन हो गया एवं नवम्बर 2021में 10.54 मैट्रिक टन हो गया है।इसी प्रकार फास्फेट वर्ष 2017–18 में 6.55 मैट्रिक टन है जो बढ़कर वर्ष2020–21 तक 11.11मैट्रिक टन और 2021–22 में नवम्बर 2021 तक 6.56 मैट्रिक टन है। तथा पोटास 2017–18 में 0.98 मैट्रिक टन हैं जो 2021–22 नवम्बर 2021 तक 0.96 मैट्रिक टन

है।

अतः नत्रजन, फास्फेट एवं पोटाश तीनों को मिलकर वर्ष 2017-18 में कुल 20.16मैट्रिक टन है जो प्रतिवर्ष बढ़कर वर्ष 2020-21 में 29.94 मैट्रिक टन और नवम्बर 2022 तक 18.06 मैट्रिक टन हो गया।

पौध संरक्षक- फसलों को रोगों एवं कीड़ो आदि से होने वाली पौध संरक्षक कार्यक्रम के अंतर्गत आच्छादित क्षेत्र से बचाने के लिये पौध संरक्षक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत फसल संरक्षक, बिजोपचार, चूहा नियंत्रण तथा निदाई नियंत्रण-उन्मूलन कार्यक्रम मुख्य रूप से सम्मिलित हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2017-18 से 2022-21 तक उपलब्धियों का विवरण निम्नलिखित हैं।

तालिका क्रमांक- 02: पौध संरक्षक कार्यक्रम के अंतर्गत आच्छादित क्षेत्र

(लाख हेक्टेयर)

कार्यक्रम	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22 नवम्बर 2021 तक
बीज उपचार	130.74	131.31	136.10	136.74	102.23
फसल उपचार	27.68	24.44	25.71	27.54	26.81
चूहा नियंत्रण	26.70	28.17	23.98	24.32	20.98
नींदाई नियंत्रण	18.70	19.42	20.78	18.43	17.10
योग	203.82	203.34	206.57	207.03	167.12

स्त्रोत - किसान कल्याण तथा कृषि विकास संचालनालय

तालिका के अनुसार पौध संरक्षक कार्यक्रम वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक दिखाया गया है। इसके अंतर्गत बीज उपचार2017-18 में 103.74लाख हेक्टेयर था, जो वर्ष 2021-22 में नवम्बर 2021 तक बढ़कर 102.23 लाख हेक्टेयर हो गया एवं फसल उपचार, चूहा नियंत्रण एवं नींदाई नियंत्रण वर्ष 2017-18 से वर्ष 2021-22 में नवम्बर 2021 तक क्रमशः 26.81, 20.98 एवं17.10 लाख हेक्टेयर हो गया है।

अतः फसल उपचार, चूहा नियंत्रण एवं नींदाई नियंत्रण वर्ष 2017-18 कुल 203.82 लाख हेक्टेयर था जो वर्ष 2021-22 में नवम्बर 2021 तक कुल 167.12 लाख हेक्टेयर रह गया।

प्रमुख फसलों का उत्पादन - प्रमुख फसलों का उत्पादन कार्यक्रम वर्ष 2017-18 से 2022-21 तक उपलब्धियों का विवरण निम्नलिखित हैं।

तालिका क्रमांक- 03: प्रमुख फसलों का उत्पादन

(हजार टन)

प्रमुख फसलें	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	वर्ष 2019-20 की तुलना में वर्ष 2020-21में (वृद्धि /कमी का प्रतिशत)
अनाज	34165	38243	53818	53847	0.05
दलहन	9469	6043	4784	6210	29.81
तिलहन	6947	7433	5420	5445	0.46
कुल (अन्य फसलोंसहित)	52080	53127	65605	66921	2.01

स्त्रोत - किसान कल्याण तथा कृषि विकास संचालनालय

तालिका के अनुसार प्रमुख फसलों का उत्पादन 2017-18 से 2021-22 तक दिखाया गया है।वर्ष 2017-18 में अनाज 34165 हजार टन जो वर्ष 2020-21 में बढ़कर 53847 हजार टन एवं 0.05 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इसी प्रकार वर्ष 2017-18 से बढ़कर 2021-22 में अनाज, दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों सहित क्रमशः 0.05, 29.81, 0.46 एवं 2.01 प्रतिशत की वृद्धि आंकलित की गई।

कृषि यंत्रीकरण से लाभ- कृषि यंत्रीकरण (मशीनीकरण) कृषि तकनीकी में परिवर्तन की आधारशिला है। भारत में कृषि यंत्रीकरण के पक्ष में मुख्यतः तर्क दिये जाते हैं।

1. **कृषि श्रम की कार्य कुशलता में वृद्धि-** फार्म पर यांत्रिक साधनों से कृषि करने पर श्रमिकों की कार्य कुशलता एवं क्षमता में वृद्धि होती है जिससे प्रति श्रमिक की उत्पादन मात्रा में वृद्धि होती है।
2. **उत्पादन में वृद्धि-** जैसा कि आप जानते हैं कि कृषि में मशीनों के प्रयोग करने से कृषि कार्यों की गति बढ़ जाती है, मानवीय शक्ति का प्रयोग कम हो जाता है और खेतों का आकार बड़ा रखा जाने लगता है। मशीनीकरण के फलस्वरुप गहन जुताई करना सम्भव हो पाता है। इसके कारण प्रति हेक्टेयर उत्पादन में वृद्धि होती।
3. **उत्पादन लागत में कमी-** राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद के नमूना सर्वेक्षण के अनुसार ट्रेक्टर से खेती करने की प्रति एकड़ लागत 100 रुपये आती है, जबकि वही कार्य यदि बैलों की सहायता से किया जाता है तो लागत 160 रुपये आती है। इस प्रकार यान्त्रिक कृषि उत्पादन लागत कम करने में सहायक है।
4. **समय की बचत-** कृषि यंत्रों का प्रयोग करने से किसान अपना कार्य शीघ्रता से कर लेते है और समय भी बच जाता है। जो कार्य एक जोड़ी हल व बैल से पूरे दिन भर किया जाता है उसे एक ट्रेक्टर द्वारा एक घण्टे से भी कम समय में कर लिया जाता है।
5. **व्यापारिक कृषि को प्रोत्साहन-** कृषि यन्त्रों के प्रयोग से व्यापारिक कृषि को प्रोत्साहन मिलता है। उद्योगों को कच्चा माल पर्याप्त मात्रा में कृषि क्षेत्र द्वारा उपलब्ध कराया जा सकता है। भूमि के बहुत बड़े-बड़े खेत कम समय व कम लागत में जोते जा सकते हैं, जिसके फलस्वरुप बड़ी मात्रा में उत्पादन मण्डी तक पहुंचाया जा सकता है। खाद्यान्न फसलों, के साथ-साथ व्यापारिक फसलों को भी प्रोत्साहन मिलता है। कृषि उपज की बिक्री न केवल अपने देश के बाजारों में बल्कि विदेशी बाजारों तक भी होती है।
6. **भारी कार्यो को सुगम बनाना-** कृषि यंत्रों की सहायता से भारी कार्य जैसे ऊँची नीची व पथरीली भूमि, बंजर भूमि तथा टीलों को आसानी से साफ व समतल कर कृषि योग्य बनाया जा सकता है। इस तरह कृषि योग्य भूमि में वृद्धि कर कृषि उत्पादन कृषि में यंत्रों का प्रयोग कर किया जाता है।
7. **रोजगार के अवसरों में वृद्धि-** कृषि यंत्रीकरण के परिणाम स्वरुप दीर्घकालीन रोजगार के अवसरों में वृद्धि होती है। यंत्रीकरण के कारण कृषि यंत्रो से सम्बन्धित उद्योग धन्धों व सहायक यन्त्रों का विस्तार होने लगता है। कृषि यंत्रीकरण से उद्योग एवं परिवाहन में रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं, जैसे ट्रैक्टर।
8. **किसानों की आय में वृद्धि-** जैसा कि आप जानते हैं कि कृषि यंत्रो की सहायता से किसान कम समय व कम लागत में अधिक कृषि उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं, इसके फल स्वरुप किसानों की आय में वृद्धि होती है।

9. उपभोक्ताओं को लाभ– कृषि में यंत्रीकरण से उत्पादन लागत कम आती है जिसके परिणाम स्वरुप उपभोक्ताओं को कृषि उपजों का मूल्य कम देना पड़ता है।

10. परती भूमि का उपयोग – गहरी जुताई करने, भू–संरक्षण, भूमि सुधार, गहरे पानी वाले क्षेत्रों से पानी उठाने के कार्य यंत्रों की सहायता से सरलतापूर्वक किये जा सकतेहै।

11. बहु फसली खेती को प्रोत्साहन– कृषि यंत्रीकरण से बहुफसली खेती को प्रोत्साहन मिलता है और फसल चक्र में वांछित परिवर्तन करना सम्भव होता है। कृषक वर्ष मेंदो–तीन विभिन्न प्रकार की फसलें उत्पादित कर पाते हैं।

12. ऊर्जा, बीज व उवर्रक की बचत– तकनीकी विकास महानिदेशालय द्वारा गठित, तकनीकी विकास सलाहकार समूह ने यह अनुभव किया कि बीज सहित उवर्रक ड्रिल(Seed-Cum fertiliser drill) न केवल ऊर्जा की बचत करती है बल्कि20 प्रतिशत बीज का भी बचत करती है और 15 प्रतिशत तक उत्पादन बढ़ाने में सहायक होती है। इससे उर्वरक व बीज का प्रयोग अधिक प्रभावशाली ढंग से हो पाता है।

कृषि यंत्रीकरण के दोष –कृषि यंत्रीकरण के दोष निम्नांकित है।

1. बेरोजगारी में वृद्धि– जैसा कि आप को ज्ञात है कि भारत की जनसंख्या का आकार बहुत बड़ा है और प्रतिवर्ष इसमें वृद्धि होती जा रही है। इसीलिए यंत्रीकरण के विरोध में तर्क देने वालों का मत है कि भारत में वैसे ही बेरोजगारी की समस्या विद्यमान है, कृषि में आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रयोग करने से कृषि श्रमिकों की मांग घट जाएगी क्योंकि यंत्रो की सहायता से कम समय में अधिक कार्य किया जाता है। इससे कृषि श्रमिकों को काम नहीं मिल पाएगा। चूंकि देश में अभी भी 60 प्रतिशत जनसंख्या रोजगार के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से कृषि पर ही निर्भर करती है। अत: कृषि में बड़े पैमाने पर यंत्रीकरण करने से बेरोजगारी को बढ़ावा ही मिलेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए कृषि यंत्रीकरण बहुत अधिक उपयुक्त नहीं है। इसका सीमित मात्रा में ही प्रयोग होना चाहिए।

2. कृषि जोतों का छोटा आकार– हमें ज्ञात है कि भारत में लघु व सीमान्त जोतों का आकार बहुत ही छोटा है। यहॉं लगभग 61.58 प्रतिशत जोते एक हेक्टेयर से कम तथा 80.31 प्रतिशत जोते दो हेक्टेयर से कम है। भारत में जोत का औसत आकार 1.41 हेक्टेयर है जबकि अमेरिका में 60 हेक्टेयर और कनाडा में 188 हेक्टेयर है। इसके अतिरिक्त यहॉं पर भूमि उपविभाजन के कारण जोते बिखरी हुई हैं। छोटी व बिखरी जोतों पर ट्रेक्टर का प्रयोग कृषकों के लिए लाभकारी नहीं हो सकता। भारत में अनार्थिक जोतों यंत्रीकरण के मार्ग में एक बड़ी बाधा है।

3. पूंजी की कमी– यांत्रिक साधनों को जुटाने के लिए कृषकों को अधिक पूंजी कीआवश्यक्ता होती है। जिसे जुटा पाना अधिकांश कृषकों के लिए सम्भव नहीं है क्योंकि भारत में सामान्य कृषक निर्धन हैं। भारत में सम्पन्न किसान ही यंत्रीकरण का लाभ उठा सकते है।

4. तकनीकी ज्ञान का अभाव– यान्त्रिक साधनों के उपयोग के लिए आवश्यक तकनीकी ज्ञान का कृषकों में अभाव होने के कारण, उन्हें छोटी–छोटी कमियों को दूर कराने के लिए मिस्त्रियों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे दूसरों पर निर्भरता बढ़ती है और कार्य समय पर पूरा नहीं हो पाता है। कृषि यंत्रों की कार्य प्रणाली अशिक्षित कृषकों को समझाना भी कठिन होता है।

5. भूमिहीन श्रमिकों की संख्या में वृद्धि– यान्त्रिक कृषि अपनाने से बड़े किसान, लघु कृषकों की भूमि क्रय कर लेते हैं जिससे इससे बड़े किसानों की जोतों का आकार बड़ा हो जाता है इसलिए भूमिहीन श्रमिकों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है।

6. ईधन की समस्या– कृषि यंत्रों जैसे ट्रेक्टर, ट्यूबवेल, थ्रेशर आदि चलाने के लिए पैट्रोल, डीजल व बिजली की आवश्यक्ता होती है। इसकी आपूर्ति कम होने तथा कीमतें अधिक होने से सामान्य कृषक की क्रय शक्ति के बाहर हो जाती है। इसके अतिरिक्त अधिकांश राज्यों में बिजली की आपूर्ति 24 घण्टे नहीं है, किसानों को कृषि यंत्रों के प्रयोग में बाधा आने लगती है और मशीनें बेकार पड़ी रहती है।

7. गॉवों में वर्कशॉप का अभाव– ग्रामीण क्षेत्रों में यन्त्रों एवं उपकरणों की मरम्मत की सुविधा तथा स्पेयर पार्टस की उपलब्धता का अभाव पाया जाता है, ऐसी स्थिति में कृषि यंत्रो का प्रयोग करने में बाधा आने लगती है।उपर्युक्त कठिनाइयों के कारण देश में यान्त्रिक कृषि के विकास की गति बहुत धीमी रही है।

सारांश –भारतीय कृषि में मशीनीकर के लाभ एवं हानियों का विश्लेषण करने के पश्चात् इस निष्कर्ष पर पहुँचना सरल है कि कृषि के लिये उपयुक्त तकनीकी क्या होना चाहिए। वास्तविकता यह है कि विकसित देशो के समान पूर्ण यंत्रीकरण भारत में संभव नहीं है। कारण यह है कि भारती कृषि की अपनी कुछ विशेषताएँ है और पूर्ण यंत्रीकरण इन विशेषताओं के अनुरूप नहीं है उदाहरण के लिये मानव श्रम की अधिकता, छोटी–छोटी जोतों की अधिकता, औद्योगिकरण की धीमी गति आदि, किन्तु इसका अर्थ यह नहीं है की भारत में मशीनीकर बिलकुल संभव नहीं है। वर्तमान समय में कुछ ऐसी मशीने भी बनने लगी हैं जिन्हें छोटे खेतो के उपयोग में लाया जा सकता है। जापान में छोटे–छोटे खेतों परऐसी मशीनों का सफलतापूर्वक प्रयोग किया जा रहा है।इस प्रकार छोटी मशीनों के प्रयोग के साथ–साथ बड़े खेतों में विद्यमान मशीनों का प्रयोग भी देश में किया जा सकता है। अत: निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि भारत के लिए मशीनों के चयन में इस बात का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है कि मशीनें भारतीय खेतों के लिये उपयुक्त हों तथा मशीनें श्रमिकों को अधिक मात्रा में हटाने वाली न हों।मशीनीकर के सन्दर्भ में यह तथ्य भी ध्यान में रखना होगा की मशीनें कृषि उत्पादकता बढ़ाने वाली हों जिससे अन्य क्षेत्रों में रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची: –

1. भारतीय कृषि का अर्थतंत्र (31 अगस्त 2000), डॉ. एन.एल. अग्रवाल, राजस्थान हिंदी ग्रंथ आकादम, जयपुर।
2. कृषि अर्थशास्त्र, डॉ. जय प्रकाश मिश्र, साहित्य भवन, पब्लिकेशन्स, आगरा।
3. कृषि अर्थशास्त्र (2011), डॉ. बी.एल. माथुर, अर्जुन पब्लिकेशन्स हाऊस।
4. कृषि अर्थशास्त्र, डॉ. एस.सी. जैन, डॉ. पी.डी. महेश्वरी, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल।
5. एस0पी0 (2012), कृषि अर्थशास्त्र, साहित्य भवन, पब्लिकेशन्स, आगरा।
6. एस0के0, पुरी वी0के0 (2007), भारतीय अर्थव्यवस्था, खेती में मशीनीकरण, हिमालय पब्लिशिंग हाउस, बम्बई।
7. https://www.scotbuzz.org/2019/04/krashi-yantree karan.html?m=1
8. https://agricoop.nic.in/

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारत में वनों की कटाई : एक अध्ययन

डॉ. दिनेश कुमार कठुतिया*

* शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणपुर (छ.ग.) भारत

प्रस्तावना – वन किसी भी देश की संपत्ति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। हमारे देश में वनों का संरक्षण अत्यधिक महत्व रखता है। वनों के संरक्षण की जिम्मेदारी सरकार पर होती है और यह कार्य वन विभाग के द्वारा किया जाता है। वन जलवायु पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैंय वे वर्षा आकर्षित करते हैं और नमी को संरक्षित रखते हैं। यह विशेष रूप से भारत जैसे शुष्क देश में एक महत्वपूर्ण कार्य है। वृक्षों की पत्तियों से वाष्पीकरण द्वारा वातावरण में ठंडक बनी रहती है। नमी संघनित होकर वर्षा के रूप में बरसती है। वनों को किसी भी प्रकार की हानि जलवायु को तेजी से बदल देती है। भारत में पहला वन अधिनियम 1865 में लागू हुआ था। इस कानून ने राजकुमारों को भारतीय वनों में कीमती वृक्षों की सुरक्षा के उद्देश्य से कानून बनाने की शक्ति प्रदान की। 1927 का भारतीय वन अधिनियम, जो अधिकांश राज्यों में लागू है, 1878 के भारतीय वन अधिनियम का संशोधित संस्करण है। वन की हानि को वनों की कटाई कहा जाता है। वनों की कटाई का मानव जीवन और पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। वन विभाग के सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में लगभग 75 मिलियन हेक्टेयर वन क्षेत्र है। हाल ही में उपग्रह से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, केवल 17 प्रतिशत क्षेत्र ही वन से ढका हुआ है। भारत हर साल 1.3 मिलियन हेक्टेयर वन क्षेत्र खो रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में वनों की कटाई इतनी गंभीर है कि इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ा है। हिमालय की मूल वनस्पति का बड़े पैमाने पर विनाश हुआ है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का धीरे-धीरे नुकसान हो रहा है। जनसंख्या वृद्धि, औद्योगिकीकरण, शहरीकरण, सड़क निर्माण, खनन और अन्य विकासात्मक गतिविधियों के कारण वनस्पति और जीव-जंतुओं के प्राकृतिक आवासों को नुकसान पहुंचा है, जिससे जीवित संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ा है। कई वनस्पतियां और पशु प्रजातियां विलुप्ति या संकटग्रस्त के कगार पर हैं। भूस्खलन, सूखा, बाढ़, तूफान, भूकंप, बीमारियां, जल और वायु प्रदूषण और मानवीय हस्तक्षेप जैसी प्रतिकूल परिस्थितियां भी वनों के विनाश का कारण बन सकती हैं। अन्य प्रतिकूल कारक जैसे स्थिर मिट्टी की कमी, शुष्कता, दलदलीपन, जैविक एजेंसियां, वाणिज्यिक शोषण आदि भी वनस्पति की कमी के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। भारत की प्राकृतिक विविधता दुनिया में सबसे समृद्ध है, जो उपरोक्त कारकों के कारण धीरे-धीरे गायब हो रही है।

एफएओ की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वार्षिक वनों की कटाई की दर 0.6 प्रतिशत (1981 से 1990 की अवधि के दौरान 0.34 मिलियन हेक्टेयर) थी। रविंद्र नाथ और हॉल (1944) के अनुसार, हर साल 144 मिलियन हेक्टेयर वनों का पुनरुत्थान किया गया। 1990 में, भारत में कुल वन क्षेत्र 70.6 मिलियन हेक्टेयर था, जिसमें से 27 प्रतिशत वाणिज्यि वृक्षारोपण के अंतर्गत था, जिसमें मुख्य रूप से नीलगिरी, सागौन और चीड़ शामिल थे। खोशोद (1986) के अनुसार, 1900 में विश्व में कुल वन क्षेत्र लगभग 7000 मिलियन हेक्टेयर था। 1975 तक यह घटकर 2890 मिलियन हेक्टेयर रह गया। 2000 ई. के अंत तक, यदि वनों की कटाई की वर्तमान प्रवृत्ति जारी रहती है, तो विश्व में कुल वन क्षेत्र लगभग 2370 मिलियन हेक्टेयर तक घट जाएगा। पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील हिमालय क्षेत्र में वन आवरण के विनाश से पानी की बढ़ती कमी, बार-बार भूस्खलन, बाढ़ में वृद्धि, नदियों में उच्च अवसादन, ईंधन और चारे की कमी और चरागाह भूमि में कमी के रूप में प्रतिकूल प्रभाव दिखने लगे हैं। वनों की कटाई के कारण जीवन समर्थक प्रणालियां बाधित हो रही हैं। भूमिगत जल स्तर धीरे-धीरे और गहराई तक जाता जा रहा है। भूमि का बड़ा क्षेत्र सूखे से प्रभावित हो रहा है और गर्मी के महीनों में कुएं, नलकूप, झीलें, तालाब आदि उम्मीद से जल्दी सूख जाते हैं।

कुमाऊं और गढ़वाल हिमालय में ओक के जंगल सामान्य वातावरण को बनाए रखते हैं और ग्रामीण चारे, ईंधन और अन्य आवश्यकताओं के लिए इन वनों पर बहुत अधिक निर्भर हैं। लेकिन अब ओक के जंगल लोगों की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए नष्ट किए जा रहे हैं। इससे पर्यावरणीय स्थितियों में उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। ओक से जुड़ी समुदाय नष्ट हो रही है। यह औषधीय जड़ी-बूटियों और झाड़ियों के नुकसान का कारण बन सकता है जो ओक से जुड़ी होती हैं। चारे की उपलब्धता में कमी आएगी और पहाड़ी पारिस्थितिकी तंत्र में सदियों से चला आ रहा पशुधन संबंधी संबंध टूट जाएगा। रियो डी जेनेरियो में पृथ्वी शिखर सम्मेलन (1992) में वनों की कटाई से संबंधित मुद्दे पर प्रमुख चिंता जताई गई थी। यूएनसीईडी (संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण और विकास सम्मेलन) के एजेंडा 21 में कहा गया था कि ष्वनों की कटाई के कई कारण हैं, कुछ प्राकृतिक, लेकिन अन्य मुख्य रूप से मानव विकास के कारण हैं, जैसे अनुचित भूमि स्वामित्व प्रणाली और प्रोत्साहन, कृषि क्षेत्रों का विस्तार, वन उत्पादों की बढ़ती मांग और वनों के मूल्य के बारे में जानकारी और समझ की कमी।

वनों की कटाई के सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभाव:

1. **मृदा की क्षति–** प्रकृति को एक इंच मिट्टी बनाने में लगभग 1,000 वर्ष लगते हैं, जबकि भारत की 12,000 मीट्रिक टन ऊपरी मिट्टी हर साल नदियों के नीचे बह जाती है, लंदन में एक रिपोर्ट कहती है (10.1. सितंबर 24, 1986)।
2. **खाद्यान्न की हानि–** मृदा अपरदन के परिणामस्वरूप देश हर साल 300-500 लाख टन खाद्यान्न खो देता है।
3. **बाढ़ से होने वाली हानि–** बाढ़ प्रभावित क्षेत्र 1950 के दशक में हर

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

साल औसतन 6.4 मिलियन हेक्टेयर से बढ़कर 1980 के दशक में 9 मिलियन हेक्टेयर हो गया। 1981-86 की अवधि के दौरान बाढ़ से हुई हानि अकेले 50,000 मिलियन रुपये थी।

4. **हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र का खतरा-** पूरा हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र खतरे में है और गंभीर असंतुलन में है क्योंकि हिमरेखा पतली हो गई है और स्थायी झरने सूख गए हैं।

5. **वनों का ग्रीनहाउस में परिवर्तित होना-** आंध्र प्रदेश में समशीतोष्ण वन क्षेत्रों को ग्रीनहाउस में बदल दिया गया है और तूफानी बारिश की तरह बारिश के दौरान पिटाई की जाती है।

6. **सूखे की घटनाएँ-** राजस्थान राज्य में सूखा पड़ना बहुत आम है। इसका बड़ा हिस्सा बंजर भूमि में परिवर्तित हो रहा है। तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश जैसे क्षेत्रों में भी लगातार सूखे शुरू हो गए हैं जहां वे पहले कभी नहीं होते थे।

वनों की कटाई के कारण: वनों की कटाई के पीछे कई कारण हैं। वनों की कटाई के विभिन्न कारण इस प्रकार हैं:

1. **अतिचारण-** वनों में अतिचारण नए पुनर्जीवित विकास को नष्ट कर देता है। यह मिट्टी को अधिक संकुचित और अभेद्य भी बना देता है। जैविक पदार्थों के विनाश के कारण मिट्टी कम उपजाऊ हो जाती है। अत्यधिक चराई वाली मिट्टी में कुछ प्रजातियों के बीज अंकुरित नहीं होते हैं, जिससे प्रजातियों की संख्या में कमी आती है। अतिचारण से मरुस्थलीकरण भी होता है। घरेलू जानवर इस प्रकार अपनी प्राकृतिक चराई और चारे के समर्थन से वंचित हो जाते हैं। अतिचारण मिट्टी के अपरदन को भी तेज करता है। मिट्टी के अपरदन के परिणामस्वरूप खनिजों और पोषक तत्वों का ऊपरी मिट्टी से हटना होता है और मिट्टी की संरचना प्रतिकूल रूप से प्रभावित होती है, जो अंततः उत्पादकता को कम कर देती है। उपग्रह इमेजरी डेटा से पता चलता है कि चरागाह भूमि के तहत क्षेत्र गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। वनों में अनियंत्रित और अनियंत्रित चराई से वन की मिट्टी का क्षरण होता है और वनों का प्राकृतिक पुनर्जीवन प्रभावित होता है।

2. **झूम कृषि-** यह पूर्वोत्तर भारत में सबसे आम है। भारी जल अपरदन के कारण झूम खेती स्थानीय रूप से झूम कहा जाता है। कई किसान कृषि और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए वनों को नष्ट कर देते हैं और जब बार-बार खेती करने के कारण मिट्टी की उर्वरता समाप्त हो जाती है, तो एक नया वन क्षेत्र नष्ट हो जाता है। इसलिए किसानों को सलाह दी जानी चाहिए कि वे खेती के लिए उसी भूमि का उपयोग करें और उन्नत कृषि विधियों का उपयोग करें। अनुमान है कि हर साल लगभग एक मिलियन हेक्टेयर भूमि झूम कृषि के कारण बंजर हो जाती है।

3. **ईंधन की लकड़ी-** वनस्पति की अधिकतम क्षति ईंधन की लकड़ी के लिए की जाती है। कुल ईंधन लकड़ी के उपयोग में लगभग 85 प्रतिशत का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में और 15 प्रतिशत का उपयोग शहरी क्षेत्रों में किया जाता है। 1987 में शहरों में वार्षिक ईंधन लकड़ी की खपत 134 मिलियन टन थी। भारतीय वन सर्वेक्षण (1987) के एक अनुमान के अनुसार, देश में ईंधन की लकड़ी की वार्षिक मांग 235 मिलियन क्यूबिक मीटर थी। इस प्रकार ईंधन की लकड़ी वनों की कटाई का एक प्रमुख कारण है।

4. **वन की आग-** बार-बार आग लगने से भारत में वनों के विनाश का प्रमुख कारण है। कुछ आग आकस्मिक होती हैं जबकि उनमें से अधिकांश जानबूझकर लगाई जाती हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण (1996) द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, औसतन 63.1% वनस्पति आग से प्रभावित होती है। आंकड़े आगे बताते हैं कि आग हर साल लगभग 0.5 मिलियन हेक्टेयर वन को नष्ट कर देती है।

5. **काठ-** काठ और प्लाईवुड उद्योग मुख्य रूप से वनों के वृक्षों के विनाश के लिए जिम्मेदार हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण 1987 के अनुसार, वार्षिक मांग के मुकाबले 27 मिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक काठ की आवश्यकता थी, जबकि वनों से लकड़ी की अनुमेय कटाई केवल 12 मिलियन क्यूबिक मीटर थी।

6. **उद्योग स्थापना-** कभी-कभी कारखाने वनों को नष्ट करने के बाद स्थापित किए जाते हैं। इस प्रकार थोड़े से लाभ के लिए अपूरणीय क्षति होती है। इस प्रक्रिया में कीमती पौधे, वन्यजीव और दुर्लभ पक्षी नष्ट हो जाते हैं और पर्यावरण की गुणवत्ता प्रतिकूल रूप से प्रभावित होती है। कारखाने को बंजर भूमि पर शहरी आबादी से दूर स्थापित किया जाना चाहिए। पहाड़ियों में वन आधारित उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति वनों के विनाश का एक और प्रमुख कारण है। रेजिन और तारपीन उद्योग जैसे वन आधारित उद्योग भी पहाड़ियों में वृक्षों के विनाश के लिए जिम्मेदार हैं।

7. **वनों का अतिक्रमण-** भारत में वनों की कटाई का एक और कारण आदिवासियों द्वारा कृषि और अन्य उद्देश्यों के लिए वनों की भूमि का अतिक्रमण है। भारतीय वन सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 7 मिलियन हेक्टेयर वन भूमि का कृषि के लिए अतिक्रमण किया गया है। हालांकि ऐसी भूमि कृषि उत्पादन के लिए अच्छा योगदान देती है, लेकिन पर्यावरणीय खतरों को भी उत्पन्न करती है। इसलिए वन भूमि को कृषि भूमि में बदलना उचित नहीं है।

8. **वन रोग-** परजीवी कवक, रस्ट, वायरस और नेमाटोड के कारण होने वाली कई बीमारियों के कारण वनस्पति का मृत्यु और क्षय होता है। नेमाटोड के आक्रमण के कारण युवा पौधों का विनाश हो जाता है। दिल की सड़न, ब्लिस्टर रस्ट, ओक विल्ट, फ्लोएम नेक्रोसिस और डच एल्म रोग जैसी कई बीमारियां बड़ी संख्या में वृक्षों को नुकसान पहुंचाती हैं।

9. **भूस्खलन-** पहाड़ियों में भूस्खलन के कारण वनों की कटाई एक बड़ी चिंता का विषय है। यह देखा गया है कि भूस्खलन मुख्य रूप से उन क्षेत्रों में हुआ जहां पिछले कुछ दशकों से विकास गतिविधियां चल रही थीं। पहाड़ी इलाकों में सड़कों और रेलमार्गों का निर्माण, बड़े सिंचाई परियोजनाओं की स्थापना ने वनों को काफी हद तक नष्ट कर दिया है और अपक्षय की प्राकृतिक प्रक्रिया को तेज कर दिया है।

10. **कटाव का निर्माण-** बड़ी नदियों (यमुना और चंबल) के किनारे की वन और कृषि भूमि गंभीर कटाव के खतरे का सामना कर रही है। एक बार कटाव बनने के बाद, वे वनस्पति आवरण को नष्ट करते रहते हैं।

11. **जनसंख्या में वृद्धि-** भारत की जनसंख्या 1951 में 36 करोड़ थी। और यह हाल के वर्ष में 1.22 बिलियन तक पहुंच गई है। बढ़ती जनसंख्या को निवास के लिए भूमि की आवश्यकता होती है। इसलिए वे वनों की कटाई की आदत का उपयोग करते हैं।

निष्कर्ष - वनों की कटाई पर्यावरण के लिए एक गंभीर खतरा है। जब तक इस समस्या का तात्कालिक चिंता के साथ समाधान नहीं किया जाता, यह पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए हानिकारक साबित होगा। वन एक ऐसा स्रोत हैं जो पृथ्वी की जलवायु को संतुलित मोड में रखते हैं। वनों की कटाई पृथ्वी पर जलवायु के असंतुलित व्यवहार का कारण बनेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

रामनगर (मण्डला) का स्थापत्य (गोंड राजवंश के संदर्भ में)

महेन्द्र सिंह उइके*

* शोधार्थी (इतिहास) एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – रामनगर, मण्डला जिले का एक कस्बा है। यह मण्डला जिले से 20 किलोमीटर दूर नर्मदा नदी के तट पर स्थित है। नर्मदा नदी के दक्षिणी किनारे पर रामनगर रैयतबाडी में किले का निर्माण राजा ह्रदयशाह ने करवाया था। यह नगर गढ़ा-मण्डला के गोंडवंश की राजधानी बना। गोंड राजाओं के साथ बुन्देला वैमनस्य तथा दिल्ली दरबार की उपेक्षा का परिणाम था कि रामनगर नई राजधानी के रूप में विकसित हुआ। रामनगर को राजा ह्रदयशाह/हिरदैसाहि ने राजधानी बनाया। रामनगर में अलग अलग किले निर्मित किये गये जो समूह के रूप में है। जिसमें मोतीमहल, (राजमहल) रामभगत की कोठी, विष्णु मंदिर, बेगन महल, चौगान, दल बादल महल चौगान आदि है।

मार्ग– यह नगर मण्डला मुख्यालय से 28 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। रामनगर सड़क मार्ग द्वारा बस या निजी वाहन से पहुंचा जा सकता है।

इस स्थान पर गोंड नरेश ह्रदयशाह द्वारा निर्मित सुन्दर एवं भव्य महल है जो गोंड राजाओं की सर्वोत्तम कृति है। इसी महल में एक शिलालेख है जो राजा ह्रदयशाह ने अंकित कराया था, जिसे रामनगर शिलालेख कहा जाता है। इस शिलालेख में गोंड राजवंश की वंशावली लिखी गयी है जो इस वंश के आदि पुरूष यादवराय से प्रारम्भ एवं ह्रदयशाह पर समाप्त होती है।

भौगोलिक स्थिति – 'रामनगर की भौगोलिक स्थिति 22.59^{0} उत्तरी अक्षांश तथा 80.37^{0} पूर्वी देशान्तर है।'[1]

प्राकृतिक दृष्टि से रामनगर, सुरम्य वातावरण से युक्त स्थान है। इस नगर के आसपास सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला की पहाड़ियां हैं जो सघन वन से युक्त हैं। रामनगर को गोंड नरेश ह्रदयशाह ने अपनी राजधानी बनाया।

गढ़ा के शासकों की प्रथम राजधानी गढ़ा (जबलपुर) थी। इसी कारण गोंडवंश का गढ़ा का गोंड वंश या गढ़ा राज्य भी कहा जाता है। गढ़ा के साथ गढ़ा-कटंगा, गढ़ा-मण्डला का नाम भी जोड़ा जाता है।

गढ़ा के पश्चात् राजा दलपतिशाह के शासनकाल में राजनीतिक राजधानी का दर्जा सिंगोरगढ़ को प्राप्त हुआ। हालांकि गढ़ा को कभी विस्मृत नहीं किया गया। दलपतिशाह की असमय मृत्यु के पश्चात् राजा दलपतिशाह के अल्प वयस्क पुत्र वीरनारायण को गढ़ा-मण्डला राज्य का राजा घोषित किया गया।

'दलपतिशाह की मृत्यु के समय 'वीरनारायण की आयु 5 वर्ष की थी।'[2] कतिपय विद्वान कुंवर वीरनारायण की आयु के विषय में पृथक मत रखते हैं। रामभरोस अग्रवाल की पुस्तक 'गढ़ा-मण्डला के गोंड राजा' में 'दलपतिशाह की मृत्यु के समय वीरनारायण की आयु 3 वर्ष उल्लेखित है।'[3] वीरनारायण की माता रानी दुर्गावती ने अपने अल्प वयस्क पुत्र की संरक्षिका बन कर शासन किया। राज्य एवं राजधानी गढ़ा ही थी परन्तु राजा ह्रदयशाह सिंगौरगढ़ में रहना पसन्द करते थे। अत: राजनीतिक रूप से राजधानी का दर्जा सिंगौरगढ़ को प्राप्त था। इस समय गोंड राजाओं का प्रमुख राजकोष सतपुड़ा की पहाड़ियों में स्थित एवं सुरक्षित स्थाना चौरागढ़ दुर्ग में रहता था।

राजा प्रेमनारायण/प्रेमशाह के शासनकाल में मुख्यालय चौरागढ़ रहा। राजा प्रेमनारायण की हत्या बुन्देला शासक जुझार सिंह ने कर दी। प्रेमनारायण के पुत्र राजा ह्रदयशाह के समय भी मुख्यालय चौरागढ़ दुर्ग ही था।

मुगल शासक शाहजहां के काल मे ओरछा के शासक पहाड़सिंह ने चौरागढ़ पर आक्रमण किया, शाहजहां द्वारा चौरागढ़ का जागीरदार पहाड़सिंह को बनाया गया था। राजा ह्रदयशाह को चौरागढ़ छोड़ना पड़ा। इस राजा ह्रदयशाह ने रामगढ़ को राजधानी बनाने का निर्णय लिया और रामनगर में नयी राजधानी के भवनों का निर्माण कराया। 'रामनगर में सन् 1652 में राजधानी स्थापित हुयी। रामनगर में जो शिलालेख हैं वह शिलालेख सन् 1667 ई. का है।'[4]

शिलालेख लिखे जाने के समय तक रामनगर के दुर्ग सदृष महल के समस्त भवन निर्मित हो चुके थे। बाद में निर्माण कार्य होते रहे होंगे ऐसा कहा जा सकता है।

रामनगर का राजा का महल जो मोती महल के नाम से प्रसिद्ध है। रामनगर के प्रमुख स्मारकों में मोतीमहल, रानी महल, बादल महल, रायभगत की कोठी एवं विष्णु मन्दिर हैं। सभी स्मारक मिश्रित शैली में निर्मित हैं। विशेष रूप से निवास स्थानों में मुस्लिम कालीन (ईरानियन) कला शैली का विशेष प्रभाव दिखलाई देता है। मोती महल यह महल नर्मदा के तट पर स्थित है। यह महल उत्तर दिशा की तरफ सामना है यह महल चौकौन बनाया गया है 212 फीट लम्बा एवं 200 फीट चौडा है। इस महल मे केन्दीय खूला आंगन है। जो 167 फीट ग 156 फीट लम्बा चौडा है। जिसके मध्य में एक पानी का कुण्ड है। यह किला तीन मंजिला बनवाया गया है जो कि सकरी सीढियों के रास्ते से जुडा है। महल में शाही शयन कक्ष बडे बडे दरबार कक्ष, नृत्य कक्ष, शाही रसोई कक्ष, नर्मदा की ओर मुख बाले अनेकों बरामदें, छत, है। मोतीमहल में तहखाने भी है जो सुरंग के माध्यम से जुडे है। बर्षा के पानी के बहाव के लिये भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। मोती महल पत्थरों से बनाया गया एक वास्तुकला की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण महल है। जो ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में माना जाता है।

रामनगर सबसे प्रसिद्ध एवं विशाल स्मारक है। इस महल को दुर्ग का स्वरूप प्रदान करने का प्रयास किया गया है। इस स्मारक के उत्तार में नर्मदा नदी प्रवाहमान है। इसी तरफ इस महल का प्रमुख द्वार था। महल की अन्य दिशाओं में भी कई और द्वार रहे होंगे।

मोतीमहल का आकार आयताकार है। इस महल के मध्य में एक विशाल प्रांगण है। प्रांगण के मध्य एक विशाल जलकुण्ड है। यह स्मारक तीन मन्जिला है। इस महल निर्माण शैली में मेहराब तथा गुम्बद का प्रयोग किया गया है। यह शैली मुगलशैली कहलाती है। वस्तुत: यह निर्माण शैली ईरानी शैली है। मोतीमहल के प्रांगण के चारों ओर कक्ष निर्मित हैं। ये कक्ष भी आयताकार हैं अर्थात् लम्बाई में अधिक तथा चौड़ाई में कम। इन कक्षों के सम्मुख बरामदे हैं जो इस महल की भव्यता बढ़ा देते हैं। अधिकतर निर्माण सादा हैं फिर भी अलंकरण मिल जाता है। समस्त भवनों कक्षों पर चूने का प्लास्टर किया गया है। मोतीमहल के सबसे ऊपर के भाग के कोण कक्षों पर गुम्बद निर्मित किये गये हैं।

स्नानागार – मोतीमहल के प्रांगण में एक विशाल स्नानागार है। जिसे कुण्ड भी कहा जाता है। यह जलकुण्ड दो तल में विभक्त है। ऊपरी तल की लम्बाई 95.54 फुट तथा चौड़ाई 83.64 फुट है। यह तल 4.26 फुट गहरा है। यह कुण्ड भी मोतीमहल की तरह आयताकार है। पूर्व से पश्चिम दिशा की लम्बाई 95.54 फुट तथा उत्तार से दक्षिण दिशा में चौड़ाई 83.64 फुट है।

कुण्ड का निचला तल – पूर्व से पश्चिम दिशा में 76.19 फुट लम्बा तथा 48.34 फुट चौड़ा है। इसकी गहराई 3.93 फुट है।

भागवतराय (रायभगत) की कोठी – रामनगर के स्मारकों में रायभगत की कोठी एक प्रमुख स्मारक है। यह स्मारक मोतीमहल से लगभग 250 मीटर की दूरी पर स्थित है। यह स्मारक एक ऊँचे प्लेटफार्म पर स्थित है। यह प्रवेश द्वार दो मन्जिला है। प्रवेशद्वार में सफेद पत्थर का प्रयोग किया गया है। प्रवेश की पहली मन्जिल पर द्वार एवं गवाक्षयुक्त कक्ष हैं। उसके ऊपर मुण्डेर युक्त छत है। इस किलो को हृदयशाह के कार्यकाल में निर्मित किया गया था जो कि उनके दीवान रामभगत के लिये ही बनाई गई थी। यह मोतीमहल से 500 मीटर दूर है, इसे मंत्री महल भी कहा जाता है। यह भवन दक्षिण दिशा की ओर सामना है। भवन के मुख्य द्वार पर उँची चादर की बाडी बनाई गई है। यह महल अधिक व्यवस्थित तरीके से बनाया गया है। इसके चारों कोनों पर गुम्बद है। बीच में आंगन है। महल में कलाकृत चित्रित छत है। सभी कक्ष बडे, व आंगन से जुडे है। यह स्मारक भी 1984 से राज्य संरक्षित स्मारक से जुडा है।

रायभगत की कोठी अन्दर से मोती महल जैसा भवन है। यह भवन चौकोर है। तीन मन्जिला भवन के बीच में चौकोर प्रांगण हैं, प्रांगण के मध्य वर्गाकार जलकुण्ड है जिसमें वर्तमान समय में कमल पुष्प पल्लिवित हैं। आंगन के चारों ओर बरामदे हैं तथा बरामदों के पीछे वर्गाकार कक्ष निर्मित किये गये थे। कोठी के चारों ओर के कोणों पर चार गुम्बद निर्मित हैं जो कि मध्यकालीन स्थापत्य कला का सुन्दर उदाहरण है।

'भागवतराय का यह भवन गोंड नरेश हृदयशाह द्वारा निर्मित कराया गया था। भागवत राय राजा हृदयशाह के दरबार का मन्त्री था।'

दल बादल महल –भगवत राय की कोठी से कुछ दूरी पर दल–बादल नाम का एक स्मारक है। यह स्मारक भी राजा हृदयशाह के शासनकाल में निर्मित हुआ इसे हवामहल भी कहा जाता है। यह स्मारक वर्गाकार है। स्मारक के चारों ओर गजपृष्ठाकार मेहराबें दिखलाई देती हैं। यह महल भी तीन मन्जिला भवन है जिसमें सौन्दर्य का आनन्द लेने हेतु निर्मित किया गया होगा।

रानीमहल रामनगर – राजाहृदयशाह के शासनकाल में निर्मित यह भवन रानीमहल और बेगम महल भी कहा जाता है। बेगम महल मोती महल से लगभग 2–5 किलोमीटर दूर उत्तर पूर्व दिशा में स्थित है। राजा हृदयशाह द्वारा चिमनी रानी (जो राजा हृदयशाह की दूसरी पत्नि) के नाम से बनाया गया है। चिमनी रानी मुगल परिवार से थी यह महल भी तीन मंजिल का मुगल शैली का प्रभाव वाला महल है। महल में उपर की ओर गुम्बद बनाये गय है। यह महल उत्तर पश्चिम सामना वाला महल है। महल में पानी का कुण्ड भी बनाया गया है। यह भवन सुन्दर एवं रमणीय स्थान पर निर्मित है। यह भवन कहीं–कहीं तीन मन्जिला और कहीं चार मन्जिला है। यह महल अनेक कक्षों से युक्त एक आयताकार भवन है। जिसके चारों कोणों पर गुम्बद निर्मित किये गये हैं। इस भवन को एक ऊँची जगती पर निर्मित किया गया है। महल अब भी दृढ़ स्थिति में है।

इस स्मारक में मुगल स्थापत्य कला का आधिपत्य है। इस स्मारक में एक सुन्दर बावडी है जिसमें अब भी वर्ष भर पानी रहता है।

विष्णु मन्दिर – राजा हृदयशाह के शासनकाल में रामनगर में एक विष्णु मन्दिर का निर्माण उनकी पत्नी सुन्दरी देवी ने कराया था। यह मन्दिर मोतीमहल के पास ही है। इस मन्दिर का निर्माण मध्यकालीन स्थापत्य शैली में पंचायतन शैली के अन्तर्गत किया गया है। यह मंदिर मोतीमहल से 30 किलोमीटर दूर है। महल दक्षिण–पश्चिम दिशा में बना है। चौकोन निर्माण है। महल के अंदर भी चौकोन कक्ष है। जिसपर गुम्बद बनाये गये है। चारों कौनों में छोटे–छोटे गुम्बद बनाये गये है। चारों तरफ खुला बरामदा है। इस मंदिर में विष्णु जी की मूर्ति के अलावा, शिव, गणेश, सूर्य एवं दुर्गा जी भी विराजमान है। यह मंदिर भी 1984 में राज्य संरक्षित स्मारक घोषित किया गया है।

मन्दिर के चार कोणों पर चार कक्ष हैं और उन कक्षों पर गुम्बद निर्मित हैं। इसमें प्रमुख देव श्री हरि विष्णु हैं मन्दिर उन्हीं को समर्पित था। इसके अतिरिक्त भगवान विष्णु के इस मन्दिर में भगवान शिव, गणेश, सूर्य एवं एक देवी की प्रतिमा थी। वर्तमान समय में मन्दिर प्रतिमाओं से रिक्त है। इस मन्दिर की अधिकांश प्रतिमायें जिला संग्रहालय मण्डला में संरक्षित हैं।

रामनगर किला

रामनगर किला में स्थित शिलालेख

रामनगर किला (राजधानी)

मोतीमहल प्रांगण में स्नानागार

राम भगवत राय की कोठी

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गूगल नेट से साभार।
2. सिंह, डॉ. रामसिया, पृष्ठ 92
3. अग्रवाल, रामभरोस- गढ़ा मण्डला के गोंड राजा, गोंडी पब्लिक ट्रस्ट, मण्डला विक्रम सम्बत- 2068, पृष्ठ 48
4. सिंह, डॉ. रामसिया, पृष्ठ- 151
5. सिंह, डॉ. रामसिया पूर्वोक्त पृष्ठ -151
6. छायाचित्र शोधार्थी द्वारा स्वयं संकलित।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

शिक्षक-शिक्षा का पुनरूद्धार : शिक्षक-शिक्षा कार्यक्रम की भूमिका

केशव लाल गुप्ता*

* सहायक आचार्य, भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय,गंगापुर सिटी एवं शोधार्थी, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा (राज.) भारत

